राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 138, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली रविवार 03 दिसंबर 2023, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

दिल्ली : तिहाड़ जेल में फर्जी तरीके से भर्ती हुए 50 कर्मचारी सस्पेंड

.... पेज 03


15 दिसंबर तक बनकर तैयार हो जाएगा अयोध्या का इंटरनेशनल एयरपोर्ट

.... पेज 05

आईएसएल में ओडिशा एफसी ने जमशेदपुर एफसी को 1-0 से हराया

.... पेज 07

राम मंदिर



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह ने अयोध्या जिले में उद्घाटन समारोह से पहले निर्माणाधीन राम मंदिर का निरीक्षण किया।

चार राज्यों के विस चुनाव नतीजे

## कौन मारेगा चौका, कौन होगा बोल्ड

नयी दिल्ली । वर्ष 2024 में दिल्ली की गद्दी के लिए होने वाले चुनाव से पहले सत्ता का सेमीफाइनल कौन जीतेगा , चार राज्यों के विधानसभा चुनाव का फाइनल स्कोर क्या रहेगा , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अगले लोकसभा चुनाव से पहले गुड न्यूज मिलेगी या कांग्रेस नेता राहुल गांधी चौका लगाएंगे , मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान, राजस्थान में अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल अपनी सरकार बचा पाएंगे या नहीं। इन सारे सवालों के जवाब मिलने में अब चंद घंटे बाकी हैं।

रविवार सुबह सात बजे से मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में शुरू होगी वोटों की गिनती। सबसे पहले बैलेट वोट गिने जाएंगे, सुबह आठ बजे से आने लगेगा चार राज्यों से नतीजों की शुरुआती रुझान।

मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के बीच कड़ी टक्कर है जबकि तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को अपनी सत्ता बचाने के लिए कांग्रेस से संघर्ष करना पड़ सकता है।

मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में नई सरकार बनने वाली है। इन पांच राज्यों की 675




विधानसभा सीटों के लिए मतदान की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। रविवार को सिर्फ चार राज्यों के 635 सीटों पर ही वोटों की गिनती होगी। मिजोरम के उम्मीदवारों के चुनावी भाग्य का फैसला अब चार दिसंबर को होगा।

राजस्थान में विधानसभा की 200 सीटें हैं, मगर वहां कांग्रेस उम्मीदवार के निधन के बाद 199 सीटों पर ही मतदान हुआ। एग्जिट पोल के नतीजों के अनुसार, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे का मुकाबला है, जबकि राजस्थान में भाजपा का पलड़ा भारी है।

हिंदी प्रदेश के तीन राज्यों में 519 सीटों पर फैसला होना है। एग्जिट पोल्स के मुताबिक, 119 विधानसभा वाली तेलंगाना में कांग्रेस ने बढ़त ली है। निर्वाचन आयोग मतगणना की तैयारियां पूरी कर चुका है। वोटों की गिनती रविवार सुबह सात बजे शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट गिने जाएंगे। इसके बाद सभी पार्टियों के प्रतिनिधियों के सामने ईवीएम से मतगणना शुरू होगी।

लोगों की नजरें मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजों पर टिकी हैं। गत 17 नवंबर को मध्यप्रदेश की 230 सीटों पर वोटिंग हुई थी। सवाल यह है कि क्या कमलनाथ तीन साल पहले छीनी गई सत्ता दोबारा हासिल करेंगे या शिवराज सिंह चौहान की लाडली बहना उन्हें फिर से सीएम की कुर्सी सौंपेगी।

विधानसभा चुनाव 2023 में मध्यप्रदेश की जनता ने 66 साल का रेकॉर्ड तोड़ दिया। मध्य प्रदेश में इस बार रेकॉर्ड 76.22 प्रतिशत मतदान हुआ। मल्हारगढ़, जावद, जावरा, शाजापुर, आगर मालवा, शुजालपुर, कालापीपल और सोनकच्छ में 85 फीसदी से अधिक वोटिंग हुई। बंपर वोटिंग के बाद सरकार बदलने की चर्चा भी गरम रही। गत 30 नवंबर को आए एग्जिट पोल ने इशारा दिया कि मध्यप्रदेश में मामला एकतरफा नहीं है। कांग्रेस और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर है। ग्वालियर-चंबल संभाग की 34 सीटों के नतीजे 2018 की तरह नहीं होंगे। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को इस बेल्ट में एकतरफा जीत मिली थी। तब कांग्रेस को 26 और भाजपा को सिर्फ सात सीटें मिली थीं। वर्ष 2018 के चुनाव के बाद कांग्रेस ने पहले सरकार बनाई थी, मगर 19 महीने बाद ही ज्योतिरादित्य सिंधिया की बगावत के बाद सत्ता बदल गई थी। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में भी दोनों पार्टियों के बीच कड़ी टक्कर हुई थी।

तब कांग्रेस को 40.89 फीसदी वोट मिले थे, जबकि भाजपा को 41 फीसदी वोट मिले थे। इस बार मालवा और निमाड़ में भी भाजपा को फायदा मिल सकता है। शिवराज सिंह चौहान, नरोत्तम मिश्रा, कमलनाथ, जीतू पटवारी, नरेंद्र सिंह तोमर, रीति पाठक, गणेश सिंह, कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद सिंह पटेल, राकेश सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते जैसे दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। मध्यप्रदेश के परिणाम तय करेंगे कि जीतेगा कौन ,कमलनाथ या शिवराज सिंह चौहान।

## 4716 करोड़ के फर्जी जीएसटी बिल बनाने वाले चार गिरफ्तार

### बनाया गया था 178 फर्जी कंपनियों का नेटवर्क

कोलकाता। बंगाल के वाणिज्यिक कर निदेशालय (राज्य जीएसटी) ने 4,716 करोड़ रुपये के फर्जी जीएसटी बिल बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इस संबंध में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। निदेशालय के इतिहास में 1941 के बाद से यह पहली बार है कि गिरफ्तारियां सीधे इसके जांच ब्यूरो के तहत की गई हैं। पहले गिरफ्तारी के लिए पुलिस की मदद ली जाती थी। वाणिज्यिक कर निदेशालय के आयुक्त खालिद अनवर ने बताया कि दोनों रैकेटों में 801 करोड़ रुपये की भारी कर चोरी शामिल थी।अतिरिक्त आयुक्त सुदेशना मुखोपाध्याय ने कहा कि इन दोनों रैकेटों में शामिल कुल कारोबार 4,716 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि जांच से पता चला है कि चार ऑपरेटरों ने बंगाल में 178 फर्जी कंपनियों का एक नेटवर्क बनाया, और 801 करोड़ रुपये की कर चोरी करने के लिए फर्जी बिल जारी किए।

## सड़क हादसे में तीन युवक की मौत

बगहा । बिहार में पश्चिमी चंपारण जिले के बगहा थाना क्षेत्र के मंगलपुर गांव के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 727 पर शनिवार देर शाम एक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि मंगलपुर एसएसबी कैंप के पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 727 पर गन्ना से लदे तेज रफ्तार एक ट्रक ने मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। इस दौरान घटनास्थल पर ही मोटरसाइकिल पर सवार तीनों युवकों की मौत हो गई।

## सर्वदलीय बैठक में विपक्ष से अपील-सदन चलने में सहयोग करें

### सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार; महुआ पर फैसला लोकसभा स्पीकर करेंगे

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र से पहले सरकार ने कहा है कि वह सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है, बशर्ते विपक्ष सदन में अनुकूल माहौल सुनिश्चित करे और कार्यवाही को सुचारू ढंग से चलने दे।

यह बात सत्र शुरू होने से एक दिन पहले हुई ऑल पार्टी मीटिंग के दौरान कही गई। यह बैठक मध्यप्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव परिणाम आने से ठीक पहले हुई। उधर, 17वीं लोकसभा का विंटर सेशन भी 4 दिसंबर से शुरू



हो रहा है। 22 दिसंबर तक चलने वाले सत्र में 19 बिल और 2 फाइनेंशियल आइटम्स पर चर्चा होनी है।

मीटिंग में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के अलावा कांग्रेस सांसद जयराम रमेश, प्रमोद तिवारी, झारखंड मुक्ति मोर्चा सांसद महुआ माजी मौजूद रहे। विपक्षी नेताओं ने मीटिंग के दौरान क्रिमिनल लॉ के अंग्रेजी नामकरण की मांग, महंगाई, जांच एजेंसियों के दुरुपयोग और मणिपुर के मुद्दों को भी उठाया। मीटिंग खत्म होने के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। बशर्ते विपक्ष चर्चा के लिए माहौल बना रहने दे। इसलिए विपक्ष से सदन को सुचारू रूप से चलने देने का अनुरोध किया गया है।

### 19 दिन चलेगा संसद का शीतकालीन सत्र

संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर से शुरू हो रहा है, जो 22 दिसंबर तक चलेगा। यह 17वीं लोकसभा का आखिरी सत्र है। 19 दिन के इस सेशन के दौरान 15 बैठकें होंगी। इसके बाद केवल विशेष बजट सत्र बुलाया जाएगा, जिसमें मौजूदा मोदी सरकार अंतरिम बजट पेश करेगी। अगले साल मई 2024 में लोकसभा चुनाव होंगे। जिसके बाद 18वीं लोकसभा का सत्र नई सरकार के आने पर बुलाया जाएगा।

## एनआईए ने जाली नोटों के रैकेट का किया भंडाफोड़; चार राज्यों में हुई छापेमारी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने देश के विभिन्न हिस्सों में चल रहे जाली नोटों के रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई के दौरान उत्तर प्रदेश समेत देश के चार राज्यों में हुई छापेमारी में नकली नोट, करेंसी प्रिंटिंग पेपर, प्रिंटर और डिजिटल गैजेट जब्त किए गए हैं।

### कई धाराओं के तहत दर्ज मामले में हुई कार्रवाई

एनआइए अधिकारियों ने बताया कि




भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी, 489बी, 489सी और 489डी के तहत 24 नवंबर को दर्ज एक मामले की जांच के तहत यह छापेमारी की गई। यह मामला संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा सीमा पार भारतीय करेंसी की तस्करी और भारत के विभिन्न राज्यों में इसके प्रसार को बढ़ावा देने के लिए रची गई एक बड़ी साजिश से संबंधित है।

एनआइए की टीमों ने उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर और महाराष्ट्र, बिहार और कर्नाटक में अन्य स्थानों पर छापेमारी की। एनआइए की टीमों ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में आरोपित राहुल तानाजी पाटिल उर्फ जावेद, उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में विवेक ठाकुर उर्फ आदित्य सिंह और कर्नाटक के बल्लारी जिले में महेंद्र के परिसरों की तलाशी ली।

## पंजाब के किसान अब छेड़ेंगे पानी के लिए आंदोलन : चंडीगढ़ में 18 जनवरी से प्रदर्शन

चंडीगढ। पंजाब के किसानों ने एक बार फिर केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन का ऐलान कर दिया है। इस बार वह पानी के लिए सड़क पर उतरेंगे। किसान संगठनों ने 18 जनवरी से चंडीगढ़ में आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। किसान नेता अपने आंदोलन के लिए जगह वगैरह मुहैया कराने के लिए 8 जनवरी को चंडीगढ़ प्रशासन के अधिकारियों से मिलेंगे।

किसान संगठनों का आरोप है कि केंद्र में नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार सत्ता का दुरुपयोग कर पंजाब से पानी दूसरे प्रदेशों में भेजने के लिए दबाव बना रही है।

18 जनवरी से पहले किसान संगठनों की ओर से पंजाब के गांवों में आंदोलन



की जानकारी पहुंचाने के लिए एक लाख पोस्टर भी बांटे जाएंगे। किसान संगठन इस बार पानी के साथ-साथ चंडीगढ़ के फेडरल स्ट्रक्चर का मुद्दा भी उठाएंगे। पंजाब में गिरते भूजलस्तर को लेकर भी इस प्रदर्शन में आवाज उठाई जाएगी।

### 5 किसान संगठनों की बैठक में फैसला

चंडीगढ़ के सेक्टर 35 स्थित किसान भवन में शनिवार को 5 अलग-अलग किसान संगठनों की बैठक में यह फैसला लिया गया। इस मीटिंग में भारतीय किसान यूनियन की तरफ से बलबीर सिंह राजेवाल, ऑल इंडिया किसान फेडरेशन की तरफ से प्रेम सिंह, किसान संघर्ष कमेटी की तरफ से कमलप्रीत पन्नू, भारतीय किसान यूनियन मानसा की तरफ से भोग सिंह और आजाद किसान संघर्ष कमेटी की तरफ से हरजिंदर सिंह टांडा के साथ कई अन्य किसान नेताओं ने हिस्सा लिया।

बैठक में आंदोलन से जुड़ी तैयारियों पर चर्चा की गई। इन पांचों संगठनों की अब तैयारियों की समीक्षा के लिए 23 दिसंबर को फिर मीटिंग होगी।

## राजौरी में सीएएसओ के दौरान पुलिस ने नष्ट किया आईईडी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में शनिवार को पुलिस द्वारा घेराबंदी और तलाशी अभियान (सीएएसओ) के दौरान एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का पता लगाने और उसे नष्ट करने के बाद एक बड़ी त्रासदी टल गई। पुलिस ने कहा कि राजौरी जिले के पुलिस स्टेशन दरहाल के टोपा, हिल टाक इलाकों में कुछ संदिग्ध गतिविधियों को लेकर पुलिस और सुरक्षा बलों ने एक संयुक्त रूप से सीएएसओ चलाया था। प्रवक्ता ने आगे बताया कि सीएएसओ के दौरान आईईडी देखा गया जिसे बम निरोधक दस्ते की मदद से मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

## आगरा में भीषण सड़क हादसा, 6 की मौत

### दो ट्रक के बीच फंसा ऑटो; 13 साल के बच्चे का सिर धड़ से अलग हुआ

आगरा। आगरा में शनिवार को तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो में सवार 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक सवारी की हालत गंभीर है। मरने वालों में दो महिलाएं, दो पुरुष और एक 13 साल का बच्चा शामिल है। हादसा इतना भीषण था कि एक बच्चे का सिर धड़ से अलग हो गया। घटना के पौने दो घंटे बाद आगरा-दिल्ली नेशनल हाईवे को पुलिस ने जाम को खाली करवाया। घटना गुरुद्वारा गुरु का ताल के सामने की है।

### दो ट्रकों के बीच में फंसा ऑटो

एक ऑटो 8 सवारियों को लेकर



भगवान टॉकीज की तरफ से सिकंदरा की तरफ जा रहा था। यहां गुरुद्वारा गुरु का ताल पर कट है। ऑटो के आगे एक ट्रक चल रहा था। इसी बीच पीछे से एक ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। इससे ऑटो दो ट्रकों के बीच में फंस गया।

### स्कूल से लौट रही महिला टीचर की मौत

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सवारियों के शवों के टुकड़े हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घायल को पास के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मृतक महिला मोनिका सेंट एंड्राइड स्कूल की टीचर हैं। वह स्कूल से पढ़ाकर घर लौट रही थी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, घटना में एक टक्कर लगने के बाद दूर जाकर गिरा। हादसे के मंजर को देखकर वह डर कर भाग गया। इसके साथ ही ट्रक ड्राइवर ट्रक को छोड़कर भाग गया।

हादसे की सूचना पर डीएम भानु चंद्र गोस्वामी घटनास्थल पर पहुंचे। डीएम के सामने रोते-बिलखते पति ने कहा, मेरी पत्नी 15 मिनट तक सड़क पर तड़पती रही, भीड़ पत्नी का वीडियो बना रही थी।

स्थानीय लोगों ने फोन पर हादसे की सूचना दी। 7 किलोमीटर दूर घर में मैं खुद बाइक से घटनास्थल पर पहुंच गया।

पुलिस काफी देर तक नही आई। उधर, पुलिस ने शवों की पहचान करने के लिए ऑटो के अंदर जांच की। इस दौरान पुलिस को एक बैग मिला। उस बैग में एक स्वेटर, एक कोट और एक स्कूल का आई कार्ड था।

घूसखोर

### डॉक्टर से 51 लाख मांगे थे; 5 महीने में सेंट्रल एजेंसी का तीसरा अफसर पकड़ा गया

## तमिलनाडु में ईडी अफसर 20 लाख रुपये घूस लेते गिरफ्तार

मदुरै। तमिलनाडु में ईडीके एक अफसर को 20 लाख रुपए घूस लेने के आरोप में राज्य की एंटी करप्शन और विजिलेंस टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ईडी के अफसर का नाम अंकित तिवारी है। वह मदुरै ईडी ऑफिस में पोस्टेड है। स्टेट एजेंसीज ईडी ऑफिस और तिवारी के घर की जांच कर रही है।

स्टेट एजेंसीज के मुताबिक, ईडीअधिकारी ने एक सरकारी डॉक्टर को पुराने मामले में डरा-धमकाकर 3 करोड़ रुपए की डिमांड की थी। हालांकि, बाद में 51 लाख रुपए पर डील फाइनल हुई। डॉक्टर ने घूस की पहली किस्त के रूप में 1 दिसंबर को



20 लाख रुपए दे दिए और विजिलेंस टीम को शिकायत कर दी। पिछले पांच महीने में घूस लेने के आरोप में केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी के अफसर की यह तीसरी गिरफ्तारी है। इससे पहले CBI ने अगस्त में दिल्ली शराब नीति मामले में 5 करोड़ रुपए रिश्वत लेने के आरोप में ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर पवन खत्री को गिरफ्तार किया था। इसके अलावा 2 नवंबर को जयपुर एसीबी ने ईडी के इंस्पेक्टर लेवल के एक अधिकारी नवल किशोर मीणा और उसके एक सहयोगी बाबूलाल मीणा को 15 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था।

### तिवारी ने पुराने केस का हवाला देकर डॉक्टर को धमकाया

एंटी करप्शन और विजिलेंस टीम के मुताबिक, 29 अक्टूबर को अंकित तिवारी ने डिंडीगुल के एक सरकारी डॉक्टर से संपर्क किया। उसने डॉक्टर को बताया कि उनके खिलाफ एक केस दर्ज हुआ है, जबकि वो मामला पहले ही निपटाया जा चुका है। अंकित ने डॉक्टर से यह भी कहा कि इस मामले में ईडी को पीएम ऑफिस से जांच के आदेश मिले हैं। आप 30 अक्टूबर को मदुरै ऑफिस आइए।

### पहले 3 करोड़ मांगे, फिर 51 लाख में डील फाइनल हुई

आरोपी श्रष्ठ के अफसर अंकित तिवारी की बात सुनकर डॉक्टर अगले दिन ईडी ऑफिस पहुंचा। तिवारी उसकी कार में बैठ गए और कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए 3 करोड़ रुपए की डिमांड की। डॉक्टर ने कुछ पैसे कम करने का अनुरोध किया और वहां से चला गया। अंकित ने डॉक्टर को फोन पर बताया कि उसने अपने सीनियर अफसर से बात की है। वे 51 लाख रुपए पर सहमत हुए हैं। डॉक्टर भी 51 लाख रुपए देने पर सहमत हो गया।

## 2 लाख कर्मचारियों की सैलरी रुकी

अमृतसर। पंजाब स्टेट मिनिस्ट्रियल कर्मचारी यूनियन बीते 8 नवंबर से हड़ताल पर है। पंजाब स्टेट मिनिस्ट्रियल सर्विसेज यूनियन के आह्वान पर ये हड़ताल 6 दिसंबर तक जारी रहने का अनुमान है। इस हड़ताल के चलते पंजाब के 50 के करीब विभागों के लगभग 2 लाख कर्मचारियों का वेतन रुक गया है। 8 नवंबर से शुरू हुई इस हड़ताल को खत्म कराने के लिए पंजाब सरकार से कोई संदेश न मिलने के बाद बीते दिनों इस हड़ताल को 6 दिसंबर तक बढ़ा दिया गया था। अगर, अभी भी बात न हुई तो हड़ताल और आगे बढ़ाई जा सकती है। पीएसएमएसयू अमृतसर के जनरल सेक्रेटरी जगदीश ठाकुर ने बताया कि ट्रेजरी विभाग के कर्मचारी भी हड़ताल पर हैं।

## 5 दिसंबर को आंध्र प्रदेश से टकराएगा मिचौंग तूफान

### नागपट्टनम में 100 मीटर पीछे खिसका समुद्र

एजेंसी

चेन्नई। बंगाल की खाड़ी में बन रहा कम दबाव का क्षेत्र शनिवार को डीप डिप्रेशन में बदल गया। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटे में यह चक्रवात का रूप ले लेगा। इस तूफान का नाम मिचौंग रखा गया है।

आईएमडी ने बताया, 3 दिसंबर से तूफान उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा। 5 दिसंबर की सुबह तूफान आंध्र प्रदेश के नेल्लोर और मछलीपट्टनम तट को पार करेगा।

उस समय तूफान की स्पीड 80-90 किमी प्रति घंटे होगी। यह 100 किमी प्रति घंटे तक भी पहुंच सकती है।

चक्रवात के असर से नागपट्टनम जिले के वेलानकन्नी बीच पर समुद्र 100 मीटर पीछे चला गया है, जहां किनारे की चौड़ाई बढ़ गई है।

वहीं, तमिलनाडु के कई जिलों में भारी बारिश हो रही है।

विशाखापत्तनम साइक्लोन वार्निंग सेंटर की एमडी सुनंदा ने न्यूज एजेंसी से बातचीत में कहा, 3 दिसंबर से तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश तट पर हवाएं और बारिश बढ़ जाएगी। दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश में मध्यम वर्षा और कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना है।

## शार्ट न्यूज

### मीडिया पॉलिसी में संशोधन को लेकर ज्ञापन सौंपा

सिरसा। हरियाणा सरकार की ओर से पेंशनधारक पत्रकारों पर कोई मुकदमा दर्ज होने की स्थिति में पेंशन से वंचित करने,परिवार में एक मात्र सदस्य को मीडिया पॉलिसी के तहत पेंशन देना के किए गए संशोधन पर एतराज जताते हुए सिरसा के पत्रकारों ने राज्यसभा सांसद व वरिष्ठ कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा को सिरसा प्रवास के दौरान एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि पत्रकारों पर थोपे गए इस तुगलकी फरमान को वापिस करवाने के लिए शीतकालीन सत्र में विधानसभा में उठाया जाए। पत्रकारों के शिष्टमडल का मीडिया फाउंडेशन के चेयरमैन बलजीत सिंह,द पैस कल्ब सिरसा के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार व हरियाणा पैंशनर्स पत्रकार संघ के अध्यक्ष बी के दीवाकर ने किया। संशोधित पेंशन नीति में कहा गया है कि अगर किसी पत्रकार पर एफआईआर दर्ज हुई तो उसे पेंशन नहीं दी जाएगी।महज एफआईआर दर्ज होने से ही कोई व्यक्ति दोषसिद्ध नहीं हो जाता। ऐसे में केवल एफआईआर दर्ज होने पर उसे पेंशन से वंचित करना न्यायसंगत नहीं है। एक परिवार में एक ही सदस्य को पत्रकार पेंशन के लायक समझना पत्रकार का अपमान है। अगर पत्रकार की पत्नी, भाई या कोई अन्य पारिवारिक सदस्य भी पत्रकारिता से जुड़ा हो तो उसे पेंशन से वंचित कैसे किया जा सकता है।

### राजस्थान विधानसभा चुनाव में 18-19 वर्ष की आयु के मतदाता मतदान में रहे अव्वल

जयपुर। राजस्थान में गत 25 नवंबर को हुए विधानसभा आम चुनाव-2023 में 18-19 वर्ष आयु के सर्वाधिक 75.34 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान करने में अव्वल रहे। निर्वाचन विभाग के प्राप्त आंकड़ों के अनुसार इस चुनाव में 20 से 25 वर्ष के मतदाताओं में से 69.58 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया जबकि 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं में 68.75 प्रतिशत मतदाता अपने मत का प्रयोग किया। 18-19 वर्ष की आयु के 22 लाख 61 हजार आठ मतदाताओं में से 17 लाख तीन हजार 386 मतदाताओं ने वोट डाले। इसी तरह 20 से 25 वर्ष की आयु के 75 लाख 44 हजार 172 मतदाताओं में 52 लाख 49 हजार 464 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया जबकि 80 वर्ष से अधिक आयु के 11 लाख 67 हजार 474 मतदाताओं में से आइ लाख दो हजार 643 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। प्रतापगढ़ जिले में सर्वाधिक 93.81 प्रतिशत 18-19 वर्ष की उम्र के मतदाताओं ने मतदान किया जबकि 64.19 प्रतिशत सबसे कम पाली जिले में इस उम्र के मतदाताओं ने अपने वोट डाले। इसी तरह 20 से 25 वर्ष की आयु के मतदाताओं में सर्वाधिक 88.52 प्रतिशत प्रतापगढ़ में मतदान हुआ जबकि सबसे कम 60.01 प्रतिशत सिरोही जिले में इस उम्र के मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया।

### झारखंड के सभी जिलों में गया अयोध्या श्रीराम मंदिर से आया पूजित अक्षत

रांची। विश्व हिंदू परिषद की झारखंड प्रांत कार्यकारिणी बैठक आज यहां विश्व हिंदू परिषद प्रांत कार्यालय शक्ति आश्रम हरमू रोड किशोरगंज चौक रांची में संपन्न हुई। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु ने आज बताया आगामी 4 दिसंबर से 10 दिसंबर जिला बैठक 11 दिसंबर से 17 दिसंबर प्रखंड बैठक एवं 18 दिसंबर से 24 दिसंबर तक पंचायत बैठक की जाएगी। 22 दिसंबर गीता जयंती / शौर्य दिवस के पावन अवसर पर झारखंड के सभी प्रमुख मंदिरों में श्रीहनुमान चालीसा पाठ एवं महाआरती का आयोजन किया जाएगा। 23 दिसंबर से 30 दिसंबर तक स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस पर धर्म रक्षा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया इसके तहत परावर्तन के कार्यक्रम किए जाएंगे। डॉ साहु ने बताया 1 जनवरी से 15 जनवरी 2024 तक झारखंड के 30 लाख परिवारों तक पहुंच कर अयोध्या जी में हो रहे श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त अपने-अपने क्षेत्र के सभी मंदिरों को अयोध्याधाम का प्रतीक मानकर 22 जनवरी 2024 को धार्मिक अनुष्ठान, महाआरती एवं रात्रि में अपने-अपने घरों में दीपोत्सव मनाने का आग्रह करेंगे। इस निमंत्रण में सभी हिंदू जनमानस को फरवरी मास के बाद एक बार पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ललाजी का दर्शन करने जाने का भी निमंत्रण दिया जाएगा।

### शादी का झांसा दे दुष्कर्म के बाद बेची गई बिहार की किशोरी मंदसौर से छुड़ाई गयी

**मंदसौर।** बिहार के जहानाबाद में अपने कोचिंग सेंटर के बाहर से महीने भर से पहले लापता हुयी 14 वर्षीय किशोरी को मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले से छुड़ाया गया। मध्य प्रदेश पुलिस, बिहार पुलिस और बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) की कड़ी मशक्कत तथा सघन जांच के बाद इस किशोरी को छुड़ाने में कामयाबी मिली। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस किशोरी को पहले बिहार के गया में बेचा गया और फिर मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले के एक गांव के 26 वर्षीय युवक से उसकी शादी कराई गयी। किशोरी तीन नवंबर को सुबह आठ बजे अपने कोचिंग सेंटर के लिए निकली थी, लेकिन देर शाम तक, जब वह घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिली। अगले दिन परिजनों ने थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी। किशोरी ने बताया कि बताया कि उसके करीबी दोस्त आकाश (20) ने शादी का झांसा देकर उसे घर छोड़कर जाने के लिए मनाया और जहानाबाद के एक होटल में ले गया, जहां पर उसने तथा उसके दोस्तों ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद किशोरी ने आकाश से विवाह के बारे में पूछा, तो उसने साफ इनकार कर दिया।

### छत्तीसगढ़ की सभी 90 सीटों के लिए आज होने वाली मतगणना की सभी तैयारियां पूरी

रायपुर। छत्तीसगढ़ की सभी 90 सीटों के लिए कल होने वाली मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।कड़े सुरक्षा प्रबन्धों के बीच मतगणना सुबह आठ बजे से शुरू होंगी। राज्य की मुख्य निर्वाचन अधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने आज यहां प्रेस कान्फ्रेन्स में बताया कि 90 विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना हेतु 90 रिटर्निंग अधिकारी 416 सहायक रिटर्निंग अधिकारी,4596 गणनाकर्मी एवं 1698 माईक्रो आब्जर्वर नियुक्त किए गए है।इसके साथ ही निर्वाचन आयोग ने 90 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 90 काउटिंग आब्जर्वर नियुक्त किए गए है।उन्होने बताया कि मतगणना स्थलों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है,जहां प्रत्येक स्तर पर पहचान पत्रों की जांच के उपरान्त ही प्रवेश मिलेगा।पहले और बाहरी स्तर पर राज्य पुलिस तथा भीतरी स्तर पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान तैनात रहेंगे। उन्होने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार केन्द्र तथा राज्यों के मंत्री ,नगर निगम के मेयर,नगरपालिका एवं नगर पंचायतों के अध्यक्ष,जिला एवं जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं अन्य सुरक्षा प्राप्त कर्मियों की गणना अभिकर्ता के रूप में नियुक्त करने की अनुमति नही होंगी।

### फर्जी जाति प्रमाण पत्र के मामले में ग्राम प्रधान बर्खास्त

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के पथरदेवा विकास खंड में एक ग्राम प्रधान को फर्जी जाति प्रमाण पत्र के मामले में बर्खास्त कर दिया गया है। यहां जिला पंचायत राज अधिकारी सर्वेश कुमार पांडेय ने शनिवार को बताया कि विकास खण्ड पथरदेवा के ग्राम पंचायत महुअवां खुर्दग्राम के ग्राम प्रधान प्रियंका खरवार को फर्जी जाति प्रमाण पत्र के मामले मे बर्खास्त किया गया है।उन्होंने बताया कि प्रियंका खरवार द्वारा निर्वाचन के समय प्रस्तुत प्रमाण पत्र जनपद स्तरीय जाति संविक्षा समिति द्वारा निरस्त कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि उक्त मामले में जाति प्रमाण पत्रों के सत्यापन/संवीक्षा हेतु मण्डल स्तरीय समिति, गोरखपुर अपील प्रियंका खरवार बनाम जिलाधिकारी देवरिया व अन्य में कार्यालय आयुक्त, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर द्वारा पारित आदेश द्वारा की गयी अपील बलहीन होने के कारण निरस्त कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा रिट याचिका प्रियंका खरवार बनाम उ0प्र0 सरकार एवं अन्य में पारित आदेश के क्रम में प्रियंका खरवार का प्रत्यावेदन भी उपरोक्तानुसार निस्तारित कर दिया गया है और अपीलार्थी/वादिनी प्रियंका खरवार का जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति के आदेश को स्थगित करने विषयक प्रार्थना पत्र भी तद्नुसार निरस्त करते हुए निस्तारित कर दिया गया है।

# एक्शन में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ

## सफाई व्यवस्था से नाराज, जेई निलंबित, सफाई निरीक्षक का वेतन रोका

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने शहर की सफाई व्यवस्था ,विकास कार्यों का शुक्रवार को जायजा लिया। उन्होंने शहर की कई सड़कों का निरीक्षण किया। इस दौरान बोटेनिकल गार्डन के पास बीओटी टॉयलेट नंबर 27 में सीवर का पाइप टूटा पाया, जिस कारण सीवर का पानी सड़क पर बह रहा था। इसको देखकर सीईओ भड़क उठे। उन्होंने लापरवाही बरतने पर संबंधित जूनियर इंजीनियर को निलंबित करने के निर्देश दिए , सफाई निरीक्षक गोपाल शर्मा का वेतन रोक दिया।



मुख्य कार्यपालक अधिकारी सीईओ डॉ. लोकेश एम ने नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत बोटेनिकल गार्डन, डीएससी रोड, एमपी-2 रोड का निरीक्षण करते हुए सफाई कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सफाई कार्यों की समीक्षा व क्षेत्र की अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ करने के लिए निर्देश दिए। बोटेनिकल गार्डन के पास आधुनिक सुविधाओं का एक बस टर्मिनल विकसित करने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त जीआईपी मॉल से बोटेनिकल गार्डन तक ड्रेन को कवर करते हुए आम जन की सुविधा के लिए कियोस्क बनाने और वाहनों की पार्किंग की समस्या को ध्यान रखते हुए फुटपाथ रिडिजाइन करते हुए पार्किंग रैंप बनाने के लिए कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। सीईओ ने बोटेनिकल गार्डन के क्षेत्र में नाले की सफाई का निरीक्षण किया। टूटे स्पीड ब्रेकर व फुटपाथ रिपेअर करने के निर्देश दिए गए।

बोटेनिकल गार्डन के पास कार्यशील बीओटी टॉयलेट नंबर 27 में सीवर का पाइप टूटा पाया गया, जिसके कारण सीवर का पानी सड़क पर आ रहा था। जिस पर सीईओ ने शिथिल पर्यवेक्षण के लिए सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर को निलंबित करने के साथ साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

## हम आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र के खिलाफ अभियान तेज करेंगे : सिन्हा

जम्मू। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को कहा कि आतंकी तंत्र के खिलाफ अभियान तेज किया जाएगा। सिन्हा ने पुंछ जिले के अजोटे में शहीद हवलदार अब्दुल माजिद के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की।

उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और परिवार को सरकार की ओर से सभी सहायता और समर्थन का आश्वासन दिया। सिन्हा ने कहा, मैं आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने के लिए सुनियोजित आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए अपनी सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीएपीएफ की सराहना करता हूं। हम आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र और आतंकवादियों को सहायता और बढ़ावा देने वालों के खिलाफ अपने अभियान तेज करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें अपने जघन्य कृत्य के



लिए भारी कीमत चुकानी पड़े। उपराज्यपाल ने अजोटे में गांव और आसपास के पूर्व सैनिकों से भी मुलाकात की। उन्होंने हवलदार अब्दुल माजिद को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पूरे देश को उनकी वीरता और साहस पर गर्व है। उपराज्यपाल ने ट्वीट किया, राजौरी में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान शहीद हुए हवलदार अब्दुल माजिद के पुंछ स्थित घर का दौरा किया और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। सिन्हा ने कहा कि उनके परिवार का मातृभूमि के लिए सेवा और बलिदान का एक लंबा इतिहास है।

## हिमाचल : दिव्यांगता कानून की धज्जियां उड़ा रही नौकरशाही

शिमला। हिमाचल प्रदेश की नौकरशाही दिव्यांगों के लिए बने कानून तथा उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय के आदेशों तक की धज्जियां उड़ा रही है।

ऐसा तब हो रहा है जब स्वयं मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू दिव्यांगजनों एवं अन्य कमजोर वर्गों के प्रति अत्यंत संवेदनशील हैं।

दिव्यांगों के लिए कार्य कर रही संस्था उमंग फाउंडेशन के अध्यक्ष और राज्य विकलांगता सलाहकार बोर्ड के पूर्व सदस्य प्रो. अजय श्रीवास्तव ने अंतरराष्ट्रीय विकलांग जन दिवस की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री को भेजे एक पत्र में नौकरशाही के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने कहा है की सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग खुद दिव्यांगजनों के साथ अन्याय कर रहा है। प्रो. अजय श्रीवास्तव ने कहा कि उनकी जनहित याचिका पर 4 जून 2015 को हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट की खंडपीठ ने दिव्यांग विद्यार्थियों की शिक्षा को विश्वविद्यालय स्तर पर बिल्कुल मुफ्त उपलब्ध कराने के आदेश दिए थे।

# माफिया बृजनंदन की 23 करोड़ की संपत्ति होगी कुर्क

## रणदीप भाटी गिरोह का सदस्य, गैंगस्टर एक्ट के तहत होगी कार्रवाई

गौतम बुद्ध नगर। गौतमबुद्ध नगर में कुख्यात माफिया और उनके गुर्गों के खिलाफ पुलिस की कड़ी कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में रणदीप भाटी गिरोह के सदस्य बृजनंदन की 23 करोड़ रुपए की संपत्ति को कुर्क करने के आदेश दिए गए हैं। गैंगस्टर एक्ट के तहत उसके खिलाफ यह कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से अपराधियों के विरुद्ध



पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह

निरंतर स्तर पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में पुलिस आयुक्त न्यायालय गौतमबुद्धनगर द्वारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई के तहत बृजानन्द पुत्र भीम निवासी ग्राम तिगांव थाना तिगांव जनपद फरीदाबाद हरियाणा के द्वारा अवैध रूप से अर्जित सम्पत्ति को कुर्क करने के आदेश पारित किए गए हैं। उसकी यह संपत्ति मथुरा जिला के छाता तहसील के मौज कोसीकला में स्थित है।

इस दौरान उसकी कुल 3757. 58 वर्ग मीटर संपत्ति को कॉल करने का आदेश दिया गया है। इसकी कीमत करीब 23,64,71,024 रुपए बताई जा रही है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के द्वारा अपराधियों और माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उनका साफ तौर पर कहना है कि अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस के द्वारा लगातार इस तरह की कार्रवाई की जाएगी।

जिन कुख्यात माफियाओं ने लोगों को डरा धमकाकर अवैध रूप से अपनी संपत्ति अर्जित की है। गैंगस्टर की कार्रवाई कर उनकी संपत्ति को कुर्क किया जाएगा।

# आईआईटी खड़गपुर के छात्रों को प्लेसमेंट सत्र के पहले दिन 700 से ज्यादा ऑफर मिले

खड़गपुर। आईआईटी खड़गपुर ने शनिवार को कहा कि संस्थान को प्लेसमेंट सत्र 2023 के पहले ही दिन प्री-प्लेसमेंट ऑफर (पीपीओ) सहित 700 से ज्यादा प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त हुए हैं।

सत्र 2023-24 के लिए प्रमुख प्रौद्योगिकी संस्थान की प्लेसमेंट प्रक्रिया का पहला चरण शुक्रवार तड़के शुरू हुआ, जिसमें सभी छात्रों ने संस्थान के नालंदा परिसर में शारीरिक रूप से हिस्सा लिया।

आईआईटी खड़गपुर ने एक विज्ञप्ति में कहा कि 61 से ज्यादा कंपनियों ने छात्रों को मुख्य रूप से सॉफ्टवेयर, एनालिटिक्स, वित्त-बैंकिंग, परामर्श और कोर इंजीनियरिंग के विभिन्न प्रोफाइल में ऑफर दिया। इसमें




ऐप्पल, आर्थर डी.लिटिल, दा विंची, कैपिटल वन, डीई शॉ, ईएक्सएल सर्विसेज, ग्लीनर, गूगल, ग्रेविटन, माइक्रोसॉफ्ट, मैकिन्से, क्वांटबॉक्स, डेटाब्रिक्स, स्क्वायर पॉइंट, टीएसएम, पालो ऑल्टो सहित कई अन्य कंपनियों के प्री-प्लेसमेंट ऑफर शामिल है, जिन्होंने प्लेसमेंट प्रक्रिया के पहले राउंड में हिस्सा लिया।

प्लेसमेंट चरण के पहले दिन छह छात्रों को एक करोड़ रुपये से ज्यादा सीटीसी की पेशकश की गई, साथ ही 15 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय ऑफर प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए 121 से ज्यादा प्रोफाइल प्राप्त हुए। कंपनियां हाइब्रिड मोड में साक्षात्कार आयोजित कर रही हैं और कंपनियां महत्वपूर्ण संख्या में शारीरिक रूप से भी मौजूद है।

प्रो. राजीब मैती, कैरियर विकास केंद्र (सीडीसी) के अध्यक्ष, आईआईटी खड़गपुर ने कहा कि सही रणनीति के साथ कई नई कंपनियों तक पहुंचना, बाजार के मंदी दौर को हराने के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और इस प्लेसमेंट प्रक्रिया ने संस्थान की विरासत को बरकरार रखा है।

### तीन वाहनों की टक्कर में बाइक सवार दो युवको की मौत

अलवर। राजस्थान में अलवर के मालाखेड़ा थाना क्षेत्र कलसाडा के पास 3 वाहनों की टक्कर में 2 युवकों की मौत हो गई तथा एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार ब्रजकिशोर और मनीष एवं उसकी पत्नी चांदनी बाईक से मालाखेड़ा की ओर आ रहे थे। कलसाड़ा के पास ट्रक एवं कार की चपेट में आने से ब्रजकिशोर की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर घायल मनीष एवं उसकी पत्नी चांदनी को अलवर रैफर कर दिया। इस दौरान गंभीर स्थिति होने के चलते मनीष को जयपुर रैफर कर दिया। जहां जयपुर जाते वक्त उसकी मौत हो गई। मृतक दोनों के शव को अलवर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

## अनैतिक धंधे में की मास्टर माइंड महिला समेत दो दलाल गिरफ्तार

रूद्रपुर/नैनीताल। उत्तराखंड की ऊधमसिंह नगर पुलिस ने रूद्रपुर के ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में शनिवार को अनैतिक देह व्यापार के धंधे का भंडाफोड़ कर संचालिका एवं दो दलालों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। रूद्रपुर में ऊधमसिंह नगर पुलिस की ओर से इस मामले का खुलासा करते हुए बताया गया कि मानव तस्करी निरोधक बल की प्रभारी बसंती आर्य को शुक्रवार को ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में फुलसुंगा में देह व्यापार के अनैतिक धंधे के संबंध में सूचना मिली। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने आज मौके पर छापा मारा। टीम ने मौके से संचालिका समेत उसके दो दलालों को गिरफ्तार कर लिया जबकि तीन महिलाओं का रेस्क्यू किया गया। इस धंधे का मास्टर माइंड एक महिला



है। जांच में पता चला कि जल्द पैसा कमाने के लिये आरोपी महिला ने अपने दो दलालों संजय कुमार निवासी ग्राम फुलसुंगी और गोवर्द्धन निवासी शिमला बहादुर, वार्ड -1, ट्रांजिट कैम्प, ऊधमसिंह नगर के माध्यम से बेसहारा महिलाओं से अपने घर में देह व्यापार संचालित किया जा रहा था। इससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त था। तीनों के खिलाफ भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 370 और 120बी के अलावा देह व्यापार अधिनियम की धारा 3, 4, 5 एवं 6 के तहत कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

### खाई में पिकअप गिरने से युवा ठेकेदार की मौत

नाहन। हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर में दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया है। जहां शादी समारोह से वापस घर लौट रहे लोगों की पिकअप हादसे का शिकार हो गई। पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क से बाहर गिर गई, जिससे एक व्यक्ति को अपनी जान गंवानी पड़ी। वहीं, एक अन्य बुरी तरह से जख्मी हुआ है, जिसे नाहन मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार हादसा सिरमौर जिले के पच्छाद उपमंडल के तहत जयहर में पेश आया है। जिसमें दो व्यक्ति पिकअप में सवार होकर शादी समारोह से वापस घर की तरफ आ रहे थे कि जयहर में पहुंचते ही चालक ने गाड़ी से नियंत्रण खो दिया और पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क के बाहर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में जामन की सैर पंचायत के राज्यों गांव निवासी धनवीर सिंह पुत्र मेहर सिंह और चालक अशोक कुमार को गंभीर चोटे आई। जिन्हे स्थानीय लोगों द्वारा उपचार के लिए सिविल अस्पताल सराहां पहुंचाया गया। लेकिन यहाँ धनवीर को चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। मृतक पेशे से ठेकेदार बताया जा रहा हैं।

# सूर्य मिशन : आदित्य-एल1 के एएसपीईएक्स उपकरण ने काम शुरू किया

चेन्नई। भारत के पहले सूर्य मिशन आदित्य-एल1 उपग्रह पर लगे आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट (एएसपीईएक्स) पेलोड ने अपना काम सामान्य रूप से शुरू कर दिया है।

इसरो ने शनिवार को एक अपडेट में कहा कि एएसपीईएक्स में दो अत्याधुनिक उपकरण - सोलर विंड आयन स्पेक्ट्रोमीटर (स्विस) और सुप्राथर्मल एंड एनर्जेटिक पार्टिकल स्पेक्ट्रोमीटर (स्टेप्स) शामिल हैं। स्टेप्स उपकरण गत 10 सितंबर तथा स्विस उपकरण 02 नवंबर को सक्रिय हुआ और इसने इष्टतम प्रदर्शन किया है।

स्विस, उल्लेखनीय रूप से 360ए क्षेत्र के साथ दो सेंसर इकाइयों का उपयोग करते हुए सौर पवन आयनों, मुख्य रूप से प्रोटॉन और अल्फा कणों का मापन सफलतापूर्वक किया है। नवंबर 2023 में दो दिनों में एक सेंसर से प्राप्त नमूना ऊर्जा हिस्टोग्राम प्रोटॉन (एच+) और अल्फा कण (दोगुना आयनित हीलियम, एच 2+) गिनती में भिन्नता दर्शाता है। इन विविधताओं को नाममात्र अनुकलन समय के साथ दर्ज किया गया, जो सौर पवन व्यवहार का एक व्यापक स्नैपशॉट प्रदान करता है।

स्विस की दिशात्मक क्षमताएं सौर पवन प्रोटॉन और अल्फा के सटीक मापन को सक्षम बनाती हैं, जो सौर पवन गुणों, अंतर्निहित प्रक्रियाओं और पृथ्वी पर उनके प्रभाव के बारे में लंबे समय से चले आ रहे सवालों को संबोधित करने में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। स्विस द्वारा मापे गए प्रोटॉन और अल्फा कण संख्या अनुपात में परिवर्तन, सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंज पॉइंट एल1 पर कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) के आगमन के बारे में अप्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करने की क्षमता रखता है और इसे अंतरिक्ष मौसम अध्ययन के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। जैसा कि शोधकर्ता एकत्रित किए गए डेटा की गहराई में जा रहे हैं, अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक समुदाय उत्सुकता के साथ ज्ञानवर्धन होने का इंतजार कर रहा है जो आदित्य-एल1 का एएसपीईएक्स रहस्यमय सौर हवा और हमारे ग्रह के निहितार्थ के बारे में खुलासा करने के लिए तैयार है।

# हाईकोर्ट ने सरकार व क्रेशरो को कंसा शिंकजा, किया जवाब-तलब

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने प्रदेश सरकार और क्रशरों को नोटिस जारी करने पर जवाब मांगा है। राज्य के सोलन जिले के नालागढ़ में कथित कायदे कानून को ताक पर रख कर स्टोन क्रशर चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर याचिका दायर की गई है।

मुख्य न्यायाधीश रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने हंदूर पर्यावरण मित्र संस्था द्वारा दायर याचिका की प्रारंभिक सुनवाई के पश्चात राज्य सरकार व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित 13 स्टोन क्रशरों को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने सभी प्रतिवादियों से मामले की अगली सुनवाई तक जवाब दायर करने के आदेश दिए। कोर्ट ने जिला विधिक सेवाएं अथॉरिटी सोलन के सचिव को उक्त क्षेत्र का निरीक्षण कर रिपोर्ट




सौंपने के आदेश भी दिए। मामले पर सुनवाई 14 दिसंबर को होगी।

जानकारी के मुताबिक प्रार्थी संस्था ने नालागढ़ क्षेत्र में अवैध तरीके से खनन और नियमों की उल्लंघना कर रहे क्रशरों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने नालागढ़ एरिया में क्रशर मालिकों द्वारा माइनिंग लीज की आड़ में अवैध माइनिंग को रोकने और हवा, पानी के प्रदूषण को रोकने के लिए मुख्यमंत्री सहित संबंधित अधिकारियों को शिकायत पत्र सौंपे गए परंतु किसी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि जिन टिप्परों में 15 टन माइनिंग माल दर्शाया जाता है उनमें अक्सर 30 से 35 टन माल ढुलाई होती है। इससे सरकार को प्रति टिप्पर हजारों रुपए का नुक्सान होता है।

जब अधिकारियों से शिकायत की जाती है तो वे स्टोन क्रशर मालिकों की पैरवी करने लगते हैं जिससे प्रतीत होता है कि वे सरकार के लिए नहीं बल्कि स्टोन क्रशर मालिकों के लिए काम कर रहे हों। नियमों को दरकिनार कर नदियों में बड़े-बड़े गड्ढे डाले जा रहे हैं। छह महीने तक अवैध तरीके से एक स्टोन क्रशर ने बिना अनुमति करोड़ों कमाए और खनन विभाग ने इस पर मात्र 50 हजार रुपए का जुर्माना किया। आरोप है कि इन स्टोन क्रशर मालिकों के खिलाफ केवल दिखावे की कार्रवाई होती है।

### हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी चुनावों को लेकर बैठक आयोजित

**सिरसा।** हरियाणा में सिरसा स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा चिल्ला साहिब में शनिवार को हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के चुनाव को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक और किसान संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों ने शिरकत की। बैठक में चुनाव की तिथि निर्धारित करने, वोट बनाने के लिए 31 दिसंबर तक समय देने सहित कई मसलों पर विचार विमर्श हुआ। उपरोक्त जानकारी देते हुए गुरप्रीत सिंह गिल ने बताया कि हरियाणा में सिख समाज के लगभग 20 लाख मतदाता हैं, लेकिन अभी तक दो लाख के करीब ही वोट बन पाए हैं। चुनाव आयोग से आह्वान किया जाएगा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में वोट बनाने के लिए लोगों से अपील के लिए संबधित अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाई जाए।

## सौर ऊर्जा संयंत्र से 27.71 करोड़ की वार्षिक आय : सुक्खू

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को जिला ऊना को 287.68 करोड़ रुपए की 18 विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं की सौगात दी।

मुख्यमंत्री ने ऊना विधानसभा क्षेत्र के पेखुबेला में हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा 220 करोड़ रुपए की लागत से सौर ऊर्जा संयंत्र का शिलान्यास किया। 32 मेगावाट के इस सौर ऊर्जा संयंत्र का निर्माण कार्य जनवरी 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। इस सौर ऊर्जा परियोजना से सालाना 27.71 करोड़ रुपए की आय होगी तथा यह अगले 25 वर्ष तक विद्युत उत्पादन करने में सक्षम होगा।

श्री सुक्खू ने 2.03 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पेयजल योजना जनकौर, 1.71 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पेयजल योजना कुठार कलां,



2.02 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पेयजल योजना नंगड़ा, 1.01 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित उठाऊ सिंचाई योजना खानपुर, 62 लाख रुपए की लागत से निर्मित पशु अस्पताल भवन संतोषगढ़, 2.37 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित तहसील भवन घनारी, 1.66 करोड़ रुपए की लागत से मावा सिंधिया खड्ड पर नवनिर्मित पुल, 1.33 करोड़ रुपए की लागत से औद्योगिक क्षेत्र गगरेट में निर्मित मिनी सर्विस बिल्डिंग का लोकार्पण किया।

## शार्ट न्यूज

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में संजय सिंह के खिलाफ ईडी ने चार्जशीट की दाखिल

नई दिल्ली। उत्पाद शुल्क नीति मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह के खिलाफ राउज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दायर की। संजय को अक्टूबर 2023 में ईडी ने गिरफ्तार किया था। तब से ही आप सांसद संजय सिंह तिहाड़ जेल में हैं। 24 नवंबर संजय सिंह को कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए उनकी हिरासत एक बार फिर बढ़ा दी थी। कोर्ट ने चार दिसंबर तक की हिरासत बढ़ा दी थी। इससे पहले संजय सिंह को कोर्ट ने 10 नवंबर को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था। संजय सिंह ने जमानत के लिए राउज एवेन्यू कोर्ट, दिल्ली हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में याचिका दायर की थी, लेकिन अभी तक उन्हें इसमें सफलता नहीं मिली है। ईडी का मनी लॉन्ड्रिंग का मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एफआईआर से संबंधित है। सीबीआई और ईडी के अनुसार, अब रद्द हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 को संशोधित करते समय अनियमितताएं बरती गईं और लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। यह आरोप लगाया गया है कि संजय सिंह ने नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसने मौद्रिक कारणों से कुछ शराब निर्माताओं, थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं को लाभ पहुंचाया।

### ग्रीन कैंपस पर मिलेगी संपत्तिकर में 5 प्रतिशत की छूट

नई दिल्ली। शैक्षिक संस्थानों को ग्रीन कैंपस होने पर संपत्तिकर में पांच फीसदी छूट मिलेगी। बशर्ते परिसर का क्षेत्रफल 10 एकड़ से अधिक हो और परिसर में 100 फीसदी कचरे का पृथक्करण और पुनरचक्रण की व्यवस्था की गई हो, साथ ही यहां 100 फीसदी गीले कचरे से कंपोस्टिंग भी होती हो। कचरे के पुनरचक्रण और कंपोस्टिंग प्रबंधन को प्रोत्साहन देने के लिहाज से एमसीडी ने ये महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इससे न केवल शैक्षिक परिसर के भीतर साफ सुथरा वातावरण बनेगा। बल्कि परिसर के बाहर भी सफाई व्यवस्था दुरुस्त होगी। ग्रीन कैंपस होने पर इसके आस पास से कचरे की ढुलाई में लगने वाले मानवीय और मशीनरी वाले संसाधन की बचत होगी। लैंडफिल साइटों पर कचरे का बोझ भी कम होगा। निगम ने सदन की बैठक में इसके लिए महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास किया है। संपत्तिकर में छूट का लाभ लेने के लिए शैक्षिक संस्थानों को परिसर के भीतर उत्पन्न होने वाले अपने 100 फीसदी सूखे कचरे का पुनरचक्रण करना होगा। सभी गीले कचरे से कंपोस्ट तैयार करनी होगी। इसके बाद भी यदि सूखा कचरा बच जाए तो इसे एमसीडी को देना होगा। इन शर्तों को पूरा करने पर ही संस्थान को संपत्तिकर में पांच फीसदी की छूट मिलेगी। छूट की रकम से संस्थान कोई भी विकास कार्य करा सकता है, इसके लिए संस्थान 30 दिन के भीतर निगम को अपना सुझाव दे सकता है।

### ऑटो सवार चिकित्सक और युवक से लूटे मोबाइल

गाजियाबाद। कविनगर और विजयनगर क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने दो लोगों से मोबाइल फोन लूट लिया। कविनगर में धीरज से पैदल आए बदमाश ने मोबाइल छीन लिया। धीरज ने भागकर युवक को दबोच लिया लेकिन वह नुकीली वस्तु से वार कर भाग गया। वहीं, विजयनगर में ऑटो सवार डॉ. स्वतंत्र निगोतिया से बाइक सवार दो बदमाशों ने मोबाइल छीन लिया और आसानी से फरार हो गए। कविनगर क्षेत्र की बागवाली कॉलोनी निवासी उमेश सिंह का कहना है कि उनका बेटा धीरज 29 नवंबर की रात नौ बजे पांडवनगर से रेलवे लाइन के किनारे-किनारे घर जा रहा था। इसी दौरान एक युवक पीछे से पैदल आया और उससे मोबाइल छीनकर भाग गया। धीरज ने उसे पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह वार करके भाग गया। वहीं, क्रॉसिंग रिपब्लिक की लोहर शीश सोसायटी निवासी डॉ. स्वतंत्र निगोतिया का कहना है कि 29 नवंबर की रात करीब नौ बजे वह ऑटो में बैठकर निजामुद्दीन स्टेशन से घर जा रहे थे। जैसे ही वह एबीईएस अंडरपास के पास पहुंचे तो पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके हाथ से मोबाइल छीन लिया और भाग गए।

### आठ लाख की नकदी-गहने लेकर युवती फरार

कौशांबी। माता-पिता को वैशाली मेट्रो स्टेशन पर छोड़कर युवती चार लाख रुपये नकद और करीब चार लाख के गहने लेकर गायब हो गई। मामला 9 नवंबर का है, पिता ने अब कौशांबी थाने में बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस युवती की तलाश के लिए मेट्रो स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज जांच रही है। मेरठ में रहने वाले दंपती अपनी 23 साल की बेटी के साथ कहीं जा रहे थे। वैशाली मेट्रो स्टेशन पर बेटी को सामान के पास छोड़कर पिता टिकट लेने चले गए, जबकि मां पैर में दिक्कत के कारण धीरे-धीरे चलकर आ रहीं थी। पिता जब टिकट लेकर पहुंचे तो बेटी मौजूद नहीं थी। आसपास तलाशा, लेकिन कोई अतापता नहीं लगा। थक-हारकर दंपती घर चले गए। लोक-लिहाज के डर से दंपती ने किसी को कुछ नहीं बताया और बेटी को तलाशने में जुट रहे। परिजन ने एक युवक पर संदेह जताते हुए थाने में शिकायत दी है। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

### पर्यटन के लिए तैयार हो रही वजीराबाद झील



गुरुग्राम। वजीराबाद में बन रही कृत्रिम झील गुरुग्राम के लिए टूरिस्ट हब बनेगी। यहां बोटिंग की सुविधा मिलेगी। कैफेटेरिया बनेगा ताकि लोग आकर खाने और बोटिंग का आनंद ले सके। पहले चरण के कार्य में 18 एकड़ में बन रही इस झील में फेंसिंग का काम किया जा रहा है। जीएमडीए प्रवक्ता ने बताया कि इसके चारों ओर घेराबंदी का काम पूरा होने के बाद यहां छोटे बोट में जल विहार के लिए किसी कंपनी को दिया जाएगा। यह पहला चरण है, इसे आगे और विकसित कर पर्यावरण संरक्षण के साथ दर्शनीय स्थल बनाने की योजना है। यहां काफी मात्रा में पेड़ पौधे भी लगाए गए हैं। बहुत सारे पेड़ पौधे इस इलाके में पहले से भी हैं। कुल मिलाकर गुरुग्राम समेत एनसीआर के लिए एक सुरम्य वातावरण में आनंद के क्षण बिताने का मौका लोगों को मिलेगा। सेक्टर 53 में वजीराबाद के पास चंडीगढ़ के सुखना लेक की तरह एक कृत्रिम झील बनाई जा रही है। यह भूजल संरक्षण, शोधित जल का आदर्श प्रयोग और पर्यटन की दृष्टि से लोगों के आकर्षण का केंद्र बनेगी।

### पहले दिन 9 उम्मीदवारों ने नामांकन किया

गुरुग्राम। जिला बार एसोसिएशन के चुनाव आगामी 15 दिसंबर को है। अलग-अलग पदों पर नामांकन की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई है। नामांकन के पहले दिन शुक्रवार को 9 उम्मीदवारों ने नामांकन किया। यह चुनाव वरिष्ठ अधिवक्ता रतन सिंह राघव के नेतृत्व में बनाई गई कमेटी द्वारा कराए जा रहे हैं। दो दिन नामांकन के बाद स्क्रूटनी प्रक्रिया पूरी होने पर नाम ही वापसी होगी। चुनाव के लिए गठित कमेटी के पदाधिकारी रतन सिंह राघव ने बताया कि प्रधान पद के लिए अधिवक्ता पंडित अरुण शर्मा व अमरजीत यादव ने नामांकन पत्र भरा है। इसी प्रकार उप प्रधान पद के लिए मनीष शर्मा व देवेंद्र यादव ने नामांकन किया। सचिव पद के लिए एसएन राव, निखिल भारद्वाज व सुमित शर्मा ने नामांकन किया। संयुक्त सचिव के लिए दीपिका खन्ना व धर्मेंद्र चौधरी ने नामांकन पत्र भरे हैं। रतन सिंह राघव का कहना है कि आज शनिवार को नामांकन किया जाएगा। नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए उम्मीदवार अपने सहयोगियों के साथ नामांकन करने के लिए पहुंचे। अदालत परिसर में उत्साह जैसा माहौल था। उन्होंने कहा कि चुनाव निष्पक्ष व सौहार्दपूर्ण वातावरण में कराए जाएंगे।

# दिल्ली : तिहाड़ जेल में फर्जी तरीके से भर्ती हुए 50 कर्मचारी सस्पेंड

## इसका खुलासा बायोमेट्रिक और फोटो में विसंगति मिलने से हुआ

नई दिल्ली। तिहाड़ जेल में नियुक्तियों में बड़ा फर्जीवाड़ा हुआ है। 2020 से जेल कर्मी बनकर 50 लोग अलग-अलग पदों पर कर रहे थे। इसमें नौ लोगों की तैनाती सहायक अधीक्षक के पद पर थी। जबकि 39 पर वार्डर और दो पर मेट्रन पद की जिम्मेदारी थी। इसका खुलासा बायोमेट्रिक और फोटो में विसंगति मिलने से हुआ।




### डीएसएसबी के जरिए हुई थी नियुक्ति

हैरानी की बात यह कि सभी नियुक्तियां दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसबी) के जरिए हुई थीं। इतने बड़े व सनसनीखेज फर्जीवाड़े की जानकारी बाहर आते ही जेल में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में जेल प्रशासन ने सभी को निलंबित कर दिया है। साथ ही नौकरी से बर्खास्त करने का नोटिस भी थमा दिया है।

### 50 जेलकर्मियों को नोटिस

जेल के अधिकारियों ने बताया कि जिन 50 जेलकर्मियों को नोटिस जारी किया गया है। सभी तिहाड़, मंडोली व रोहिणी जेल परिसर में तैनात थे। फिलहाल सभी को निलंबित कर दिया गया है और उनसे कोई काम नहीं लिया जा रहा है। सभी 50 जेलकर्मी 2020 से जेल में कार्यरत थे इस दौरान वह कई संवेदनशील जगहों पर तैनात रहे। जेल अधिकारियों ने बताया कि जेल में सहायक अधीक्षक पद तक के कर्मियों की भर्ती दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से होती है। इन पदों के लिए साल 2017 में भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई थी। पूरी प्रक्रिया होने के बाद 2020 में इनकी नियुक्ति हुई थी।

### ऐसे हुआ खुलासा

साल 2020 में जेल में इन कर्मचारियों की नियुक्ति होने के बाद एक शख्स ने परीक्षा में हेरफेरी का आरोप लगाया। मामला के तूल पकड़ने के बाद दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड ने अपने स्तर पर छानबीन शुरू की।

नियुक्ति की प्रक्रिया के दौरान दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड सभी परीक्षार्थियों के डाटा को लेता है और सुरक्षित रखता है।

जांच के दौरान बोर्ड ने भर्ती किए गए सभी 477 अधिकारी व कर्मचारियों के बायोमेट्रिक डाटा को अपने पास मौजूद डाटा से मिलान किया। इसमें 50 कर्मचारियों के डाटा का मिलान नहीं हुआ। इसके बाद पूरा फर्जीवाड़ा का खुलासा हुआ। बोर्ड की ओर से इस बात की जानकारी जेल प्रशासन को दी गई। जेल प्रशासन ने मामले पर कार्रवाई करते हुए सभी कर्मियों को तत्काल निलंबित कर दिया। इन्हें बर्खास्त किए जाने से पहले की प्रक्रिया के तहत 30 नवंबर को इन्हें एक महीना का नोटिस दिया है।

### किसी अन्य के परीक्षा देने का है शक

जेल अधिकारी को आशंका है कि जिन लोगों की भर्ती हुई है, उनकी जगह पर किसी अन्य ने परीक्षा दी है। परीक्षा के दौरान कोई अन्य व्यक्ति परीक्षा केंद्र पर बैठा और उनसे असली परीक्षार्थी को परीक्षा उत्तीर्ण कराया। अधिकारियों का मानना है कि इन नियुक्ति में बड़े पैमाने पर धांधली की गई है। इसमें परीक्षा केंद्र के निगरानी अधिकारी से लेकर इससे जुड़े कई लोगों पर शिकंजा कसा जा सकता है।

# ग्रेनो प्राधिकरण की टीम ने सीआरआरआई का किया दौरा

## एमओयू जल्द होने के आसार, वेस्ट मैटेरियल से टाइल्स बनाने की तैयारी

एजेंसी

गौतम बुद्ध नगर। आधुनिक तकनीक के जरिए ग्रेटर नोएडा में सड़कों के निर्माण में और पारदर्शिता और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम ने केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई) दिल्ली का दौरा किया। प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम और एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग के नेतृत्व में परियोजना विभाग की टीम ने सीआरआरआई दिल्ली जाकर आधुनिक तकनीकों का अध्ययन किया।

दोनों संस्थानों के बीच इस आशय का एमओयू जल्द साइन होने जा रहा है। इसके साथ ही सीआरआरआई ग्रेटर नोएडा में वेस्ट मैटेरियल से बनी टाइल्स का फुटपाथ बनाने में भी सहयोग करेगा। हाल ही में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें सीआरआरआई ने सड़क निर्माण की आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी दी। इन तकनीकों के इस्तेमाल से ग्रेटर नोएडा में सड़कों के निर्माण में और पारदर्शिता और गुणवत्ता और बढ़ जाएगी।

इसके साथ ही वेस्ट मैटेरियल से बनी पेवर ब्लॉक टाइल्स का इस्तेमाल कर फुटपाथ बनाने के बारे में भी जानकारी दी। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने सभी वर्क सर्कल को रोड चिह्नित कर वेस्ट मैटेरियल से बनी पेवर ब्लॉक टाइल्स का इस्तेमाल कर मॉडल फुटपाथ बनाने के निर्देश दिए। इससे पहले सीआरआरआई परिसर में जाकर तकनीकों का अध्ययन करने और एमओयू साइन करने के निर्देश दिए।

### ड्राफ्ट शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा

इसी क्रम में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम और एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग और परियोजना विभाग के इंजीनियरों की टीम ने सीआरआरआई परिसर जाकर इन तकनीकों का अध्ययन किया। इन तकनीकों का डेमो देखा। एमओयू होने के बाद सीआरआरआई से क्या-क्या सेवाएं मिल सकती हैं, इस पर वहां के अधिकारियों से चर्चा की। प्राधिकरण ने एमओयू का ड्राफ्ट शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा है।

# हस्ताक्षर अभियान में शामिल हुईं आतिशी

नई दिल्ली। 'मैं भी केजरीवाल' अभियान के तहत शनिवार को मंत्री आतिशी ने कालकाजी में डोर टू डोर कैंपेन चलाया। उन्होंने गोविन्दपुरी, कालकाजी में घर-घर जाकर लोगों से पूछा कि अगर झूठे केस के तहत अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया जाता है, तो क्या उन्हें इस्तीफा देना चाहिए या जेल से सरकार चलानी चाहिए। इसके अलावा विधायक ऋतुराज झा ने किराड़ी, विधायक प्रमिला टोकस ने आरके पुरम, दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र तोमर ने त्रिनगर सहित अन्य विधायकों ने अपने क्षेत्र में अभियान चलाकर लोगों की राय जानी।

इस दौरान आतिशी ने कहा कि भाजपा मुख्यमंत्री को झूठे आरोप में जेल में डालना चाहती है। इससे पहले सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को गिरफ्तार कर चुकी है अब सीएम को गिरफ्तार करने का षड्यंत्र रच रही है। भाजपा चुनावों में अरविंद केजरीवाल को हरा नहीं सकती। दिल्ली के सभी लोग अरविंद केजरीवाल के साथ हैं तो अब भाजपा इस तरीके से सरकार को गिराना चाहती है।

विधायक ऋतुराज झा ने कहा कि आप के सभी मंत्री, विधायक, पार्षद,




पदाधिकारी और कार्यकर्ता एक-एक घर जाकर हस्ताक्षर अभियान चला रहे हैं। हम दिल्ली के लोगों को बता रहे हैं कि भाजपा अरविंद केजरीवाल से डरी हुई है। अब वो ईडी और सीबीआई का सहारा लेकर अरविंद केजरीवाल को खत्म करना चाहते हैं।

### ईडी और सीबीआई ने दर्ज किए हैं फर्जी मामले

उन्होंने कहा कि पहले यह विपक्षी नेताओं पर ईडी और सीबीआई से फर्जी मुकदमे करते हैं। उसके बाद उन नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल करते हैं और फिर उनके ऊपर से सारे केस हटा लेते हैं। जो इनके साथ होता है उसको यह ईमानदार बताते हैं, जो इनके साथ नहीं आता उनको झूठे मुकदमे लगाकर जेल में डाल देते हैं। सुप्रीम कोर्ट ईडी और सीबीआई से बार-बार सबूत मांग रहा है लेकिन इनके पास कोई सबूत नहीं है।

# सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार डॉ. चंद्र भानु शर्मा की सद्य प्रकाशित पुस्तक मैं हूं चौकीदार का लोकार्पण हुआ

## साहित्यकार युग प्रवर्तक होता है चंद्र भानु शर्मा देश की धरोहर हैं : प्रवेश साहिब सिंह





नई दिल्ली। सुप्रसिद्ध व्यंग्य साहित्यकार एवं शिक्षाविद् डॉ. चंद्र भानु शर्मा की सद्य प्रकाशित व्यंग्य पुस्तक मैं हूं चौकीदार का लोकार्पण आज नई दिल्ली में जनपथ स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के उमंग सभागार में शिक्षाविद् गांधीवादी विचारक एवं चिंतक एवं लेखक डॉ. दयानंद वत्स भारतीय, श्री विनोद कुमार बब्बर, श्री सर्वेश शर्मा, श्री हीरालाल बाल्यान, श्री ओमप्रकाश सपरा, श्री राकेश शर्मा, श्री बृजेश शर्मा के सान्निध्य में मुख्य अतिथि पश्चिमी दिल्ली से लोकसभा सांसद श्री प्रवेश साहिब सिंह और समारोह की अध्यक्षता कर रहे पत्रकार पद्मश्री राम बहादुर राय ने अपने करकमलों द्वारा किया। शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने मुख्य अतिथि माननीय सांसद श्री प्रवेश साहिब सिंह का शाल, श्रीफल और पुष्प भेंट कर स्वागत किया। अपने संबोधन में श्री दयानंद वत्स भारतीय ने कहा कि डॉ. चंद्रभानु का रचना संसार व्यंग्य विधा की अद्भुत मिसाल है। उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के हरिशंकर परसाई सम्मान से सम्मानित चंद्र भानु शर्मा ने अनेकों पुस्तकों की रचना की है। जिनमें वर्तमान राजनीतिक, सामाजिक, आध्यात्मिक, आर्थिक विषयों पर उनकी लेखनी की तेज धार ने निष्पक्ष व्यंग्य लेखन किया है। मुख्य अतिथि सांसद श्री प्रवेश साहिब सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें इस बात की बेहद खुशी है कि पुस्तक के लेखक डॉ.चंद्र भानु शर्मा उनके पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में विकासपुरी के निवासी हैं। पश्चिमी दिल्ली के उत्तम नगर में बड़ी संख्या में साहित्यकार, लेखक, बुद्धिजीवी शिक्षाविद् निवास करते हैं। श्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि जब वह अपने संसदीय क्षेत्र का दौरा कर रहे थे उसी समय उनकी भेंट डॉ.शर्मा से हुई थी तब उन्होंने उन्हें बताया था कि इन दिनों वे मैं हूं चौकीदार नाम से पुस्तक लिख रहे हैं। तब मैंने उनसे कहा था कि जब यह पुस्तक छप जाएगी तो मैं स्वयं इसका लोकार्पण करुंगा। आज मेरी खुशी दोगुनी हो गई है। लेखक ने अपनी पुस्तक मैं हूं चौकीदार में जो व्यंग्य लिखा है वह पाठक को चुभता नहीं बल्कि गुदगुदाता है। यही इस रचना की खूबसूरती है। लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता कर रहे प्रतिष्ठित पत्रकार श्री राम बहादुर राय ने डॉ.चंद्र भानु शर्मा की पुस्तक मैं हूं चौकीदार के बारे में बोलते हुए कहा कि व्यंग्य लेखन आसान काम नहीं है। शर्मा जी ने पिछले पांच सालों में जो कुछ देखा और अनुभव किया उसे बहुत ही बारीकी से अपनी कलम से उकेरा और व्यंग्य की एक नई विधा को जन्म दे दिया। आज के समय में जब कोई भी आदमी अपने बारे में विपरीत कुछ भी नहीं सुनना चाहता है ऐसे समय में शर्मा जी ने अपनी अद्भुत व्यंग्य प्रतिभा का परिचय देते हुए बिना किसी दबाव के सभी के बारे में निष्पक्ष होकर लिखा है। समारोह का संचालन हिंदुस्तान समाचार के संपादक श्री जितेन्द्र तिवारी ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमियों ने भाग लिया।

# मयूर पब्लिक स्कूल आई पी ऐक्सटेंशन दिल्ली ने जूनियर विंग वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया

मयूर पब्लिक स्कूल आई पी ऐक्सटेंशन दिल्ली ने जूनियर विंग वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह - पंच तत्व - ' निर्माण और विनाश ' अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री अचिन गर्ग, आई. पी. एस अडिशनल डी. सी. पी (पूर्वी दिल्ली) के कर कमलों द्वारा हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नृत्य नाटिका पंचतत्व - निर्माण और विनाश रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने पंच तत्वों को सम्मान देते हुए दर्शक वर्ग को यह संदेश दिया कि पंच तत्वों की साधना और संरक्षण से ही हम जीवित रह सकते हैं।

समारोह में अति विशिष्ट अतिथि श्री संदीप शर्मा, सचिव, बार



एसोसिएशन, दिल्ली उच्च न्यायालय, श्री भूपेश कुमार एस. एच. ओ, मंडावली, श्री महेश कुमार, प्रधानाचार्य व महेंद्र कुमार उप - प्रधानाचार्य, सर्वोदय बाल विद्यालय ने उपस्तिथ रहकर कार्यक्रम का मान बढ़ाया।

श्री अचिन गर्ग ने शैक्षणिक और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफ़ी व सर्टिफ़िकेट देकर सम्मानित किया और अपने संबोधन में छात्रों को प्रेरणादायक शब्द कहकर हौसला बढ़ाया।

उन्होंने खेलकूद और अन्य क्षेत्रों में स्कूल की उपलब्धियों की भी सराहना की। उन्होंने अभिभावकों व स्कूल प्रबंधन की भूरी - भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि वे छात्रों को उनके व्यक्तित्व व प्रतिभा को निखारने के लिए पर्याप्त और विविध अवसर प्रदान करके जीवन में उनकी महत्वाकांक्षाओं को हासिल करने में मदद कर रहे हैं। उन्होंने अपने अभिभाषण द्वारा उत्साह पूर्ण शब्दों से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि विद्यालय में ऐसे होनहार छात्र एवं छात्राएँ हैं तो देश का भविष्य सुरक्षित एवं समृद्ध होगा। अपनी वार्षिक रिपोर्ट में प्रधानाचार्या स्वाति वर्मा ने सत्र के दौरान विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक, खेलकूद तथा अन्य प्रतियोगिताओं का विवरण दिया और अभिभावकों से अपेक्षा की कि इसी तरह अपने बच्चों का पढ़ाई व खेल कूद में सहयोग दें। उन्होंने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। विद्यालय के अध्यक्ष श्री एम एस रावत जी ने उपस्थित मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

# पार्किंग शुल्क के विरोध में छात्रों ने किया प्रदर्शन

सोहना। सोहना से गुरुग्राम रोड पर स्थित जीडी गोयनका विश्वविद्यालय के छात्रों ने प्रबंधन की ओर से पार्किंग पर शुल्क लगाए जाने का विरोध किया। छात्रों ने एक नंबर गेट पर जाम लगाया। बाद में मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस बल की मौजूदगी में प्रदर्शन बंद हुआ।

छात्रों का आरोप था कि दस साल से विश्वविद्यालय की पार्किंग पेड नहीं थी। बिना किसी सूचना के उसे पेड कर दिया गया। छात्रों को इस विषय में पहले सूचित करना चाहिए। गुरुग्राम रोड पर जीडी गोयनका विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा पार्किंग शुल्क के विरोध की सूचना के बाद विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी प्रो. अमित सिंह वहां पहुंचे और छात्रों को समझाया। लेकिन छात्र नहीं माने और गाड़ियों को गेट नंबर एक के बाहर पार्क कर दिया। जहां विश्वविद्यालय के छात्रों ने बताया कि पिछले 10 वर्षों से विश्वविद्यालय में अंदर गाड़ियां खड़ी की जा रही हैं। अब बिना सूचना के एक नंबर गेट बंद कर यूनिवर्सिटी के पीछे किसी निजी व्यक्ति को पार्किंग का ठेका दे दिया।

जहां एक से डेढ़ किलोमीटर घूम कर विश्वविद्यालय के पीछे वाहनों को खड़ा करके अंदर जाना पड़ेगा। वहीं बाहर मौजूद विश्वविद्यालय के प्रशासनिक विभाग के अधिकारी प्रोफेसर अमित सिंह ने बताया कि यूनिवर्सिटी में फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस को एमरजेंसी में निकलने में काफी दिक्कत होती है।

### सैनिक फार्म के जंगल में दिखा तेंदुआ, पकड़ने में जुटी वन विभाग की टीम

नई दिल्ली। दिल्ली में शनिवार को सैनिक फार्म में सुबह तेंदुआ देखा गया है। सूचना पर पुलिस और फॉरेस्ट की टीम मौके पर पहुंचकर तेंदुए की तलाश में जुटी है। वहीं इस खबर के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। वन विभाग की टीम ने इसे पकड़े के लिए जंगल में लोहे की जालियां लगाई हैं। असोला भाटी वन्यजीव अभयारण्य के अधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि हमें शिकायत मिली थी कि रात में यहां एक तेंदुआ देखा गया है। पुलिस स्टेशन की ओर से एक वीडियो भी शेयर किया गया है। हमने तेंदुए को पकड़ने का इंतजाम कर लिया है। पुलिस ने लोगों के इन जालियों के आस-पास इकट्ठा होने से मना किया है। पुलिस और वन विभाग के 40 लोगों की तेंदुए को पकड़ने के लिए तैनात किया है। बताया जा रहा है कि इसका वजन करीब 80 से 90 किलो है।

# बाइक चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा : दो गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 थाना पुलिस ने स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस दौरान दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इन लोगों के कब्जे से 16 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है।

दरअसल, थाना बीटा-2 पुलिस ने चेकिंग के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल के साथ लोगो को गिरफ्तार किया। पुलिस ने जब इन लोगों से गहनता से पूछताछ की तो इन लोगों की निशानदेही नट मढैय्या इन्डेन गैस एजेन्सी गोदाम के पास खाली पड़े गोदाम के अन्दर घनी झाड़ियों में छुपाकर खडी की गयी 15 मोटरसाइकिल बरामद की गई है। इन दोनों से चोरी की कुल 16 मोटरसाइकिल बिना नम्बर प्लेट/फर्जी नम्बर प्लेट लगी हुई बरामद हुई है। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि यह दोनों शातिर किस्म के वाहन चोर हैं, जो कि रैकी करके खासकर स्पलैण्डर मोटरसाइकिल को निशाना बनाकर दिल्ली एनसीआर, नोएडा, ग्रेटर नोएडा के भिन्न-भिन्न स्थानों से चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

यह दोनों पहले भी मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं में जेल जा चुके है, जो जमानत पाकर पुन: मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं कर रहे थे। पुलिस ने इस दौरान बुलंदशहर के पवन और शिवा को गिरफ्तार किया। इन दोनों पर एक दर्जन से ज्यादा चोरी के मुकदमे दर्ज है।

चोरों के द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा स्प्लेंडर को इसलिए निशाना बनाया जाता था कि उसका लॉक वह आसानी से खोल सकते थे और मोटरसाइकिल को चोरी करने के बाद देहात क्षेत्र में ले जाकर कम दामों में बेच दिया करते थे।

गौरवशाली भारत



नई दिल्ली
रविवार 03 दिसंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

# संपादकीय

## अर्थव्यवस्था में स्थायी मजबूती : एक संभावना

अर्थव्यवस्था एक देश की आत्मनिर्भरता और सामर्थ्य का सूचक होती है। एक स्थिर और मजबूत अर्थव्यवस्था समृद्धि की राह में कदम बढ़ाती है और लोगों को रोजगार, आर्थिक सुरक्षा, और जीवन की बेहतर स्थिति प्रदान करती है। इस लेख में, हम आर्थिक प्रणाली में स्थायी मजबूती की संभावना पर चर्चा करेंगे और उसके लाभों और चुनौतियों को जानेंगे।

### स्थिति का विश्लेषण

सुरक्षित और स्थिर निवेश : स्थायी अर्थव्यवस्था का पहला कदम सुरक्षित और स्थिर निवेश की दिशा में होता है। यदि लोग निवेश करने में विश्वास करते हैं, तो विभिन्न क्षेत्रों में पूंजी का प्रवाह होता है, जिससे और रोजगार सृजन होता है और अर्थव्यवस्था में सुधार होता है।

**कृषि में सुधार :** अग्रणी रोल निभाने वाले देशों में, कृषि में सुधार को बढ़ावा देने से अर्थव्यवस्था में स्थायी मजबूती हो सकती है। सशक्त कृषि सेक्टर लोगों को रोजगार प्रदान करता है और खाद्य सुरक्षा में सहारा प्रदान करता है।

उद्योग और व्यापार को स्थायी बनाएं : सुधारित उद्योग और व्यापार सेक्टर से संबंधित नीतियों के माध्यम से स्थिरता और विकास संभावित है। विभिन्न उद्योगों को बढ़ावा देने से अधिक उत्पादन होगा और बाजार में स्थिरता बनी रहेगी।

### चुनौतियां और उनका सामना

**बजट और निर्देशकता :** सरकार को सुधारित बजट और योजनाओं के माध्यम से विकास की दिशा में कदम उठाना होगा। ध्यानपूर्वक निर्मित योजनाएं और निर्देशकता से ही सुधार संभव है।

**तकनीकी उन्नति और उद्यमिता :** तकनीकी उन्नति और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक और आर्थिक संघर्षों का सामना करना होगा। नए और सुधारित तकनीकी समाधानों का अधिक उपयोग करके लोगों को जोड़ना और उद्यमिता को प्रोत्साहित करना आवश्यक है।

**आर्थिक संस्कृति की प्रोत्साहन :** समृद्ध और स्थायी अर्थव्यवस्था के लिए आर्थिक संस्कृति में सुधार करना आवश्यक है। लोगों को बचत के महत्व को समझाना चाहिए और सही निवेश के माध्यम से धन को बढ़ावा देना चाहिए।

**शिक्षा का महत्व :** शिक्षा एक राष्ट्र की अगली पीढ़ी को तैयार करने का सामर्थ्य प्रदान करती है। सुधारित शिक्षा से लोगों को नौकरी के अधिक अवसर मिलते हैं और वे समृद्ध जीवन जी सकते हैं।

अर्थव्यवस्था में स्थायी मजबूती की संभावना से जुड़ी हर कदम उच्च स्तरीय सोच और नीतिगत कदमों की आवश्यकता को उजागर करता है। एक समृद्ध राष्ट्र उच्चतम शिक्षा, तकनीकी उन्नति, और उद्यमिता के माध्यम से ही संभव है, और हमें इस मार्ग पर चलना होगा ताकि हम विश्व में एक महत्वपूर्ण स्थान बना सकें।



## जलवायु संकट के लिए मुख्य रूप से विकसित देश जिम्मेदार

जलवायु संकट में कमी तब तक संभव नहीं है, जब तक विकसित देश इस दिशा में जरूरी इच्छाशक्ति के साथ काम न करें।

दुनिया भर में बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन को लेकर पिछले कई वर्ष से लगातार चिंता जताई जा रही है। अब इसकी वजहें स्पष्ट हैं। मगर मुश्किल यह है कि जब भी उन वजहों को दूर करने की बात आती है, तो विकसित देश अपनी भूमिका को कम करके पेश करते हैं और इसके हल के लिए उठाए जाने वाले कदमों को लागू करने की जिम्मेदारी विकासशील देशों पर थोप देते हैं।

जबकि समूची धरती पर जलवायु संकट जिस स्तर तक गहरा हो चुका है, उसमें मुख्य रूप से विकसित देशों की जिम्मेदारी रही है। इसके बावजूद इस मसले पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हर बैठक या सम्मेलन में तीसरी दुनिया के या विकासशील देशों ने समस्या के समाधान को लेकर अपेक्षित गंभीरता दिखाई है, उसमें अपनी ओर से हर संभव योगदान किया है।

इसी को इंगित करते हुए प्रधानमंत्री ने विकास देशों को अपेक्षित जलवायु वित्तपोषण और प्रौद्योगिकी संबंधी हस्तांतरण सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए कहा कि इस पर गौर किया जाना चाहिए कि इन देशों ने जलवायु संकट बढ़ाने में कोई योगदान नहीं किया है, इसके बावजूद वे इसके समाधान का हिस्सा बनने के इच्छुक हैं।

दरअसल, सीओपी28 में भाग लेने दुबई गए प्रधानमंत्री ने एक तरह से जलवायु संकट पर विकासशील देशों के सामूहिक रुख को प्रतिनिधि स्वर दिया है। सच यह है कि बढ़ते तापमान और उसकी वजह से पैदा होने वाली पर्यावरणीय समस्या के पीछे विकसित देशों की ही भूमिका ज्यादा है। खासकर कार्बन डाईआक्साइड के उत्सर्जन को लेकर दुनिया भर में विशेष उपायों को अपनाने या लागू करने पर जोर दिया जाता है।

इस समस्या के बढ़ने में अपनी बहुत बड़ी जिम्मेदारी न होने के बावजूद कार्बन उत्सर्जन कम करने को लेकर जब भी कोई मानक तय किया गया, उस पर अमल के लिए विकासशील देशों ने अपनी ओर से हर संभव उपाय किए, सरोकार जताया, जबकि विकसित देशों ने अलग-अलग कारण बता कर इसमें भागीदारी निभाने को लेकर टालमटोल ही किया। कई बार ऐसे मौके आए जब विकासशील देशों को आर्थिक सहायता मुहैया कराने के मामले में पर्यावरण असंतुलन को कसौटी बनाया गया। इसे रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने भी कहा कि जलवायु वित्तपोषण पर प्रगति इस मसले पर जरूरी कार्रवाई पर बढ़ती महत्त्वाकांक्षाओं के अनुरूप दिखनी चाहिए। यह किसी से छिपा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन एक सामूहिक चुनौती है, जिससे निपटने के लिए एकीकृत वैश्विक प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। जहां तक भारत का सवाल है, नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता और संरक्षण, वनीकरण जैसे कई क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियां इसकी प्रतिबद्धता का सबूत हैं। यह सब दरअसल जलवायु संकट या बढ़ते तापमान की समस्या को दूर करने के लिए कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लक्ष्य से उठाए गए कदम हैं। भारत के अलावा भी विकासशील देशों ने अपनी सीमा में इस मसले पर योगदान दिया है, ताकि इस वैश्विक चिंता से निपटने में मदद मिल सके। हालांकि यह समझना मुश्किल है कि बढ़ते तापमान को एक सबसे बड़े संकट के रूप में पेश करने वाले विकसित देश अपने यहां कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने या कम करने को लेकर ईमानदार पहल क्यों नहीं करते। जरूरत इस बात की है कि जिन विकासशील देशों में इस समस्या के हल को लेकर अपेक्षित गंभीरता दर्शायी जा रही है, उन्हें वित्तीय सहायता मुहैया कराई जाए। मगर जलवायु संकट में कमी तब तक संभव नहीं है, जब तक विकसित देश इस दिशा में जरूरी इच्छाशक्ति के साथ काम न करें।

अन्तर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस, 3 दिसंबर, 2023 पर विशेष

## दिव्यांगों को नया आयाम एवं जीवन-मुस्कान दें



ललित गर्ग



हर वर्ष 3 दिसंबर का दिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकलांग व्यक्तियों को समर्पित है। विकलांग भी किसी से कम नहीं, उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए थोड़े से सहयोग एवं समतामूलक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। इसका मुख्य उद्देश्य विश्वभर में विकलांगता और विकलांग लोगों के साथ सामाजिक, पारिवारिक, आर्थिक, और सांस्कृतिक भागीदारी को बढ़ावा देना है और उनके अधिकारों, समर्थन, और समाज में उनके साथ सौहार्द्र बनाए रखना है। वर्ष 2023 की विकलांग दिवस की थीम है एक समावेशी समाज का निर्माण और समान अवसरों का सृजन है। वर्ष 1976 में संयुक्त राष्ट्र आम सभा के द्वारा विकलांगजनों के अंतरराष्ट्रीय वर्ष के रूप में मनाया गया और वर्ष 1981 से अन्तर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस मनाने की विधिवत शुरुआत हुई। विकलांगों के प्रति सामाजिक सोच को बदलने और उनके जीवन के तौर-तरीकों को और बेहतर बनाने के लिये एवं उनके कल्याण की योजनाओं को लागू करने के लिये इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है।

पूरी दुनिया में एक अरब लोग विकलांगता के शिकार हैं। जिनमें से 80 प्रतिशत विकासशील देशों में हैं। अधिकांश देशों में हर दस व्यक्तियों में से एक व्यक्ति शारीरिक या मानसिक रूप से विकलांग हैं। इनमें कुछ संवेदनाविहीन व्यक्ति भी हैं। विकलांगता एक ऐसा शब्द है, जो किसी को भी शारीरिक, मानसिक और उसके बौद्धिक विकास में अवरोध पैदा करता है। ऐसे व्यक्तियों को समाज में अलग ही नजर से देखा जाता है। यह शर्म की बात है कि हम जब भी समाज के विषय में विचार करते हैं, तो सामान्य नागरिकों के बारे में ही सोचते हैं। उनकी ही जिंदगी को हमारी जिंदगी का हिस्सा मानते हैं। इसमें हम विकलांगों को छोड़ देते हैं। आखिर ऐसा क्यों होता है? ऐसा किस संविधान में लिखा है कि ये दुनिया केवल पूर्ण मनुष्यों के लिए ही बनी है? बाकी वे लोग जो एक साधारण इंसान की तरह व्यवहार नहीं कर सकते, उन्हें अलग क्यों रखा जाता है। क्या इन लोगों के लिए यह दुनिया नहीं है? इन विकलांगों में सबसे बड़ी बात यही होती है कि ये स्वयं को कभी लाचार नहीं मानते। वे यही चाहते हैं कि उन्हें अक्षम न माना जाए। उनसे सामान्य तरह से व्यवहार किया जाए। पर क्या यह संभव है?

पिछले कुछ वर्षों में, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों से, विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा करने और दुनिया भर में एक बाधा-मुक्त, समतामूलक समाज की स्थापना करने में कुछ प्रगति हासिल हुई है। लेकिन विकलांग लोगों को हाशिये पर धकेलने वाली पर्यावरणीय, सामाजिक, पारिवारिक और कानूनी बाधाएं फिर भी मौजूद हैं, इसलिए रोज़गार, शिक्षा और चिकित्सा देखभाल में विकलांग लोगों के अधिकार अभी भी अलग-अलग स्तर के प्रतिबंधों के अधीन हैं। लेकिन विकलांग दिवस की बदौलत न केवल सरकारें बल्कि आम जनता में भी विकलांगों के प्रति जागरूकता एवं सौहार्द का माहौल बना है। समाज में उनके आत्मसम्मान, प्रतिभा विकास, शिक्षा, सेहत और अधिकारों को सुधारने के लिये और उनकी सहायता के लिये एक साथ होने की जरूरत है। विकलांगता के मुद्दे पर पूरे विश्व की समझ को नया आयाम देने एवं इनके प्रति संकीर्ण दृष्टिकोण को दूर करने के लिये इस दिन का महत्वपूर्ण योगदान है।

यह दिवस विकलांग लोगों के अलग-अलग मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करता है और जीवन के हर क्षेत्र में चाहे वह राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कोई भी हो, सभी विकलांग लोगों को शामिल करने और उन्हें अपने प्रतिभा प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकलांगों को विकलांग नहीं कहकर दिव्यांग कहने का प्रचलन शुरू कर न केवल उनके आत्म-विश्वास को जगाया है बल्कि एक नयी सोच को जन्म दिया है। हमें इस बिरादरी को जीवन की मुस्कुराहट देनी है, न कि हेय समझना है। विकलांगता एक ऐसी परिस्थिति है जिससे हम चाह कर भी पीछा नहीं छुड़ा सकते। एक आम आदमी छोटी-छोटी बातों पर झुंझला उठता है तो जरा सोचिये उन बदकिस्मत लोगों का जिनका खुद का शरीर उनका साथ छोड़ देता है, फिर भी जीना कैसे है, कोई इनसे सीखे। कई लोग ऐसे हैं जिन्होंने विकलांगता को अपनी कमजोरी नहीं, बल्कि अपनी ताकत बनाया है। ऐसे लोगों ने विकलांगता को अभिशाप नहीं, वरदान साबित किया है।

प्रश्न यह भी है कि विकलांग लोगों को बेसहारा और अछूत क्यों समझा जाता है? उनकी भी दो आँखें, दो कान, दो हाथ और दो पैर हैं और अगर इनमें से अगर कोई अंग काम नहीं करता तो इसमें इनकी क्या गलती? यह तो नसीब का खेल है। इंसान तो फिर भी कहलायेंगे, जानवर नहीं। फिर इनके साथ जानवरों जैसा बर्ताव कहां तक उचित है? किसी के पास पैसे की कमी है, किसी के पास खुशियों की, किसी के पास काम की तो अगर वैसे ही इनके शारीरिक, मानसिक, ऐन्द्रिक या बौद्धिक विकास में किसी तरह की कमी है तो क्या हुआ है? कमी तो सबमें कुछ-न-कुछ है ही, तो इन्हें अलग नजरों से क्यों देखा जाए? परिपूर्ण यानी सामान्य मनुष्य समाज की यह विडम्बना है कि वे अपंग एवं विकलांग लोगों को हेय की दृष्टि से देखते हैं। लेकिन विकलांग लोगों से हम मुंह नहीं चुरा सकते क्योंकि आज भी कहीं-न-कहीं हम जैसे इन्हें हीन भावना का शिकार बना रहे हैं, उनकी कमजोरी का मजाक उड़ा कर उन्हें और कमजोर बना रहे हैं। उन्हें दया से देखने के बजाय उनकी मदद करें, आखिर उन्हें भी जीने का पूरा हक है और यह तभी मुमकिन है जब आम आदमी इन्हें आम बनने दें। जीवन में सदा अनुकूलता ही रहेगी, यह मानकर नहीं चलना चाहिए। परिस्थितियां भिन्न-भिन्न होती हैं और आदमी को भिन्न-भिन्न परिस्थितियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

मनुष्य के मजबूत इरादे दृष्टि दोष, मूक तथा बधिरता को भी परास्त कर देते हैं। अनगिनत लोगों की प्रेरणास्रोत, नारी जाति का गौरव मिस हेलेन केलर शरीर से अपंग थी, पर मन से समर्थ महिला थीं। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति ने दृष्टिबाधिता, मूक तथा बधिरता को पराजित कर नई प्रेरणा शक्ति को जन्म दिया। सुलिवान उनकी शिक्षिका ही नही, वरन् जीवन संगिनी जैसे थीं। उनकी सहायता से ही हेलेन केलर ने टालस्टाय, कार्लमार्क्स, नीत्शे, रविन्द्रनाथ टैगोर, महात्मा गाँधी और अरस्तू जैसे विचारकों के साहित्य को पढ़ा। हेलेन केलर ने ब्रेल लिपि में कई पुस्तकों का अनुवाद किया और मौलिक ग्रंथ भी लिखे। उनके द्वारा लिखित आत्मकथा 'मेरी जीवन कहानी' संसार की 50 भाषाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं। अल्प आयु में ही पिता की मृत्यु हो जाने पर प्रसिद्ध विचारक मार्कट्वेन ने कहा कि, केलर मेरी इच्छा है कि तुम्हारी पढ़ाई के लिए अपने मित्रों से कुछ धन एकत्रित करूँ। केलर के स्वाभिमान को धक्का लगा। सहज होते हुए मृदुल स्वर में उन्होंने मार्कट्वेन से कहा कि यदि आप चन्दा करना चाहते हैं तो मुझ जैसे विकलांग बच्चों के लिए कीजिए, मेरे लिए नहीं।

सचमुच विकलांग एवं अंध होकर भी हेलेन केलर 19वीं शताब्दी की सबसे दिलचस्प महिला हैं। वे पूरे विश्व में 6 बार घूमीं और विकलांग व्यक्तियों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण वातावरण का निर्माण किया। उन्होने करोडों रूपये की धन राशि एकत्र करके विकलांगों के लिए अनेक संस्थानों का निर्माण करवाया। दान की राशि का एक रुपया भी वे अपने लिए खर्च नहीं करती थीं। हेलेन केलर की तरह ही ऐसे अनेक विकलांग व्यक्ति हुए हैं जिन्होंने विकलांगता को अपने जीवन निर्माण एवं विकास की बाधा नहीं बनने दिया। स्टीफन होकिंग का नाम भी दुनिया में एक जाना-पहचाना नाम है। चाहे वह कोई स्कूल का छात्र हो, या फिर वैज्ञानिक, सभी इन्हें जानते हैं। उन्हें जानने का केवल एक ही कारण है कि वे विकलांग होते हुए भी आइंस्टाइन की तरह अपने व्यक्तित्व और वैज्ञानिक शोध के कारण हमेशा चर्चा में रहे।

## शिक्षा से संस्कार, संस्कृति और साक्षरता से जागरूकता लाने के प्रयास के महीन अंतर की गहन मीमांसा

सबसे पहले हमें शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को पहचानना होगाद्य शिक्षा जीवन के महत्व, संस्कार की संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैंद्य शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प हैद्य जिसके अंतर्गत पढ़ना लिखना समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक हैद्य साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना से इसका कोई संबंध नहीं रह जाता हैद्य साक्षरता सदैव रोजगार मूलक पहलुओं से जुड़ी होती है।

जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता हैद्य शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है।

इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और विचारशीलता में वृद्धि करती हैद्य ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षों के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्कृति को अलग-अलग पैमाने से नापा हैद्य सुसंस्कृत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है।पर कई उदाहरणों में ऐसा भी पाया गया है उच्च शिक्षित व्यक्ति उच्छृंखल हो सकता है. वर्तमान समय में उच्च शिक्षित और ज्यादा पढ़े लिखे अज्ञानियों की संख्या बहुतायत में हैद्य ऐसा ज्यादातर तकनीकी शिक्षा के मामले में देखा गया है, इसीलिए उच्च शिक्षित व्यक्ति जो सद व्यवहार नहीं करता, उन्हें केवल साक्षर मान के शिक्षित व्यक्ति ना माना जाएद्य शिक्षा और संस्कृति तथा विरासत के मूल्य का आपस में गहरा संबंध है।जबकि साक्षरता का इससे बहुत दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं हैद्य वैसे शिक्षा और संस्कृति के ज्ञान का प्रारंभिक गर्भावस्था से ही हो जाता है, अर्जुन पुत्र अभिमन्यु इस बात के बहुत बड़े उदाहरण हैद्य महात्मा गांधी तथा अब्राहम लिंकन ने मनुष्य के चरित्र निर्माण एवं विकास के लिए माताओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण बताया हैद्य

परिवार की शिक्षा के बाद विद्यालयों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

इसमें अनुशासन, सहभागिता, समानता एवं नेतृत्व जैसे गुणों का समावेश होता हैद्य पुस्तकों का ज्ञान व्यक्ति एवं व्यक्ति के जीवन में संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देता हैद्य पर शिक्षक की भूमिका जिंदगी में बड़ी ही प्रेरणादाई होती है। यह कहा जाता कि बिना गुरु ज्ञान नहीं हो सकता है, लोकोक्ति सही भी है, शिक्षकों का मार्गदर्शन खेल खेलने से विकसित होने वाले मूल्य जैसे समूह की भावना, निष्पक्षता, ईमानदारी,साहस की भावना को परिष्कृत करती हैद्य ऐसे कई उदाहरण हैं की बिना साक्षरता के व्यक्ति पूर्ण रूप से शिक्षित एवं सुसंस्कृत हो सकता हैद्य अपने समय के महान चिंतक फिलासफर सुकरात ने कहा था कि मैं शिक्षित अथवा ज्ञानी इस अर्थ में हूं,कि मैं कुछ नहीं जानता। शिक्षा व्यक्ति के जीवन में अहंकार,लालच, हिंसा, कटुता आदि को नियंत्रित करने में मदद देती है। पुराण काल में रावण प्रकांड पंडित एवं साक्षर व्यक्ति माना जाता था पर स्त्री के अपहरण में उसका कृत्य अहंकार लालच लिप्सा उसकी साक्षरता को सार्थक नहीं कर पाई।

## चाहत थी आखिरी सांस तक जीने की।

चाहत थी आखरी सांस तक जीने
शर्त तो थी,लम्हा लम्हा जीने की।

आबरू बचा लूं तूफान से,
मेरे उस टूटे हुए सकीने की,
सकिने – शांती,

दिल को तस्कीन सी मिली जाना,
बात जब भी तेरी किसीने की।
तास्किन–तसल्ली,

होश बन जाए न आजाब कहीं ,
अब आरज़ू है शराब पीने की।
आजाब– पीड़ा,दर्द,

मुझको संजीव कभी गम नहीं इसका,
कीमतें बेहद कम मिली पसीने की।



संजीव ठाकुर
रायपुर

## मोदी-मेलोनी की इस दोस्ती के मायने क्या हैं ?

नीरज कुमार दुबे

अगर मोदी और मेलोनी के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर आ रही प्रतिक्रियाओं को देखेंगे तो पाएंगे कि लोग दोनों प्रधानमंत्रियों को लेकर मजेदार टिप्पणियां कर रहे हैं। जैसे एक यूजर ने लिखा है कि इतिहास अपने को दोहरा रहा है, एक बार फिर भारत से बारात इटली जायेगी।

इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी जब इस साल भारत की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारतीय प्रधानमंत्री की ग्लोबल अप्रूवल रेटिंग का जिक्र करते हुए उन्हें दुनिया में सबसे ज्यादा स्नेह और प्यार हासिल करने वाला नेता बताते हुए शर्मा गयीं थीं और प्रधानमंत्री मोदी भी मुस्कुरा दिये थे तब वह वीडियो वायरल हो गया था। इसके बाद से प्रधानमंत्री मोदी जब-जब भी इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी से मिले तब-तब दोनों की मुलाकात की तस्वीरें और वीडियो वायरल होने लगे और सोशल मीडिया पर मीम्स बनाने वालों ने मोदी और मेलोनी की दोस्ती को %मेलोडी% नाम दे दिया और इन दोनों नेताओं की वैश्विक मंचों और द्विपक्षीय आधार पर होने वाली मुलाकातों की तस्वीरों का लोगों को इंतजार रहने लगा।

देखा जाये तो मोदी और मेलोनी जानते हैं कि सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें वायरल होती हैं इसलिए दोनों कोई मौका नहीं चूकते अपनी मुलाकातों की तस्वीरें पोस्ट करने का। प्रधानमंत्री मोदी जब इस सप्ताह दुबई में जलवायु परिवर्तन मुद्दे पर आयोजित वैश्विक सम्मेलन में भाग लेने गये तो वहां भी उनकी इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी से मुलाकात हुई। दोनों नेता इस मुलाकात के दौरान काफी हंसते खिलखिलाते नजर आये। बस फिर क्या था वीडियो और तस्वीरें तमाम तरह के कैप्शन के साथ वायरल होने लगे। यही नहीं, मोदी और मेलोनी दोनों ने अपने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी अपनी मुलाकात की तस्वीरें पोस्ट कीं जोकि देखते ही देखते वायरल हो गयीं। मोदी के साथ तस्वीर का मेलोनी को इतना फायदा हुआ कि सोशल मीडिया मंच एक्स पर दो मिलियन फॉलोअर रखने वालीं मेलोनी की मोदी के साथ फोटो को कुछ ही घंटों में 16 मिलियन लोगों ने देख लिया और उनके फॉलोअर्स की संख्या में भी तेजी से इजाफा हो गया।

अगर मोदी और मेलोनी के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर आ रही प्रतिक्रियाओं को देखेंगे तो पाएंगे कि लोग दोनों प्रधानमंत्रियों को लेकर मजेदार टिप्पणियां कर रहे हैं। जैसे एक यूजर ने लिखा है कि इतिहास अपने को दोहरा रहा है, एक बार फिर भारत से बारात इटली जायेगी। एक यूजर ने लिखा कि मोदी जी को अब समझ आया कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी क्यों इटली गये थे। एक यूजर ने लिखा कि मोदी और मेलोनी की तस्वीरें देखने के बाद भाजपा के प्रवक्ताओं ने सोनिया गांधी के इतालवी मूल के मुद्दे पर निशाना





साधना बंद कर दिया है। एक यूजर ने लिखा कि मोदी ने पहले राहुल गांधी के पारिवारिक गढ़ अमेठी में अपनी पैठ बनाई और अब उनके ननिहाल में भी अपनी पैठ बना रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि मोदी और मेलोनी की दोस्ती पर कांग्रेस का कोई नेता टिप्पणी करने का साहस नहीं जुटा पा रहा है क्योंकि सोनिया गांधी भी इतालवी मूल की हैं। एक यूजर ने लिखा कि भारत और इटली के संबंध अपने सबसे सुनहरे दौर में हैं। एक यूजर ने प्रसिद्ध विज्ञापन की तर्ज पर लिखा कि मेलोडी आखिर राजनीतिक रूप से इतनी चॉकलेटी क्यों है। इसी तरह की तमाम टिप्पणियां आपको दोनों प्रधानमंत्रियों के सोशल मीडिया अकाउंटों पर देखने को मिल जायेंगी।

लेकिन मजाक से हट कर जरा मोदी की कूटनीति को समझेंगे तो पाएंगे कि भारतीय प्रधानमंत्री के लिए देश हित ही सबकुछ है। समस्त भारतीयों को अपने परिवारजन कह कर संबोधित करने वाले प्रधानमंत्री मोदी दशकों पहले ही अपने परिवार को छोड़ भारत माता की सेवा करने निकल पड़े थे। जो लोग मोदी की मेलोनी के साथ तस्वीरों को देख कर आनंद ले रहे हैं वह दरअसल मोदी की कूटनीति को नहीं जानते। मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद जिस तरह वैश्विक नेताओं के साथ अपने संबंध स्थापित किये हैं उसके चलते भारत को अनेकानेक लाभ हुए हैं और भारत के प्रति दुनिया का नजरिया भी बदला है। यह मोदी के करिश्माई नेतृत्व का ही कमाल है कि वह ग्लोबल अप्रूवल रेटिंग में दुनिया में सबसे आगे हैं। मोदी सिर्फ भारत और भारतीयों की ही चिंता नहीं करते बल्कि वह दुनिया के किसी भी कोने में आपदा के समय सबसे पहले मदद भेजने वाले नेताओं में शुमार हैं और महामारी के समय वैक्सीन मैत्री अभियान चला कर उन्होंने पूरी दुनिया का दिल जीता था। इस सबके चलते ही वह पूरी दुनिया में सबसे लोकप्रिय नेता बने हैं। जाहिर है जब कोई वैश्विक नेता उनसे मिलता है तो वह उनसे बहुत कुछ सीखना भी चाहता है और मित्रता भी करना चाहता है। मोदी भी किसी को निराश नहीं करते और सबके साथ घुल मिलकर बात करते हैं। लोगों की स्मृतियों में मोदी की कई ऐसी तस्वीरें होंगी जब वह दुनिया के बड़े नेताओं के साथ गले मिलते हैं, हाथ मिलाते हैं, हाथ पकड़ कर बातें करते हैं या कंधे पर हाथ रखकर बात करते हैं। देखा जाये तो मोदी जब किसी राष्ट्राध्यक्ष से मिलते हैं तो उनकी पहली प्राथमिकता इस बात की रहती है कि कैसे अपने देश भारत के संबंध उस नेता के देश के साथ प्रगाढ़ किये जायें। जाहिर है इसके लिए व्यक्तिगत मित्रता बनाना बेहद जरूरी है क्योंकि सिर्फ राजनयिक या कूटनीतिक संबंध हर जगह काम नहीं आते। इसलिए मोदी सबसे मित्रता स्थापित करने पर जोर देते हैं तभी तो कभी अमेरिका के राष्ट्रपति सार्वजनिक रूप से मोदी से कहते हैं कि आप तो हमारे देश में मुझसे भी ज्यादा लोकप्रिय हैं, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री कह देते हैं कि मोदी बॉस हैं। यही नहीं, कोई राष्ट्राध्यक्ष मोदी के आगमन पर उनके पैर छू लेता है तो कोई उन्हें गले से लगाकर रखना चाहता है। विभिन्न देशों में मोदी को अपने देश के सर्वोच्च सम्मान से नवाजने की होड़ दिखाती है कि मोदी दुनियाभर में कितने लोक्रपिय हैं।

इसके अलावा, मोदी की यह मित्रता वाली डिप्लोमेसी सिर्फ पुरुष नेताओं के साथ ही नहीं दिखती बल्कि महिला नेताओं के साथ भी मोदी बेहद सहज रहते हैं ताकि भारत को और दूसरे देशों में रह रहे भारतीयों को इसका लाभ हो। आप मोदी की फिनलैंड की प्रधानमंत्री साना मरीन के साथ मुलाकात देखिये। आप मोदी की स्वीडन की प्रधानमंत्री मैगडालेना एंडरसन के साथ मुलाकात देखिये, आप मोदी की तत्कालीन जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल के साथ मुलाकात देखिये, आप यूनान की राष्ट्रपति के साथ मोदी की मुलाकात देखिये, आप डेनमार्क की महारानी के साथ मोदी की मुलाकात देखिये, आप डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसेन के साथ मोदी की मुलाकात देखिये, आपको सब समझ आ जायेगा कि मोदी कैसे सभी से मित्रवत संबंध बना कर भारत और भारतीयों की राह आसान करते हैं। हम आपको याद दिला दें कि डेनमार्क की प्रधानमंत्री के साथ सैर करते हुए मोदी के वीडियो भी खूब वायरल हुए थे और तमाम टिप्पणियां की गयी थीं लेकिन चूंकि इटली और इलालवी मूल का मुद्दा भारत में दशकों से राजनीति से भी जुड़ा हुआ है इसलिए लोग इटली की प्रधानमंत्री के साथ मोदी की मुलाकातों पर जमकर टिप्पणियां कर रहे हैं।

नई दिल्ली
रविवार 03 दिसंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### डीसीएम वाहन और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत, एक घायल

सीतापुर । उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के थाना बिसवन अंतर्गत शनिवार में वाहन और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और एक महिला घायल हो गई। घायल महिला को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है। पुलिस के अनुसार थाना रेउसा के ग्राम कालीमापुर निवासी प्रगट सिंह अपनी बहू गुरविंदर कौर को अमृतसर भेजने के लिए रेउसा से बिसवन आ रहे थे। इस बीच शीतला माता मंदिर के पास मोटरसाइकिल और डीसीएम वाहन की टक्कर हो गई। जिसमें दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवन लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परगट सिंह (60) को मृत घोषित कर दिया गया और उसकी बहु गुरविंदर सिंह की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भेजा गया है। दुर्घटना के बाद डीसीएम चालक मौके से फरार हो गया पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

### नकली करेंसी मामले में एनआईए बेंगलुरु की टीम ने मारा छापा, अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर । उत्तर प्रदेश के थाना बंडा क्षेत्र में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) टीम ने छापेमारी कर बंगलुरू कर्नाटक , में वांछित अभियुक्त आदित्य सिंह उर्फ विवेक ठाकुर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के ऊपर नकली करेंसी निर्माण और विक्रय के आरोप है इसके पास से लैपटॉप और कई दस्तावेज बरामद हुए हैं। एनआईए की टीम पूछताछ करने में जुटी हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर सुधीर जायसवाल ने शनिवार को यूनीवार्ता से बताया कि (एनआईए) बंगलुरू की तीन सदस्यीय टीम द्वारा छापेमारी कर जनपद बंगलुरू कर्नाटक , में वांछित अभियुक्त आदित्य सिंह उर्फ विवेक ठाकुर (22) को रामनगर कालोनी थाना बण्डा से नकली करेंसी निर्माण व विक्रय करने के संदेह में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त आदित्य सिंह उर्फ विवेक ठाकुर के कब्जे से एक अदद लेपटाप व दो अदद मोबाइल जांच हेतु पुलिस ने कब्जे में लिया गया। अभियुक्त आदित्य सिंह उर्फ विवेक ठाकुर उपरोक्त को ट्रांजिट रिमाण्ड के लिए न्यायालय के समक्ष भेजा रहा है।

### बच्चों के विवाद में नवविवाहिता की हत्या

मैनपुरी। मैनपुरी में शुक्रवार शाम बच्चों के विवाद में एक नवविवाहिता की घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई। पहले तो दो पक्षों में मारपीट हुई। इसके बाद बात इतनी बढ़ गई कि एक पक्ष ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इसमें दूसरे पक्ष की नवविवाहिता को गोली लग गई। वह लहूलुहान होकर गिर पड़ी। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी मौत को गई। वहीं दो लोग घायल हैं। उन्हें भर्ती कराया गया है। हत्या की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। इसके साथ ही शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मामला औछा थाना के गांव अंतपुर का है। यहां संदीप कुमार अपने परिवार के साथ रहते हैं। बगल में उनके ताऊ हरिश्चंद्र का घर है। मृतक युवती के चाचा जय सिंह ने बताया, 10 तारीख को घर के बाहर हमारी भतीजी मुस्कान (13) चबूतरे को लीप रही थी। इसी दौरान हरिश्चंद का लड़का उसके ऊपर से निकलने लगा। जब हमारी बच्ची ने मना किया, तो वह उससे अभद्रता करने लगा। गला पकड़कर उसको पीटा। जिसको लेकर उन्होंने डायल-112 को सूचना दी। पुलिस दोनों पक्षों को समझाकर लौट गई।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**भदोही ( संत रविदास नगर )।** भदोही कोतवाली के मोढ़ पुलिस चौकी क्षेत्र के सरायछत्रशाह में शनिवार की सुबह एक 45 वर्षीय व्यक्ति की शौच के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची मोढ़ चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की सूचना के घर परिवार में कोहराम मच गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जौनपुर जनपद के मीरगंज निवासी छोटेलाल कनौजिया 45 वर्ष पत्नी और दो बच्चों संग अपनी ससुराल सरायछत्रशाह में किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आये थे। शनिवार की सुबह वह शौच के लिए घर से निकले थे। वहीं घर से कुछ दूरी पर स्थित रेलवे ट्रैक पर शौच के लिए बैठ गये। इस दौरान घने कोहरे के बीच आ रही डेमो पैसेंजर ट्रेन की आवाज उनको सुनाई नहीं दिया। ट्रेन के धक्के से छोटेलाल के सिर पर गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं काफी देर बीत जाने के बाद भी जब छोटे लाल नहीं लौटे तो ससुराल वाले उनको देखने के लिए गये तो देखा कि छोटेलाल का शव रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा हुआ था। मौत की सूचना पर ससुराल में कोहराम मच गया।

### हापुड़ में हाईटेंशन तार टूटकर एलटी लाइन पर गिरा, करंट लगने से एक की मौत

हापुड़। हापुड़ के थाना देहात इलाके के गांव गोंदी में हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर एलटी लाइन पर गिरने से घरों में 11 हजार वोल्टेज का करंट दौड़ पड़ा। करंट लगने से युवक की मौत हो गई, दस से अधिक घरों में लगे उपकरणों और जरूरी सामान में आग लग गई। आग बुझाने के प्रयास में कई झुलसे। हंगामा कर रहे ग्रामीणों को पुलिस व प्रशासन के अफसरों ने समझाकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। ग्रामीणों ने आर्थिक मुआवजा दिलाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार गांव गोंदी के बीच से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है, जो जर्जर हालत में है। शनिवार सुबह हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर नीचे से गुजर रहे केबिलों पर गिर गया, घरों की रेलिंग से भी तार छू गया। बताया गया कि बड़ी संख्या में घरों में हाईटेंशन करंट दौडने लगा। परवेज उर्फ गुड्डू ने जलते उपकरणों को बचाने के लिए जैसे ही तार को छुआ, वह चपेट में आ गया। परिजनों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली, परवेज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के विरोध में विद्युत विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से गुस्साए ग्रामीणों ने जमकर हंगामा करना शुरू कर दिया।

### मांगी तीन लाख की रंगदारी, आरोपी गिरफ्तार

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले की पुलिस ने स्कूल प्रबंधक से तीन लाख रूपए की रंगदारी मांगने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में पीड़ित स्कूल प्रबंधक आलोक मिश्रा ने पुलिस से शिकायत की थी। जिले के कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले हरीशचन्द्र पब्लिक स्कूल के संचालक को आरोपी जगदीश उपाध्याय और उनके बेटे पीयूष उपाध्याय ने स्कूल पहुंचकर तीन लाख रूपए की मांग की। इसके साथ ही पैसा न देने पर आरोपी अंजाम भुगतने की चेतावनी भी दे रहे थे। इस सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। इसी क्रम में एक आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है जबकि दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले की विवेचना कर रहे सब इंस्पेक्टर रविन्द्रनाथ पांडेय ने बताया कि आरोपी जगदीश उपाध्याय और पीयूष उपाध्याय की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में आरोपी जगदीश उपाध्याय को अग्रसेन तिराहे से हिरासत में ले लिया गया है।

### युवती की गला घोंटकर निर्मम हत्या

सीतापुर। सीतापुर में घर से खेतों की तरफ निकली एक युवती का गन्ने के खेत मे शव मिलने से हड़कंप मच गया। घर न पहुंचने पर पर जिन्होंने युवती की खेतों की तरफ तलाश की तो युवती का दुप्पटे से गला कसा हुआ शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिवार वालों ने हत्या का शक जताते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है। घटना मिश्रिख कोतवाली इलाके की है। यहां के ग्राम जालेपरा इलाके में की एक युवती का शव गन्ने के खेत में मिला है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम जालेपारा निवासी रामनाथ की 25 वर्षीय पुत्री सुनीता घर से सुबह शौच के लिए खेतों की तरफ गई थी। बताया जा रहा है कि काफी देर तक जब युवती घर नही पहुंची तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। गांव के बाहर खेतों की तरफ तलाश के दौरान ही युवती का शव खेत मे दुप्पटे से गला कसा हुआ पड़ा था।

# 15 दिसंबर तक बनकर तैयार हो जाएगा अयोध्या का इंटरनेशनल एयरपोर्ट

## मुख्यमंत्री योगी ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के साथ किया एयरपोर्ट का निरीक्षण

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां निर्माणाधीन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का निरीक्षण किया। उनके साथ केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ वीके सिंह भी मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों ने एयरपोर्ट के निर्माण से जुड़े प्रेजेंटेशन को भी देखा और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने मीडिया को बताया कि अयोध्या में बन रहे इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण का निर्माण कार्य 15 दिसंबर तक पूरा हो जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप प्रभु श्रीराम की पावन अयोध्या नये भारत की नई अयोध्या बन रही है। अयोध्या की देश और दुनिया के साथ कैसी कनेक्टिविटी होनी चाहिए, इसी के निरीक्षण के लिए यहां केंद्रीय मंत्रियों के साथ आना हुआ है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में पहले मात्र 178 एकड़ में बहुत छोटी सी एयरस्ट्रिप थी। इसे एक बड़े इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रूप में तैयार



किया गया है। 821 एकड़ लैंड राज्य सरकार की ओर से उपलब्ध कराने के बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी इंडिया द्वारा नये एयरपोर्ट का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। उन्होंने बताया कि अयोध्या के विकास के लिए जो इन्फ्रास्ट्रक्चर आवश्यक है वो अयोध्यावासियों को प्राप्त होगा। अयोध्या को उसका गौरव पुन: प्रदान करने के लिए सरकार पूरी गंभीरता के साथ प्रयास कर रही है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि अयोध्या के हवाईअड्डे में यहां की सांस्कृतिक क्षमता को परिलक्षित करने की कोशिश हुई है।

पहले चरण में 65 हजार वर्ग फुट का हवाईतल बनने जा रहा है। इसकी क्षमता प्रतिघंटे 2 से 3 फ्लाइट की होगी। यहां 2200 मीटर के रनवे का क्रियान्वयन होने जा रहा है, जिसपर छोटे विमानों के साथ ही बोइंग 737, एयरबस 319 और एयरबस 320 जैसे बड़े विमान भी लैंड कर सकेंगे। शुरुआत में यहां 8 एप्रन बनाए गये हैं। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण के लिए शीघ्र ही कैबिनेट से स्वीकृति लेने की तैयारी है।

दूसरे चरण में रनवे की लंबाई को बढ़ाकर 3700 मीटर किया जाएगा, ताकि बोइंग 787 और बोइंग 777 जैसे सारे अंतरराष्ट्रीय विमान सीधे अयोध्या में लैंड कर सकें। पहले फेज के समीप ही दूसरे फेज के विमानतल को तैयार किया जाएगा, जोकि 5 लाख स्क्वाएर फुट का होगा।

# शादी के एक दिन पहले युवती की हत्या

## घर से 500 मीटर दूर मिला खून से लथपथ शव, जीजा के खिलाफ केस

**प्रयागराज ।** (पीएमए) सरायइनायत इलाके के मुसहा दलापुर गांव में शनिवार को शादी के एक दिन पहले युवती की हत्या कर दी गई। रविवार को सुबह घर से करीब पांच सौ मीटर दूर बरईपुर गांव में रक्त रंजित शव मिला। युवती की हत्या की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में परिजनों ने युवती के जीजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।




थाना क्षेत्र के मुसहा दालापुर गांव निवासी रामचंद्र बिंद घर पर ही रहकर खेती किसानी करते हैं। रविवार को रामचंद्र की पुत्री रीना की शादी थी। बरात उतरांव थाना क्षेत्र के जलालपुर से आनी थी। घर में खुशी का माहौल था। घर पर रिश्तेदार आ चुके थे। परिजनों ने बताया की रात तकरीबन बारह बजे तक घर के सभी सदस्य खाना खा कर सोने चले गए।

रीना भी सोने के लिए अपने कमरे में चली गई। रविवार को सुबह घर से तकरीबन पांच सौ मीटर दूर बरईपुर गांव के बाग में शौच के लिए गए ग्रामीणों ने रीना की रक्तरंजित लाश देखी तो कोहराम मच गया।

### रिश्वत लेते लेखपाल रंगे हाथ गिरफ्तार

बिजनौर। (पीएमए) उत्तर प्रदेश के विजिलेंस सेल की एक टीम ने शुक्रवार को बिजनौर जिले के सदर तहसील के एक लेखपाल सतेन्द्र कुमार को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। लेखपाल जमीन के दाखिल खारिज के नाम पर एक किसान से दस हजार रुपए घुस ले रहा था। इस ने जैसे ही रिश्वत की रकम वसूली, कार्यालय के पास ही मौजूद विजिलेंस सेल की बरेली जिले की टीम ने लेखपाल को रंगे हाथ पकड़ लिया। रामतौर नामक जिस व्यक्ति ने रिश्वत दिये, उसने पहले ही विजिलेंस टीम में शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में शिकायत सही पाये जाने के बाद मामला दर्ज कर यह कार्रवाई की गई। विजिलेंस टीम की अगुवाई निरीक्षक इन्द्र सिंह कर रहे थे।

# साइबेरियन पक्षियों का शिकार करने वाले 2 आरोपी अरेस्ट

**कानपुर।** कानपुर में साइबेरियन पक्षियों का शिकार करने के मामले में महाराजपुर थाने की पुलिस ने दो आरोपियों को अरेस्ट कर लिया है। जबकि दो नाबालिगों को हिरासत में पूछताछ की जा रही है। साइबेरियन पक्षियों का शिकार करके ले जाने का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद वन विभाग और पुलिस की टीम हरकत में आई है। एफआईआर दर्ज करके शिकार करने वाले दो शिकारियों को दबोच लिया है।

### विदेशी मेहमान साइबेरियन पक्षियों पर शिकारियों की नजर

वन विभाग के सरसौल बीट प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा के मुताबिक सोशल मीडिया पर संरक्षित साइबेरियन पक्षियों के शिकार करने का एक वीडियो वायरल हो रहा था। मामले की जांच पड़ताल की तो सामने आया कि महाराजपुर थाना क्षेत्र के डोमनपुर पुरवामीर क्षेत्र गंगा कटरी में लोग चोरी-छिपे गंगा में आने वाले साइबेरियन पक्षियों का शिकार कर रहे हैं। पड़ताल करने पर पता चला कि इलाके के दिबियापुर में रहने वाले विनोद और रामपाल साइबेरियन पक्षियों का शिकार करके ले जा रहे हैं। उनके साथ दो नाबालिग भी हैं। इन चारों का ही वीडियो वायरल हुआ है।

शिकारियों की पहचान होने के बाद बीट प्रभारी की तहरीर पर महाराजपुर थाना प्रभारी ने चारों आरोपी विनोद, रामपाल और दो नाबालिगों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम-1972 की धारा-9 और 21 के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# भदोही : दिन दहाड़े कार से लूटे नकदी और ज्वैलरी

एजेंसी

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के गोपीगंज मीरजापुर मार्ग पर शनिवार को दिनदहाड़े उचक्कों ने होंडा सिटी कार में रखे बैग से नगदी सहित ज्वेलरी उड़ा दिए।

बताया जाता है कि इंदौर निवासी राजेश यादव अपनी पत्नी के साथ विंध्यांचल दर्शन करने के बाद कार से वाया गोपीगंज प्रयागराज जा रहे थे, जैसे ही मीरजापुर रोड से हाइवे की तरफ बढ़े कि अज्ञात लोगों द्वारा उनकी गाड़ी के आगे मोबिल और मिर्च डाल दिया गया। इतने में दो और अज्ञात लोगों ने गाड़ी को रोककर कहा कि आपकी गाड़ी से धुंआ निकल रहा है। वह गाड़ी से उतरकर देखा तो धुंआ निकल रहा था। जिस पर राजेश पास में मैकेनिक को बुलाने चला गया। इसी बीच पुलिस आई और सड़क से गाड़ी हटाने को कहा।

कार के अंदर बैठी पत्नी ने कहा की मेरे पति मैकेनिक को बुलाने गए है, आते हैं तो गाड़ी हटाते हैं, पर पुलिस वाले मानने को तैयार नहीं हुए और कहा कि डीआइजी आ रहे है यहाँ से गाड़ी हटाइए। पुलिस की जिद के चलते पत्नी को बाहर निकलना पड़ा। इतने में अज्ञात उचक्कों द्वारा गाड़ी में रखा बैग उड़ा दिया गया जिसमे ज्वेलरी और 25 से 30 हजार रुपए नगद थे। गाड़ी से बैग गायब होने पर पीड़ित ने यूपी डायल 112 नंबर पर कॉल किया। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई।

### बुजुर्ग का शव फांसी पर मिला झूलता

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली के खींरो इलाके में संदिग्ध हालात में बुजुर्ग का शव उसके घर के बरामदे में फांसी पर झूलता मिला है। पुलिस क्षेत्राधिकारी महिपाल पाठक ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार शनिवार की रात में खींरो इलाके के एक बेहटा शासनपुर गांव में एक बुजुर्ग का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। मृतक की मृत्यु की सूचना उसके भाई ने दी थी। पुलिस के अनुसार खींरो थाना क्षेत्र का रहनेवाला दीप कुमार द्विवेदी (62) की पत्नी अपनी पुत्री के पास मुंबई गयी थी। मृतक अपने घर पर अकेला ही रहता था और आसपड़ोस में खाना खाता था। रात को उसका शव उसके घर के बरामदे में जिस पर टीन शेड पड़ा था उसकी बल्ली से अगौंछे से झूलता मिला। पुलिस के अनुसार मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है।

# फर्रुखाबाद : चार कीटनाशक दवा विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित

**फर्रुखाबाद ।** (वार्ता) उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में जिला कृषि अधिकारी के नेतृत्व में संयुक्त अधिकारियों टीम ने किसानों को गुणवत्तापूर्ण कीटनाशक दवाइयां उपलब्ध न कराए जाने के मामले में शनिवार को जिले के,39 कीटनाशक दवा विक्रेताओं की दुकान पर छापामारी के चार कीटनाशक दवा विक्रेताओं के लाइसेंस तात्कालिक प्रभाव से निलंबित किए गए तथा 10 कीटनाशक दवा विक्रेताओं के जांच के लिए सैंपल भरे गए।

यह जानकारी आज शनिवार को सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि जिले के किसानों को गुणवत्तापूर्ण कीटनाशक दवाइयां उपलब्ध न कराए जाने के मामले में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के निर्देशन में आज जिला कृषि अधिकारी वीके सिंह के नेतृत्व में संयुक्तअधिकारियों की गठित टीम ने जिले के 39 कीटनाशक दवा विक्रेताओं की दुकान पर अचानक छापामारी की।

प्रवक्ता ने आगे बताया कि कृषि विभाग के अधिकारियों की छापामारी में मेंसर्स दीपक ट्रेडर्स जहानगंज व जयदुर्गा बीज भंडार शमशाबाद व आदर्श कृषि सेवा केंद्र रोशनाबाद तथा चतुर्वेदी बीज भंडार शमशाबाद द्वारा कीटनाशक दवा विक्रेताओं मे कुछ दुकानदार अपनी दुकानो को बंद कर अचानक गायब हो गये तो कुछ दुकानदार अपने मांगे गये अभिलेखों को नहीं दिखा सके। इन मामलों में चारों कीटनाशक दवा विक्रेताओं के लाइसेंस तात्कालिक प्रभाव से निलंबित किए गए ।

इसके साथ ही 10 अन्य कीटनाशक दवा विक्रेताओं की दुकानों से जांच के सैंपल भरे गए।

यहां कृषि अधिकारियों की अचानक छापामारी से जिले के कीटनाशक दवा विक्रेताओं के संस्थानों में अफरा तफरी मच गई।

इधर सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि यदि किसानों को गुणवत्तापूर्ण कीटनाशक दबाए उपलब्ध न कराई गई तो कृषि अधिकारियों का छापामारी अभियान लगातार जारी रहेगा।

# जयश्रीराम का नारा लगाने वाले छात्र स्कूल से निष्कासित, विरोध प्रदर्शन

झांसी। उत्तर प्रदेश में झांसी के मऊरानी में एक स्कूल के चार छात्रों को जय श्रीराम का नारा लगाये जाने पर स्कूल प्रशासन ने आठ दिन के लिए निष्कासित कर दिया है।

जयश्रीराम का नारा लगाने पर छात्रों के स्कूल से निष्कासन की खबर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जमकर विरोध शुरू हो गया। कुछ हिंदूवादी संगठनों ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया जताते हुए आज जमकर विरोध प्रदर्शन किये। मामला मऊरानीपुर कोतवाली क्षेत्र के सेंट मेरी सीनियर सेकेंड्री स्कूल का है । इस मामले पर मचे बवाल को देखते हुए स्कूल प्रशासन अब बैकफुट पर आ गया है और पूरे मामले को लेकर खंडन



पत्र जारी कर दिया है। गौरतलब है कि हाईस्कूल के छात्रों को अपनी रूचि के विषय पर निबंध लिखने को कहा गया था। दूसरे दिन स्कूल पहुंचे बच्चों ने अपने अपने निबंध पढ़ कर सुनाये । एक छात्रा सहित तीन अन्य छात्रों ने राममंदिर पर निबंध लिखा और अपने निबंध का समापन जय श्रीराम का नारा लगाते हुए किया। इस पर विद्यालय प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया और पूरी तरह से अस्वीकार्य बताकर सभी बच्चों के अभिभावकों को बुलाकर आठ दिन के लिए स्कूल से निष्कासित कर दिया।

मामले के बारे में लोगों को जानकारी मिलते हुए सोशल मीडिया पर स्कूल प्रशासन की कार्रवाई को लेकर सवाल उठाये जाने लगे और विरोध भी शुरू हो गया। सोशल मीडिया से फैली सूचनाओं पर कई हिंदूवादी संगठन और छात्र संगठन एबीवीपी के सदस्य भी विरोध में सामने आ गये तथा स्कूल प्रशासन का पुतला फूंक दिया। इतना ही नहीं स्कूल प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा । संगठनों की ओर से चेतावनी दी गयी कि यदि एक सप्ताह में उचित कार्रवाई नहीं हुई तो इससे भी अधिक कठोर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। मामले को तूल पकड़ता देख विद्यालय प्रशासन के सुर ढीले पड़ गये और विरोध प्रदर्शन तेज होने पर स्कूल की ओर से खंडन भी जारी किया गया।

# जालौन : बालू व मौरम के अवैध खनन में लगे 17 वाहनों पर जुर्माना

एजेंसी

जालौन। उत्तर प्रदेश के जालौन जिला प्रशासन ने अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग करने वालों के खिलाफ शनिवार को कड़ी कार्रवाई करते हुए 17 वाहनों पर 08.59 लाख का जुर्माना लगाया गया।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि ओवरलोडिंग व अवैध परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम खान अधिकारी राजेश कुमार, खान निरीक्षक आनंद कुमार ने जनपद के विभिन्न स्थानों पर सघन चैकिंग अभियान चलाकर जनपद में अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग बालू और मौरम व गिट्टी के अवैध परिवहन करते हुए 17 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 08.59 लाख का जुर्माना लगाया गया। जनपद में यह अभियान निरन्तर चलाया जाएगा।

खान अधिकारी ने कहा कि जनपद में किसी भी हाल में बालू/मौरम व गिट्टी के अवैध परिवहन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध खनन करने वालों और अवैध खनिज परिवहन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी, इसके प्रति जीरो टॉलरेंस नीति जारी रहेगी।

# इंस्पेक्टर को वर्दी उतरवाने की धमकी, आरोपी अरेस्ट

एजेंसी

आजमगढ़। आजमगढ़ के जीयनपुर कोतवाली के इंस्पेक्टर को वर्दी उतरवाने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जीयनपुर के इंस्पेक्टर विवेक पांडेय के सीयूजी नंबर पर 30 नवंबर को राजेश यादव ने अपने आप को भाजपा का एमएलसी सुभाष यदुवंश बनकर मोबाइल नंबर 7388133535 से सीयूजी पर फोन किया।

फोन पर ही इंस्पेक्टर को रामजीत यादव के विरूद्ध कोई कार्रवाई न करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही आरोपी ने कहा कि इस बारे में तुम्हारे उच्चाधिकारियों से बात करता हूं। दोबारा उस व्यक्ति के खिलाफ कोई कार्रवाई किए तो ठीक नहीं होगा।

इसके साथ ही आरोपी ने इंस्पेक्टर को कई बार कॉल कर वर्दी उतरवाने की धमकी देते हुए कहा कि तुम्हारे कार्य से सरकार के काम में बाधा उत्पन्न हो रही है। इस मामले के बाद पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। आरोपी को अरेस्ट किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी की गई।

# जिलाधिकारी ने जिले के विभिन्न बूथ केन्द्रों का किया निरीक्षण

## निर्वाचक नियमावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, महिला बीएलओ के काम को सराहा

**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार शनिवार को संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बने जिले के विभिन्न बूथ केन्द्रों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बूथ केन्द्रों की संख्या,तैनात बीएलओ की संख्या, मतदाता सूची,कितने फार्म- 6,7,8 प्राप्त हुए,जेंडर रेशियो और बीएलओ के मूल पद की जानकारी ली।

जिलाधिकारी सर्वप्रथम बांसडीह इंटर कॉलेज पहुंचे।यहां पर सात बूथ पर सात बीएलओ मौजूद थे।एक महिला बीएलओ के पास कुल 23 फॉर्म मौके पर पाए गए।जिसमें से अधिकतर संख्या फार्म 6 की थी जो नए



मतदाताओं से संबंधित है।

### जिलाधिकारी ने महिला बीएलओ को दी शाबासी

इनमें से 12 पुरुष और 11 महिलाओं के आवेदन थे।जिलाधिकारी ने उस महिला बीएलओ को शाबासी दी और साथ ही अन्य बीएलओ को उनसे प्रेरणा लेकर नए मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने का निर्देश दिया।इसके अलावा एसडीएम राजेश गुप्ता को उस महिला को सम्मानित करने को कहा।

इसी प्रकार जिलाधिकारी ने ब्लॉक संसाधन केंद्र बांसडीह , बलिया का निरीक्षण कर सभी बूथ केन्द्रों पर फार्म 6, 7 और 8 के अंतर्गत कुल प्राप्त आवेदन पत्रों में से कितने महिला और पुरुष मतदाताओं के आवेदन आए हैं, इसकी जानकारी वहां के बीएलओ,पदाभिहित अधिकारी से लिया। नए मतदाताओं के आवेदन कम पाए जाने के कारण यहां पर चार बूथों पर तैनात चारों बीएलओ को स्पष्टीकरण देने और सभी को अधिक से अधिक नए मतदाताओं को जोड़ने का निर्देश दिया।

## शार्ट न्यूज

### बॉम्बे हाईकोर्ट ने आदेश का पालन नहीं करने पर सेबी को फटकारा, कहा- इससे निवेशकों का भरोसा घटेगा

नई दिल्ली। बंबई उच्च न्यायालय ने अदालत के आदेश का पालन नहीं के मामले में भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) को फटकार लगाई है। अदालत ने शुक्रवार को कहा कि सेबी को जनहित में काम करने की जरूरत है। न्यायमूर्ति जीएस कुलकर्णी और न्यायमूर्ति जितेंद्र जैन की खंडपीठ ने कहा कि सेबी के इस तरह के रुख से निवेशकों के विश्वास को झटका लगेगा। उच्च न्यायालय ने अक्टूबर में सेबी को निर्देश दिया था कि वह एक कंपनी के माइनॉरिटी शेयरधारकों को कुछ जांच दस्तावेज मुहैया कराए। कंपनी और सेबी ने इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसने नवंबर में अपील खारिज कर दी। याचिकाकर्ता भारत निधि लिमिटेड के माइनॉरिटी शेयरधारक हैं और उन्होंने कंपनी पर प्रतिभूति कानूनों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए सेबी से कई शिकायतें की थीं। सेबी ने तब इसकी जांच शुरू की थी, कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया था और बाद में एक निपटान आदेश पारित किया था, जिसे अब रद्द कर दिया गया है। याचिकाकर्ताओं ने अपनी अपील में दावा किया था कि उन्हें न तो जांच रिपोर्ट और न ही कोई प्रासंगिक दस्तावेज प्रदान किए गए। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सेबी द्वारा की जा रही जांच एक तमाशा है। सेबी ने शुक्रवार को उच्च न्यायालय को बताया कि चूंकि निपटान आदेश रद्द कर दिया गया है, इसलिए मौजूदा याचिकाओं में कुछ भी नहीं बचा है।

### इस हफ्ते सोने-चांदी में रही तेजी

नई दिल्ली। इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में शानदार तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार, सर्राफा बाजार में इस हफ्ते की शुरुआत, यानी 28 नवंबर को सोना 61,895 रुपए पर था, जो अब यानी 2 दिसंबर को 62,728 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 833 रुपए बढ़ी है। इतना ही नहीं ये सोने का ऑल टाइम हाई भी है। IBJA की वेबसाइट के अनुसार, इस हफ्ते चांदी में हजार रुपए से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है। इस हफ्ते की शुरुआत में ये 74,993 रुपए पर थी, जो अब 76,400 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 1,407 रुपए बढ़ी है। बीते महीने यानी नवंबर में सोने-चांदी के दाम में बढ़त देखने को मिली है। 1 नवंबर को सोने के दाम 60,896 रुपए थे, जो अब 62,607 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए हैं। वहीं चांदी की कीमत अब तक इस महीने 5,109 रुपए बढ़ी है। यह नवंबर के पहले दिन 70,825 रुपए पर थी, जो अब 75,934 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। HDFC सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी हेड अनुज गुप्ता के अनुसार, शादियों का सीजन शुरू हो चुका है, इसमें सोने की डिमांड बढ़ेगी। इससे सोने को सपोर्ट मिलेगा। इसके चलते अगले एक साल में ये सोना 67 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है।

### सरकार ने ई-कॉमर्स मंच पर 'डार्क पैटर्न' पर बैन लगाया, दिशानिर्देश अधिसूचित

सरकार ने उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने के लिए ई-कॉमर्स मंचों पर 'डार्क पैटर्न' के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। कंपनियां या कारोबारी 'डार्क पैटर्न' के जरिए ग्राहकों को धोखा देने या उनके व्यवहार अथवा पसंद को प्रभावित करने की कोशिश करते है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने 30 नवंबर को इस संबंध में 'डार्क पैटर्न रोकथाम एवं विनियमन दिशानिर्देश' के लिए गजट अधिसूचना जारी की। यह अधिसूचना भारत में वस्तुओं और सेवाओं की पेशकश करने वाले सभी मंचों और विज्ञापनदाताओं तथा विक्रेताओं पर भी लागू है। नए दिशानिर्देशों के मुताबिक डार्क पैटर्न का सहारा लेना उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन होगा। इसे भ्रामक विज्ञापन या अनुचित व्यापार व्यवहार माना जाएगा। ऐसा करने पर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार जुर्माना लगाया जाएगा। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा, ई-कॉमर्स बढ़ने के साथ ही उपभोक्ताओं को उनकी खरीदारी के विकल्पों और व्यवहार में हेरफेर करके गुमराह करने के लिए मंचों द्वारा डार्क पैटर्न का तेजी से इस्तेमाल किया जा रहा है।

### भारतीय फैक्ट्रियों में हर दिन होती है 3 श्रमिकों की मौत

वर्ष 2021 में फैक्ट्रियों में चोटों से मरने वाले 988 श्रमिकों में से 70 प्रतिशत से अधिक मामले केवल पांच राज्यों में दर्ज किए गए थे। बता दें कि यहां वर्ष 2022 और 2023 की बात इसलिए नहीं की जा रही है क्योंकि इस तरह का लेटेस्ट डेटा साल 2021 तक के लिए ही उपलब्ध है। वर्ष 2021 में सरकार के साथ रजिस्टर्ड फैक्ट्रियों में कम से कम 3,791 कर्मचारी घायल हुए। श्रम और रोजगार मंत्रालय के महानिदेशालय फैक्टरी सलाह सेवा और श्रम संस्थान के आंकड़ों के अनुसार, अनुमानित रूप से इनमें से एक-चौथाई चोटों के कारण मौतें हुईं। वर्ष 2017 में कार्यस्थल पर चोटों के कारण कम से कम 1,084 फैक्ट्री श्रमिकों की मृत्यु हो गई। 2021 के आंकड़ों के आधार पर कहा जा सकता है कि हर दिन फैक्ट्रियों में तीन श्रमिकों की मौत चोटों से होती है। 2021 में गुजरात में ऐसी 235 मौतें दर्ज की गईं, महाराष्ट्र में 180, तमिलनाडु में 147, आंध्र प्रदेश में 65 और छत्तीसगढ़ में 82 मौतें हुईं। हालांकि घायल होने वाले फैक्ट्री श्रमिकों की संख्या में कमी आई है, लेकिन पिछले पांच वर्षों में घातक चोटें बढ़ी हैं। वर्ष 2017 में, कम से कम 18 प्रतिशत चोटों के कारण मौतें हुईं।

### सत्यम मामले में अवैध कमाई की रकम सेबी ने घटाई

बाजार नियामक सेबी ने सत्यम कंप्यूटर सर्विसेज के प्रवर्तकों की तरफ से जमा कराई जाने वाली अवैध कमाई की रकम 813 करोड़ रुपये से घटाकर 622 करोड़ रुपये कर दी है। फरवरी में प्रतिभूति अपील पंचाट (सैट) ने यह मामला वापस सेबी को भेजते हुए निर्देश दिया था कि वह अवैध कमाई की दोबारा गणना करे और प्रवर्तकों पर पाबंदी पर फिर से विचार करे। सत्यम मामले में ट्रिब्यूनल की तरफ से यह तीसरा आदेश है। नवंबर 2018 के आदेश में बाजार नियामक ने सत्यम के पूर्व प्रबंधन बी सूर्यनारायण राजू, बी रामा राजू और बी रामलिंग राजू को 14 साल तक प्रतिभूति बाजार में प्रवेश से रोक दिया था। 14 साल की अवधि जुलाई 2014 से मानी जाएगी। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण की तरफ से जारी संशोधित आदेश में बी रामलिंग राजू और बी राम राजू को जुलाई 2028 तक प्रतिभूति बाजार में प्रवेश से रोका गया है। इसके अलावा अवैध कमाई को लेकर सेबी ने यह भुगतान जनवरी 2009 से 12 फीसदी सालाना ब्याज के साथ करने का निर्देश दिया है। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य ने कहा है, यह निष्कर्ष कि रामलिंग राजू और राम राजू ने सत्यम की पूरी धोखाधड़ी को अंजाम दिया था और सैट के पहले आदेश में सही करार दिया गया था।

# शक्कर में खरीदी, खाद्य तेल नरम, दलहनों में मजबूती, दाल- चावल सामान्य



इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में खरीदी बताई गई। खाद्य तेलों में मांग सुस्ती से नरमी रही। आज सोयाबीन रिफाइंड सस्ता होकर बिका। तिलहन मंदे रहे। दलहनों में मांग से मजबूती दर्ज की गई। दाल में उठाव बताया गया। चावल में कामकाज सामान्यवत रहा।

#### किराना बाजार

शक्कर में खरीदी रही। आज शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। खोपरा बूरा लिवाली से मजबूत रहा। साबूदाना में उठाव साधारण बताया गया। हल्दी में लग्नसरा लिवाली रही इससे भाव ऊंचे बोले गए।

#### तेल-तिलहन

लिवाली में सुस्ती से खाद्य तेल नरमी लिए रहे। आज सोयाबीन रिफाइंड घटकर बिका। तिलहनों में गिरावट दर्ज की गई। सरसों सस्ता बिका।

#### दाल-दलहन

स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहनों में भाव मजबूती लिए बताए गए। आज तुअर बढ़कर बिकी। दाल में मजबूती दर्ज की गई। चावल में उठाव साधारण रहा।

#### किराना

शक्कर 4020 से 4060 रुपये प्रति क्विंटल।
खोपरा गोला 100 से 120 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2400 से 4050 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 150 से 260 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 6000 से 6800, पैकिंग में 7000 से 7200 रुपये प्रति क्विंटल।

#### तिलहन

सरसों निमाड़ी 6700 से 6800, सोयाबीन 4900 से 4925 रुपये प्रति क्विंटल।
मूंगफली तेल इंदौर 1610 से 1620, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 940 से 945, साल्वेंट 890 से 895, पाम तेल 895 से 900 रुपये प्रति 10 किलो।
चना (कांटा) 6150 से 6200, चना विशाल 6000 से 6050, मसूर 6000 से 6050, तुअर निमाड़ी 9000 से 10000, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 10200 से 10700, तुअर (कर्नाटक) 10700 से 10900, मूंग 8500 से 9900, मूंग हल्की 7000 से 8000, उड़द 8500 से 9000, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल।

#### दाल

चना दाल 8200 से 8700, तुअर दाल सवा नंबर 14300 से 14400, तुअर दाल फूल 15000 से 15200, तुअर दाल बोल्ड 16100 से 16600, आयातित तुअर दाल 13400 से 13500, मसूर दाल 7750 से 8050, मूंग दाल 10500 से 10800, मूंग मोगर 11400 से 11700, उड़द दाल 11000 से 11300, उड़द मोगर 11200 से 11600 रुपये प्रति क्विंटल।

#### चावल-पोहा

बासमती 11500 से 12500, तिबार 9500 से 10000, दुबार 8500 से 9000, मिनी दुबार 7500 से 8000, मोगरा 4200 से 6500, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल।

#### रवा-मैदा

रवा 1720 से 1730, मैदा 1650 से 1660, आटा 1610 से 1620, चना बेसन 4125 से 4150 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत चम्पावत में 500 करोड़ के समझौता ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर

**चम्पावत/नैनीताल।** उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत चम्पावत जिले के टनकपुर में शनिवार को आयोजित जिला स्तरीय मिनी कॉन्क्लेव में 500 करोड़ के 52 समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए।

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित मिनी कॉन्क्लेव का शुभारंभ केबिनेट मंत्री रेखा आर्या द्वारा किया गया। इस दौरान चम्पावत में निवेश को लेकर निवेशक उत्साहित नजर आए।

मिनी कॉन्क्लेव में लगभग 500 करोड़ के निवेश पर उद्यमियों ने हामी भरते हुए 24 सेक्टरों के 52 एमओयू पर हस्ताक्षर किए। जिसमें उद्योग विभाग के तहत 173 करोड़ के 17, उरेडा अंतर्गत 258 करोड़ के चार, उद्यान क्षेत्र में 2.10 करोड़ के चार, पर्यटन क्षेत्र में 13.86 करोड़ के 23 तथा आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग एवं पशुपालन विभाग में 10 करोड़ लागत के एक-एक एमओयू शामिल हैं।

इससे जिले में अनुमानत- करीब 721 से अधिक लोगों को रोजगार सृजित होगा। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री ने



कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश हर क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि चंपावत को आदर्श व विकसित जनपद बनाने की ओर एक और अध्याय जुड़ गया है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले वर्षों में जनपद में उद्योग विकसित होंगे और युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा। जब उत्तराखंड की रजत जयंती मनाई जाएगी उस समय प्रदेश की अर्थव्यवस्था में उद्योगों का महत्वपूर्ण योगदान होगा।

उन्होंने कहा कि सरकार राज्य में निवेशकों को लुभाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। जिससे उत्तराखंड में निवेश बढ़ने के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। राज्य निवेशकों की सुविधा के लिए सिंगल विंडो सिस्टम, आवेदन प्रक्रिया में सरलीकरण एवं सुरक्षा के साथ-साथ अनुकूल वातावरण भी उपलब्ध है। निवेशकों को आकर्षित करने के लिए उद्योगों की स्थापना में नियमों को और भी सरल बनाया गया है ताकि अधिक से अधिक निवेश के माध्यम से रोजगार सृजित हो सके और देश और प्रदेश आत्मनिर्भर और अग्रसर हो।

केबिनेट मंत्री ने कहा कि राज्य में निवेश हेतु बड़े प्रस्ताव मिल रहे हैं। सभी प्रस्तावों का आकलन कराया जा रहा है और जो प्रस्ताव राज्य के लिए व्यावहारिक दृष्टि से उचित होंगे उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

जिलाधिकारी नवनीत पांडे ने कहा की जिले में उद्योगों की स्थापना हेतु 240 हेक्टेयर सरकारी भूमि को चिह्नित किया गया है। उन्होंने कहा कि बनबसा में लैण्डपोर्ट के निर्माण के साथ ही सिडकुल का निर्माण किया जा रहा है उससे दोनों देशों को लाभ मिलने के साथ ही निवेशकों को लाभ मिलेगा व रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

यही नहीं टनकपुर तक डबल रेलवे लाइन के निर्माण के साथ ही फोरलेन सड़क का भी निर्माण होने जा रहा है। संचार सुविधाओं को बेहतर किए जाने के लिए चालीस 5जी टॉवर लग रहे हैं। उद्यमियों ने भी कांक्लेव में अपने अनुभव साझा किए। साथ ही राज्य सरकार की पहल को सही ठहराया। उन्होंने सरकार की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं की सराहना भी की। कांक्लेव को चम्पावत मूल के लंदन अप्रवासी उद्यमी राज भट्ट द्वारा भी संबोधित किया गया।

इस दौरान उद्योग सेक्टर में नयन पंत, ध्रुवील पटेल, सिमरन गुप्ता, उरेडा के क्षेत्र में मनमत निम्मत, रुद्राक्ष चौधरी, उद्यान में आशुतोष कुमार सिंह, श्वेतांक जैन, प्रवीन साह, अक्षय ने एवं पर्यटन क्षेत्र में प्रकाश तिवारी आदि अनेक उद्यमियों द्वारा एमओयू में हस्ताक्षर किए गए।

## नवंबर में कोयला उत्पादन और प्रेषण में 37 और 55 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी



नयी दिल्ली। देश में नवंबर माह के दौरान कैप्टिव/वाणिज्यिक कोयला खदानों से कोयला उत्पादन पिछले साल इसी माह के 8.74 टन की तुलना में 37 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 11.94 टन पहुंच गया। जबकि इसी माह में कैप्टिव/वाणिज्यिक कोयला खदानों से कोयला प्रेषण (डिस्पैच) नवंबर 2022 के 8.36 टन की तुलना में 55 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 12.92 टन हुआ।

कोयला मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार नवंबर 2023 में ऐसी खदानों से औसत दैनिक कोयला प्रेषण प्रति दिन 4.3 लाख टन के साथ अब तक का सर्वाधिक है।

कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला ब्लॉकों से कोयला उत्पादन और प्रेषण में अप्रैल से नवंबर 2023 की अवधि के दौरान उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों (अप्रैल से नवंबर) में कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला खदानों से कुल कोयला उत्पादन लगभग 83.90 टन था, जबकि कुल कोयला प्रेषण 89.67 टन था, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि की तुलना में क्रमशः 24 प्रतिशत और 31 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

वहीं कोयला उत्पादन में सबसे अधिक वृद्धि गैर-विनियमित सेक्टर और वाणिज्यिक कोयला खदानों से हुई, जिसमें क्रमशः 101 प्रतिशत और 98 प्रतिशत की बढोतरी हुई।

कोयला मंत्रालय लक्षित कोयला उत्पादन और प्रेषण अर्जित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने और आर्थिक विकास को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## बीते एक महीने के दौरान मस्क के एक्स में लगी इस्तीफों की झड़ी

नई दिल्ली। ट्विटर से एक्स बने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। एक ओर इसके मुखिया मस्क हर दिन अपने बयानों से सुर्खियां बटोर रहे हैं, दूसरी ओर कंपनी में इस्तीफों का दौर भी जारी है।एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार बीते एक महीने के दौरान एलन मस्क की सोशल मीडिया कंपनी एक्स में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने इस्तीफा दिया है।

क्लेयर एटकिंसन की एक रिपोर्ट के अनुसार सोशल मीडिया कंपनी एक्स जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, के कई वरिष्ठ और जूनियर कर्मचारियों ने हाल के दिनों में इस्तीफा दिया है।

यह स्थिति निश्चित रूप से मस्क के प्रबंधन पर सवाल खड़ा कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, एक्स की ओर से इस महीने बोनस की घोषणा के बाद तुरंत बाद सेल्स स्टाफ ने इस्तीफा देना शुरू कर दिया।

एटकिंसन की रिपोर्ट के अनुसार, एक्स अपने बहुत ही कम कर्मचारियों के साथ काम कर रहा है जिससे इसके विज्ञापन प्रभाग को पैसों का नुकसान उठाना पड़ रहा है। हालांकि एक्स की ओर से इस मामले में अब तक टिप्पणी नहीं की गई है। उधर, मस्क ने बुधवार की रात डीलबुक समिट में एंड्रयू सोर्किन के साथ साक्षात्कार के दौरान एक विचित्र टिप्पणी की। मस्क ने डिज्नी, आईबीएम और एपल समेत उन विज्ञापनदाताओं पर निशाना साधा जिन्होंने प्लेटफॉर्म का साथ छोड़ने का फैसला किया है। मस्क ने डिज्नी के सीईओ बॉब आइगर पर भी सीधे निशाना साधा। आइगर ने शिखर सम्मेलन में पहले एक सवाल का जवाब देते हुए बताया था कि डिज्नी ने एक्स से पर विज्ञापन देना क्यों बंद हुआ।

इस दौरान मस्क ने यह भी कहा कि उन्हें इस बात की कोई परवाह नहीं है कि विज्ञापनदाताओं ने अपने विज्ञापन रोक दिए हैं। एक्स के मुखिया ने कहा, पूरी दुनिया को पता चल जाएगा कि उन विज्ञापनदाताओं एक्स का साथ छोड़ने से नुकसान होगा और हम इसका बहुत विस्तार से दस्तावेजीकरण करेंगे। मस्क की टिप्पणी यह इस महीने की शुरुआत में एक्स पर एक एंटीसेमिटिक पोस्ट को बढ़ावा देने के मामले में आलोचना होने के बाद आई है।

# एक्स पर विज्ञापन देने से अब वॉलमार्ट भी पीछे हटा

नई दिल्ली। महज मस्ती में सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणियां दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क के कारोबार पर असर डालने लगी हैं। ताजा मामला एक्स पर विज्ञापन से जुड़ा है। कई बड़ी कंपनियों के बाद वॉलमार्ट ने भी शुक्रवार को बताया कि अब वह एलन मस्क के स्वामित्व वाली सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर अपना विज्ञापन नहीं कर रहा। एक बयान में वॉलमार्ट के प्रवक्ता ने लिखा, अब हम एक्स पर अपना विज्ञापन नहीं कर रहे। हमने अपने ग्राहकों तक बेहतर पहुंच बनाने के लिए अन्य प्लेटफॉर्म्स की तलाश कर ली है।

### क्या है पूरा मामला?

दरअसल, सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में दावा किया गया था कि यहूदी लोग गोरे लोगों के खिलाफ नफरत फैला रहे थे। एलन मस्क ने इस ट्वीट को सपोर्ट करते हुए इसे %बिल्कुल सच% करार दिया था। यहीं से यह पूरा प्रकरण शुरू हुआ था। समाचार एजेंसी रॉयटर ने सबसे पहले वॉलमार्ट के एक्स से विज्ञापन वापस लेने की जानकारी दी थी। एक महीने में इस्राइल- हमास युद्ध के दौरान मस्क के रुख के बाद कई बड़े ब्रांड्स ने एक्स




से अपने विज्ञापन वापस ले लिए हैं। ब्लूमबर्ग की एक खबर में बताया गया था कि यहूदियों के गोरे लोगों के खिलाफ नफरत फैलाने वाले ट्वीट का समर्थन करने के बाद एपल और डिज्नी ने एक्स पर अपने विज्ञापन रोक दिए। वहीं, व्हाइट हाउस ने भी बयान जारी कर मस्क की आलोचना की थी। व्हाइस हाउस की तरफ से कहा गया है कि मस्क का जवाब अस्वीकार्य और यहूदी समुदाय को खतरे में डालने वाला है।

### एक्स के संचालन प्रमुख ने अपनी प्रतिक्रिया में ये कहा

चर्चित ब्रांडों के एक्स से हाथ खींचने की खबरों के बीच सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के संचालन प्रमुख जो बेनारोक ने बताया कि एक्स पर विज्ञापन देने वाले ब्रांड्स एक बड़ी आबादी के बीच अपनी पहुंच हासिल करते हैं।

उन्होंने कहा, वॉलमार्ट के पास एक्स पर एक अद्भुत समुदाय है और हर साल इस मंच पर सिर्फ छुट्टियों के बारे में 15 बिलियन इंप्रेशन आते हैं। इसके अलावे 50 प्रतिशत से अधिक एक्स उपयोगकर्ता अपनी अधिकांश या सभी खरीदारी ऑनलाइन करते हैं। बेनारोक ने दावा किया कि वॉलमार्ट का एक्स से विज्ञापन वापस लेने का निर्णय मस्क की किसी टिप्पणी का प्रत्यक्ष परिणाम नहीं है। उन्होंने कहा कि वॉलमार्ट अन्य तरीकों से मंच पर सक्रिय है।

उन्होंने कहा, वॉलमार्ट ने अक्टूबर के बाद से एक्स पर विज्ञापन नहीं दिया है, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि वॉलमार्ट ने अभी विज्ञापन बंद कर दिए हैं। कंपनी सिर्फ एक्स पर दस लाख से अधिक लोगों के अपने समुदाय के साथ व्यवस्थित रूप से जुड़ रही है। उन्होंने कहा कि वॉलमार्ट प्लेटफॉर्म पर लगातार पोस्ट कर रहा है। कंपनी ने एक्स पर शुक्रवार को अपनी ओर से विज्ञापन फ्रीज करने की खबर के बाद भी प्रतिक्रिया दी।

### यहूदियों से जुड़े अपने बयान पर माफी मांग चुके हैं मस्क

यह प्रकरण शुरू होने के बाद मस्क ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया पोस्ट को सबसे खराब बताते हुए माफी मांगी।

हालांकि दौरान मस्क ने अपने प्लेटफॉर्म को छोड़ने वाले विज्ञापनदाताओं को जमकर लताड़ा। मस्क ने न्यूयॉर्क में न्यूयॉर्क टाइम्स डीलबुक समिट में कहा, मैं नहीं चाहता कि वे विज्ञापन दें। उन्होंने कहा, अगर कोई मुझे विज्ञापन या पैसे की आड़ में ब्लैकमेल करने जा रहा है, तो मुझे इसकी कोई परवाह नहीं है। एक्स पर विज्ञापन बंद करने का एलान करने वाली कंपनियों में डिज्नी, पैरामाउंट, एनबीसी यूनिवर्सल, कॉमकास्ट, लायंसगेट और सीएनएन की मूल कंपनी वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी आदि शामिल हैं।

# आईएमएफ के ईडी ने देश की जीडीपी और जीएसटी कलेक्शन को सराहा

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के कार्यकारी निदेशक और भारत सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार केवी सुब्रमण्यम ने नवंबर 2023 में भारत के प्रभावशाली जीएसटी (माल और सेवा कर) कलेक्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि अगले डेढ़ से दो वर्षों के भीतर जीएसटी कलेक्शन प्रति माह दो लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय सरकार की ओर से लागू की गई ठोस कर नीतियों को दिया।

सुब्रमण्यन ने कहा, मुझे लगता है कि अब तक के संकेतों को देखते हुए करीब डेढ़ से दो साल में हम एक महीने



में दो लाख करोड़ रुपये के जीएसटी कलेक्शन का आंकड़ा छूने की उम्मीद कर सकते हैं। मुझे लगता है कि जीएसटी संग्रह का अच्छा प्रदर्शन अच्छी नीति लागू करने के कारण है। इसलिए कुल मिलाकर मुझे लगता है कि जीएसटी के मोर्चे पर अच्छा प्रदर्शन कराधान पर अच्छी नीति का सबूत है। सुब्रमण्यन ने जोर देकर कहा कि जीएसटी संग्रह में सकारात्मक प्रदर्शन भारत की अच्छी तरह से तैयार की गई कराधान नीतियों की व्यापक सफलता को दर्शाता है। यह प्रभावी राजकोषीय प्रबंधन के लिए देश की प्रतिबद्धता को भी उजागर करता है।

भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर पर सुब्रमण्यम ने बहुत संतोष व्यक्त किया। सुब्रमण्यन ने कहा, मैं दूसरी तिमाही में 7.6 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर को देखकर बहुत खुश हूं। यह वित्त वर्ष 23 में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि और चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि के बाद आया है। इसलिए साल की पहली छमाही में अर्थव्यवस्था औसतन 7.7 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, जो एक वैश्विक अर्थव्यवस्था में मौजूद बाधाओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए शानदार प्रदर्शन है।

पहली छमाही के प्रदर्शन का आकलन करते हुए उन्होंने चुनौतीपूर्ण वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को देखते हुए 7.7 प्रतिशत की प्रभावशाली औसत वृद्धि दर का अनुमान जताया। सुब्रमण्यन ने महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए भारत के आर्थिक प्रदर्शन को शानदार बताया। उन्होंने इन चुनौतियों का सामना करने में भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन और गतिशीलता की सराहना की, एक जटिल अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक परिदृश्य के बीच इसकी पर्याप्त वृद्धि पर जोर दिया।

# इस दशक तक दोगुनी हो जाएंगी उर्जा जरूरतें

## 2047 तक 40 ट्रिलियन होगी भारतीय अर्थव्यवस्था : अंबानी

अहमदाबाद। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उर्जा उपभोक्ता है। इसकी उर्जा जरूरतें इस दशक के अंत तक दोगुनी हो जाएंगी, क्योंकि यह आर्थिक विकास के एक अभूतपूर्व दौर का गवाह बन रहा है। यह बात देश के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी ने शनिवार को कही।

पंडित दीनदयाल उर्जा विश्वविद्यालय (पीडीईयू) के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए अंबानी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2047 तक मौजूदा 3.5 ट्रिलियल अमेरिकी डॉलर से बढ़कर



40 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की हो जाएगी। उन्होंने कहा, इस विकास को गति देने के लिए भारी मात्रा में (स्वच्छ, हरित उर्जा) उर्जा की जरूरत होगी। अरबपति कारोबारी ने कहा, भारत की उर्जा जरूरत इस दशक के अंत तक दोगुनी होने वाली है।

अंबानी अपने सबसे बड़े जीवाश्म-ईंधन प्रधान समूह को स्वच्छ उर्चा की ओर मोड़ रहे हैं। नए उर्जा पारिस्थितिकी तंत्र के लिए वह गीगा कारखानों में अरबों डॉलर का निवेश कर रहे हैं, ताकि नवीकरणीय उर्जा और हरित हाइड्रोजन का उत्पादन किया जा सके। दीक्षांत समारोह में उन्होंने आगे कहा कि अगले पच्चीस वर्षों में भारत आर्थिक विकास का एक अभूतपूर्व विस्फोट देखेगा और यह एक स्वच्छ, हरित और टिकाऊ कल की कल्पना को हकीकत में बदलने के लिए कठिन घड़ी है।

## शार्ट न्यूज

### विजय मर्चेंट ट्रॉफी : बंगाल ने हैदराबाद के खिलाफ हासिल की बढ़त

कोलकाता। अवरादीप बिस्वास (34 रन पर पांच विकेट) के पंजे की मदद से बंगाल की अंडर 16 टीम ने विजय मर्चेंट ट्राफी के मुकाबले में शनिवार को हैदराबाद के खिलाफ पहली पारी में 48 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। सूरत में खेले गये मैच में बंगाल ने पहले खेलते हुये 186 रन बनाये जिसके जवाब में हैदराबाद की पूरी टीम 138 रन ही बना सकी। हैदराबाद को कम स्कोर पर समेटने में बंगाल के गेंदबाजों की भूमिका अहम रही। विस्वास के अलावा अनिर्बान सरमा (2-21), धनविन निमावत (2-30) और शिवम भारती (1-19) ने गेंद से शानदार प्रदर्शन किया। जवाब में, बंगाल ने अपनी दूसरी पारी में दूसरे दिन स्टंप्स तक दो विकेट पर 65 रन बना लिए हैं और उसकी कुल बढ़त अब तक 113 रन की हो चुकी है। अंकित चटर्जी (नाबाद 40) और कप्तान आशुतोष कुमार (नाबाद 19) क्रीज पर नाबाद थे।

### कायम व लारैब ने लगायी स्वर्ण हैट्रिक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित यूनिटी कालेज में आयोजित स्पोर्टस डे में शनिवार को सीनियर वर्ग में कायम अब्बास जैदी ने 100, 200 व 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक और शॉटपुट में रजत पदक हासिल किया जबकि लारैब ने 800, 1500 मीटर दौड़ और लॉग जम्प में स्वर्ण जीते। शॉटपुट में युसूफ को मात्र एक स्वर्ण की सफलता मिली। इसके साथ ही जूनियर एवं सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने 100 मीटर रेस फाइनल, सीनियर विद्यार्थियों ने 100 वर्ग मीटर गुणे 4 रिले रेस, सीनियर एवं जूनियर कक्षा के विद्यार्थियों ने 200 मीटर फाइनल रेस एवं शारीरिक सौष्ठव, अनुशासन एवम समन्वय का प्रदर्शन करते हुये विद्यार्थियों ने पिरामिड्स एवं जिमनास्टिक का अद्भुत प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया।

### ट्रैक साइकिलिंग में खालिद ने जीता स्वर्ण

लखनऊ। झारखंड के रांची में संपन्न राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के सैयद खालिद बागी ने सब जूनियर बालक वर्ग की 500 मीटर टाइम ट्रायल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। उत्तर प्रदेश साइकिलिंग एसोसिएशन के महासचिव आरके गुप्ता ने शनिवार को यहां बताया कि 30 नवंबर से चार दिसंबर तक आयोजत चैंपियनशिप में मुरादाबाद के सैयद खालिद बागी ने 00: 34.929 सेकेंड का समय निकालते हुए स्वर्णिम सफलता हासिल की। इस स्पर्धा में झारखंड के विकास को 00: 35.590 सेकेंड के समय के साथ रजत और झारखंड के ही नारायण महतो को 00: 35.845 के समय के साथ कांस्य पदक पदक मिला। सैयद खालिद की सफलता पर यूपी साइकिलिंग एसोसिएशन के चैयरमैन धीरेंद्र सिंह सचान, अध्यक्ष राम सकल गुर्जर, लखनऊ ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ.आनंद किशोर पांडेय व लखनऊ साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव अनुराग बाजपेई ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### हॉकी जूनियर व सब जूनियर अकादमी चैंपियनशिप तीन दिसंबर से

नई दिल्ली। नवंबर में तमिलनाडु के कोविलपट्टी में जोन बी में मैचों के सफल समापन के बाद पहली हॉकी इंडिया जूनियर और सब जूनियर पुरुष अकादमी चैम्पियनशिप 2023 (जोन ए) तीन दिसंबर से नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में खेली जायेगी। राउंड-रॉबिन लीग चरण में जूनियर वर्ग में 10 टीमों को दो पूल में विभाजित किया जाएगा, जबकि सब जूनियर वर्ग में आठ टीमों को दो पूल में विभाजित किया जाएगा। जूनियर वर्ग में, आर्मी बॉयज़ स्पोर्ट्स कंपनी, भाई बहलो हॉकी अकादमी, घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी, एचएआर हॉकी अकादमी और सैल्यूट हॉकी अकादमी पूल ए का हिस्सा हैं, जबकि पूल बी में मार्कंडेश्वर हॉकी अकादमी, चीमा हॉकी अकादमी, नामधारी स्पोर्ट्स अकादमी, राउंडग्लास पंजाब, हॉकी क्लब अकादमी और राजा करण हॉकी अकादमी शामिल हैं। सब जूनियर वर्ग के पूल ए में भाई बेहलो हॉकी अकादमी, एचएआर हॉकी अकादमी, घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी, राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब और सैल्यूट हॉकी अकादमी शामिल हैं।

### ग्रैंडमास्टर प्रगनानंदा और उनकी बहन वैशाली ने बनाया अनोखा रिकॉर्ड

नई दिल्ली। भारतीय शतरंज खिलाड़ी और आर प्रगनानंदा की बहन वैशाली रमेशबाबू शनिवार को 2023 चौथे एललोब्रेगेट ओपन के दौरान 2500 रेटिंग को पार कर भारत की तीसरी महिला ग्रैंडमास्टर बन गईं। इस उपलब्धि के साथ वैशाली और उनके छोटे भाई इतिहास में पहली ग्रैंडमास्टर भाई-बहन की जोड़ी बन गए हैं। वह दिग्गज विश्वनाथन आनंद, कोनेरू हम्पी, हरिका द्रोणावल्ली, दिब्येंदु बरुआ, आर प्रगनानंदा आदि की सूची में शामिल हो गई हैं। इस खुशी के पल का जश्न मनाने के लिए, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने दोनों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी। स्टालिन ने अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल से ट्वीट किया- वैशाली भारत की तीसरी और तमिलनाडु की पहली महिला ग्रैंडमास्टर बनने पर बधाई। साल 2023 आपके लिए शानदार रहा। अपने भाई प्रगनानंदा के साथ, आपने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाली पहली बहन-भाई की जोड़ी के रूप में इतिहास बनाया है। आप अब पहले ग्रैंडमास्टर भाई-बहन हैं।

### ब्रिसबेन टूर्नामेंट से वापसी करेंगे नडाल

मैड्रिड। स्पेनिश स्टार राफेल नडाल ने शुक्रवार को कहा कि वह जनवरी में आस्ट्रेलिया में होने वाले ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में वापसी करेंगे। 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नडाल जनवरी के बाद से टूर पर नहीं खेले हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट एक वीडियो में कहा, 'एक साल तक टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा नहीं करने के बाद अब वापसी का समय।' उन्होंने कहा, 'वापसी जनवरी के पहले हफ्ते में ब्रिसबेन में होगी। मिलता हूं।' वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में मिली हार के दौरान चोट लगा बैठे थे। मई में फ्रेंच ओपन के शुरू होने से पहले नडाल ने घोषणा की थी कि वह टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे जिसे वह रिकॉर्ड 14 बार जीत चुके हैं। उन्होंने कहा था कि उन्हें नहीं पता कि वह कब वापसी करेंगे। उन्होंने तब कहा था कि उन्हें 2024 में खेलने की उम्मीद है जो उनका अंतिम सत्र हो सकता है। उन्होंने उस समय कहा था, 'आपको नहीं पता कि चीजें कैसी रहती हैं। लेकिन मेरी इच्छा है कि अगला साल मेरे कॅरिअर का अंतिम वर्ष होगा।' जून में बार्सिलोना में उनकी 'आर्थोस्कोपिक' सर्जरी हुई थी।

### लिवरपूल ने ऑस्ट्रिया के एलएएसके क्लब को 4-0 हराया, अंतिम-16 में जगह बनाई

लिवरपूल। कोडी गाकापो के दो गोल की मदद से लिवरपूल ने ऑस्ट्रिया के एलएएसके क्लब को 4-0 से शिकस्त देकर यूरोपा लीग फुटबाल चैंपियनशिप के अंतिम-16 में प्रवेश किया। लिवरपूल के लिए अन्य गोल लुइस डियाज और मोहम्मद सलाह ने किया। लिवरपूल ग्रुप-ई में 12 अंक लेकर शीर्ष पर बना हुआ है। टालाउस आठ अंक लेकर दूसरे स्थान पर है जिसने यूनियन सेंट गिलोइस से गोलरहित ड्रॉ खेला। मैच में लिवरपूल की शुरुआत अच्छी रही और डियाज ने 12वें मिनट में ही गोल करके टीम का खाता खोल दिया। इसके तीन मिनट बाद ही गाकापो ने बॉक्स के अंदर से गोल दागकर टीम की बढ़त 2-0 कर दी। पहले हाफ तक लिवरपूल 2-0 से आगे रहा। दूसरे हाफ में लिवरपूल को पेनाल्टी मिल गई और सलाह ने 51वें मिनट में गोल करके टीम को 3-0 से आगे कर दिया। एक समय लग रहा था कि टीम 3-0 के अंतर से ही मैच जीत लेगी, लेकिन गाकापो ने इंजुरी समय (90+2वें मिनट) में गोल करके जीत का अंतर बढ़ा दिया। अन्य मैचें में ग्रुप-एच में लीवरकुसेन पांचों मैच जीतकर शीर्ष पर है जिसने हैकेन को 2-0 से शिकस्त दी। ग्रुप-ए में साउसेक ने वेस्ट हैम को 2-1 से मात दी। ग्रुप-बी में ब्राइटन ने एईके को 1-0 से हराया।

# आईएसएल में ओडिशा एफसी ने जमशेदपुर एफसी को 1-0 से हराया




जमशेदपुर। ओडिशा एफसी ने शुक्रवार रात इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मैच में जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जमशेदपुर एफसी को 1-0 से हराकर सभी प्रतियोगिताओं में लगातार पांचवीं जीत हासिल की।

अब तक खेले गए आठ मैचों में जेएफसी को पांच मैचों में हार का सामना करना पड़ा। वहीं, दो ड्रॉ और एक जीत के साथ टीम अंक तालिका में 10वें पायदान पर है।

शुक्रवार को खेले गए मैच के पहले हाफ में दोनों टीमों ने रक्षात्मक लचीलापन दिखाते हुए करीबी मुकाबला खेला। जमशेदपुर एफसी के पास आक्रमण के अच्छे अवसर थे। विशेष रूप से डैनियल चीमा और सेमिनलेन डोंगेल के माध्यम से, जिन्होंने ओडिशा एफसी की रक्षा के लिए लगातार खतरा पैदा किया।

घरेलू टीम ने दबदबा बनाए रखा और गोल करने के कई मौके बनाए, लेकिन ओडिशा एफसी की रक्षा मजबूत रही।

ओडिशा एफसी के मुख्य कोच सर्जियो लोबेरा ने हाल ही में लीग के साथ बातचीत में कहा, बहुत से लोग मुझसे पूछते हैं कि मैं उन खिलाड़ियों को क्यों साइन करता हूं जो पहले मेरे साथ काम कर चुके हैं।

ऐसा इसलिए है क्योंकि मैं इन खिलाड़ियों को पेशेवर और व्यक्तिगत दोनों रूप में जानता हूं। भारतीय खिलाड़ियों और विदेशी खिलाड़ियों के बीच अच्छा संबंध बनाना बहुत महत्वपूर्ण है। लोबेरा की टीम में उनके कुछ भरोसेमंद खिलाड़ी हैं। जो मैदान पर दर्शकों की आंखों के लिए सुखद अनुभूति प्रदान करे हैं और अहमद जाहौह इस अनुभूति को प्रदान करनेकर मदद में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।


चार स्ट्राइक के साथ डिएगो मौरिसियो जमशेदपुर एफसी और ओडिशा एफसी के बीच मुकाबलों में शीर्ष स्कोरिंग खिलाड़ी हैं।

ब्राजीलियाई प्रशंसक रेड माइनर्स के खिलाफ खेलना चाहते हैं और ऐतिहासिक रूप से उनके खिलाफ फले-फूले हैं, लेकिन लोबेरा ने गेम से पहले एक ऐसा फैसला लिया जिससे कई लोग हैरान रह गए। 56वें मिनट में ओडिशा एफसी ने गोल किया। ओडिशा एफसी के रॉय कृष्णा ने कॉर्नर के बाद अहमद जहौह की मदद से करीब से हेडर के जरिए गोल किया।

झटके के बावजूद जमशेदपुर एफसी ने बराबरी के लिए प्रयास जारी रखा। जमशेदपुर ने विरोधियों की तुलना में गोल के अधिक प्रयास किए।

ओडिशा एफसी का अगला मुकाबला छह दिसंबर को साल्ट लेक स्टेडियम में मोहन बागान सुपर जाइंट से होगा। अगले दिन घरेलू मैदान पर जमशेदपुर एफसी का मुकाबला चेन्नईयिन एफसी से होगा।

# तैजुल के प्रहार से कीवी ढेर, बांग्लादेश 150 रन से जीता




**सिलहट।** तैजुल इस्लाम (75 रन पर छह विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत बांग्लादेश ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिये दो मैचों की श्रृखंला के पहले टेस्ट में शनिवार को न्यूजीलैंड को 150 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया।

बांग्लादेश ने पहली पारी में नौ विकेट पर 310 रन बनाये थे जिसके जवाब में मेहमान टीम पहली पारी में 317 रन बना कर आउट हो गयी थी। पहली पारी में सात रन से पिछड़ी बांग्लादेश ने कप्तान नजमुल शन्तो (105) की शतकीय पारी की मदद से दूसरी पारी में 338 रन का स्कोर खड़ा किया जबकि बाद में तैजुल इस्लाम ने छह कीवी बल्लेबाजों को आउट कर न्यूजीलैंड का पुलिंदा 181 रन पर बांध दिया। पहली पारी में शतकवीर केन विलियम्सन (11) का बल्ला दूसरी पारी में नहीं चला। उनको तैजुल ने पगबाधा आउट किया।

### रोड्रिग्ज का साओ पाउलो छोड़ने पर संशय बरकरार

रियो डि जेनेरो। अमेरिका, मैक्सिको और अर्जेंटीना के क्लबों से जुड़ने की अटकलों के बीच कोलंबिया के फुटबालर जेम्स रोड्रिग्ज ने ब्राजील के अगले घरेलू फुटबॉल सत्र से पहले साओ पाउलो छोड़ने के संशय को बरकरार रखा है। कोलंबियाई 32 वर्षीय फुटबॉल खिलाड़ी जुलाई में दो साल के अनुबंध पर साओ पाउलो में शामिल होने के बाद से चोटों और खराब फॉर्म से जूझ रहा है। ब्राज़ीलियाई सीरी ए क्लब के लिए 14 मैचों में उन्होंने केवल एक गोल किया है। रियल मेड्रिड के पूर्व खिलाड़ी ने ग्लोबो एस्पोर्टे से कहा, मैं नहीं जानता कि 2024 में क्या होने वाला है। फुटबॉल में सब कुछ बहुत तेज़ी से बदलता है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक रोड्रिग्ज को लॉस एंजिल्स गैलेक्सी, रेयाडोस डी मॉन्टेरी और बोका जूनियर्स सहित अन्य क्लबों द्वारा सम्मानित किया गया है। साओ पाउलो वर्तमान में ब्राजील की 20-टीम सीरी ए स्टैंडिंग में नौवें स्थान पर है, जबकि सीज़न में दो मैच शेष रह गये हैं।

# रेणुका की भारत की महिला टीम में वापसी




मुबंई। आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले मुकाबलों के लिये भारतीय महिला टीम में तेज गेंदबाज रेणुका सिंह की वापसी हुयी है।

इंग्लैंड के ख़िलाफ़ टी20 और टेस्ट सीरीज़ खेलने के बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ एकमात्र टेस्ट खेलेगी। इन दो टेस्ट मैचों के दौरान रेणुका, इशाक के साथ-साथ जेमिमाह रॉड्रिग्स भी टेस्ट डेब्यू कर सकती हैं। यह 2014 के बाद भारतीय ज़मीन पर पहला महिला टेस्ट होगा। यह मिताली राज और झूलन गोस्वामी के संन्यास लेने के बाद भी भारत के लिए पहला टेस्ट है और हरमनप्रीत कौर पहली बार टेस्ट टीम की अगुवाई करेंगी।

क्रिकइंफो के अनुसार श्रेयांका डब्ल्यूपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से जुड़ी थीं। वह सीपीएल में खेलने वाली पहली भारतीय महिला थीं और उन्होंने टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लिए। फ़िलहाल वह इंग्लैंड ए के ख़िलाफ़ इंडिया ए के लिए टी20 सीरीज़ खेल रही हैं।

बाएं हाथ की स्पिनर इशाक़ डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस का हिस्सा थीं और 15 विकेट लेकर वह टूर्नामेंट की दूसरी सबसे सफल गेंदबाज़ बनीं। इशाक़ और श्रेयांका के टी20 टीम में आने से राजेश्वरी गायकवाड़ और देविका वैद्य की जगह नहीं बन पाई है। अंडर-19 विश्व कप का हिस्सा रहीं बाएं हाथ की स्पिनर मन्नत कश्यप को भी टी20 टीम में जगह मिली है, वहीं कनिका आहूजा को टी20 टीम में बरकरार रखा गया है। टेस्ट मैचों में अनुभवी शिखा पांडे को जगह नहीं मिली है तो रेणुका ही चार सदस्यीय तेज़ गेंदबाज़ी आक्रमण की अगुवाई करेंगी। उनके साथ तितास साधु, मेघना सिंह और ऑलराउंडर पूजा वस्त्रकर को टीम में जगह मिली है। स्नेह राणा टेस्ट टीम में वापसी करती हुई नज़र आएंगी। यह प्रमुख कोच अमोल मजूमदार का पहला कोचिंग असाइनमेंट भी होगा। इंग्लैंड के ख़िलाफ़ टी20 सीरीज़ के लिए भारतीय टीम : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मांधना (उपकप्तान), जेमिमाह रॉड्रिग्स, शेफ़ाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयांका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक़, रेणुका सिंह, तितास साधु, पूजा वस्त्रकर, कनिका आहूजा, मिन्नू मणि।

# अमेरिका में रहस्यमयी बीमारी से सफेद पड़े फेफड़े

## चपेट में 3 से 8 साल के बच्चे; अमेरिकी सांसदों की मांग- चीन आना-जाना बैन हो



चीन में फैली फेफड़ों से जुड़ी रहस्यमयी बीमारी अब अमेरिका में भी फैलने लगी है। इसके ज्यादातर पीड़ित 3 से 8 साल के बच्चे बताए जा रहे हैं। बीमारी से उनके फेफड़े सफेद पड़ रहे हैं। अमेरिका के मैसाचुसेट्स और ओहायो में इस बीमारी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। वहां इस बैक्टीरियल निमोनिया को व्हाइट लंग सिंड्रोम कहा जा रहा है।

ओहायो की वॉरेन काउंटी में इस बीमारी के 142 मामले सामने आए हैं। मैसाचुसेट्स के डॉक्टरों का कहना है कि व्हाइट लंग सिंड्रोम चीन की रहस्यमयी बीमारी की तरह ही बैक्टीरियल और वायरल इन्फेक्शन का मिक्सचर है।

बीमारी फैलने के खतरे को देखते हुए अमेरिका की रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों ने राष्ट्रपति जो बाइडेन से चीन पर ट्रैवल बैन की मांग की है। पांच सांसदों का कहना है कि बीमारी पर ज्यादा जानकारी के लिए WHO का इंतजार नहीं करना चाहिए। लोगों और अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए चीन आना-जाना तुरंत बंद करने की जरूरत है।

### क्या है व्हाइट लंग सिंड्रोम

व्हाइट लंग सिंड्रोम से पीड़ित बच्चों के चेस्ट के एक्स रे में सफेद रंग के पैच दिखाई दे रहे हैं। ऐसा ज्यादातर दो तरह की बीमारियों में होता है। पल्मोनरी एलविओलर माइक्रोलिथाइसिस यानी PAM और सिलकोसिस।

PAM में फेफड़ों में कैल्शियम जमना शुरू हो जाता है। जिससे खांसी और सीने में दर्द के साथ सांस लेने में दिक्कत होती है।

जबकि सिलकोसिस बीमारी डस्ट, स्टोन और सिलिका जैसे पदार्थों के सांस के साथ अंदर जाने की वजह से होती है। इसमें भी लंग्स में सफेद धब्बे हो जाते हैं।

### अमेरिका व्हाइट लंग सिंड्रोम का चीन की बीमारी से कनेक्शन नहीं

सीबीसी न्यूज के मुताबिक एक्सपर्ट का मानना है कि अमेरिका में फैल रहा व्हाइट लंग सिंड्रोम चीन की बीमारी से अलग है। अमेरिका में लोगों को कफ के साथ, तेज बुखार और शरीर में दर्द महसूस हो रहा। जबकि चीन की बीमारी में कफ नहीं बन रहा, पीड़ितों में खांसी, गले में दर्द, फेफड़ों में सूजन और सांस की नली में सूजन जैसे लक्षण दिख रहे हैं। हालांकि दोनों में कुछ समानताएं भी हैं।

जैसे दोनों बीमारियां बैक्टीरिया और वायरस का मिक्सचर बताई जा रही हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि दोनों बीमारियां इम्यूनिटी की कमी की वजह से बच्चों को चपेट में ले रही हैं। इुन सिर्फ चीन बल्कि दुनियाभर में लॉकडाउन के दौरान बच्चे घरों में रहे। इसकी वजह से उनके शरीर में पर्यावरण में मौजूद बैक्टीरिया और वायरस के प्रति प्रतिरोधक क्षमता नहीं बन पाई। अब लॉकडाउन हटने के बाद जब वो बाहर निकल रहे हैं तो बीमार पड़ रहे हैं।

### चीन में कोई नई संक्रामक बीमारी की सूचना नहीं

बीजिंग। चीन में वर्तमान में दर्ज की गई तीव्र श्वसन संबंधी सभी बीमारियां ज्ञात रोगजनकों के कारण होती हैं, और नए वायरस या बैक्टीरिया के कारण होने वाली किसी भी नई संक्रामक बीमारी की पहचान नहीं की गई है। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने शनिवार को निगरानी परिणामों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के प्रवक्ता मी फेंग ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, चीनी स्वास्थ्य अधिकारी सक्रिय रूप से शीतकालीन श्वसन रोगों की निगरानी और मूल्यांकन कर रहे हैं, चिकित्सा संसाधन आवंटन को अनुकूलित करने, चिकित्सा उपचार प्रक्रियाओं में सुधार करने और पारंपरिक चीनी चिकित्सा (टीसीएम) की भूमिका बढ़ाने के प्रयास चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि चीन लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए टीसीएम अस्पतालों और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संस्थानों सहित चिकित्सा संस्थानों के सभी स्तरों पर चिकित्सा सेवाओं, विशेष रूप से बाल चिकित्सा बाह्य रोगी सेवाओं की आपूर्ति बढ़ाएगा। उन्होंने इस विस्तार में रोगी संख्या के आधार पर दोपहर के भोजन, शाम और सप्ताहांत के दौरान बाह्य रोगी सेवा घंटों का विस्तार करना, साथ ही अस्पताल की बिस्तर क्षमता बढ़ाना और चिकित्सा देखभाल तक सार्वजनिक पहुंच में सुधार के लिए पंजीकरण, परीक्षा और भुगतान प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना शामिल होगा।

### बैरिस्टर गौहर तहरीक-ए-इंसाफ के नये अध्यक्ष

पेशावर। बैरिस्टर गौहर अली खान को शनिवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) का निर्विरोध नया अध्यक्ष चुना गया। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने तोशाखाना मामले को लेकर अयोग्यता और चुनाव लड़ने में असमर्थ होने के कारण गौहर खान को अपने उत्तराधिकारी के रूप में नामित किया था। पार्टी के मुख्य चुनाव अधिकारी नियाजुल्लाह नियाजी ने बैरिस्टर खान के अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। इसके साथ ही उमर अयूब खान को निर्विरोध पार्टी का केंद्रीय महासचिव तथा अली अमीन गंडापुर और डॉ. यास्मीन राशिद को क्रमश: खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब के प्रांतीय अध्यक्ष चुना गया है। इस मौके पर बैरिस्टर खान ने संवाददाताओं से कहा कि अगले साल फरवरी में होने वाले आम चुनावों के लिए अपने चुनाव चिह्न 'बल्ला' को सुरक्षित करने के लिए पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के आदेशों के अनुरूप पीटीआई में संगठन चुनाव कराये गये। पूर्व प्रधानमंत्री खान के प्रतिनिधि के तौर पर अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने का मंतव्य जताते हुए उन्होंने कहा, मैं इमरान खान के प्रतिनिधि के रूप में काम करूंगा, जो अपने सैद्धांतिक संघर्ष के कारण जेल में हैं। पीटीआई किसी से नहीं लड़ेगी।

### गाजा पट्टी में 400 से अधिक ठिकानों पर हमला किया गया : आईडीएफ

यरूशलम। इजरायल ने गाजा पट्टी में हथियार भंडारण सुविधाओं और बुनियादी ढांचे सहित फिलिस्तीनी आंदोलन चरमपंथी हमास से जुड़े 400 से अधिक ठिकानों पर हमला किया है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शनिवार को यह जानकारी दी। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, पिछले दिनों आईडीएफ ने पूरे गाजा पट्टी में 400 से अधिक आतंकी हमास के ठिकानों पर हमला किया। सेना ने कहा कि उसने हथियार भंडारण परिसर, हमास के बुनियादी ढांचे और इस्लामिक जिहाद द्वारा एक ऑपरेशनल कमांड सेंटर के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली मस्जिद पर हमला किया था। आईडीएफ ने कहा कि वायु सेना ने रात भर में एन्क्लेव के दक्षिण में खान यूनिस के क्षेत्र में 50 ठिकानों पर हमला किया। आईडीएफ ने शुक्रवार की सुबह कहा कि हमास ने इज़रायल और उसके बीच 24 नवंबर से लागू हुए संघर्ष विराम का उल्लंघन किया है। जिससे इसके बाद इजरायली सेना ने एन्क्लेव में फिर से जंग छेड़ दी है। उल्लेखनीय है कि 07 अक्टूबर को हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया तथा 240 लोगों की बंधक बनाया था। इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए और गाजा की पूरी नाकाबंदी का आदेश दिया और पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति बंद कर दी।

# हत्या के आरोप में यमन में कैद भारतीय नर्स

## मां की जिद- मैं मिलने जाऊंगी, विदेश मंत्रालय बोला- वहां जाना खतरनाक



निमिषा प्रिया | निमिषा प्रिया की मां

नई दिल्ली/सना। एक भारतीय नर्स हत्या के आरोप में यमन की जेल में बंद है। उसकी मां ने दिल्ली हाईकोर्ट में यमन जाने के लिए अर्जी दी है। कोर्ट ने विदेश मंत्रालय को मां की यात्रा पर विचार करने का निर्देश दिया है। हालांकि मंत्रालय का कहना है कि सुरक्षा के लिहाज से यमन जाना ठीक नहीं है, क्योंकि फिलहाल वहां भारतीय राजनयिक उपस्थित नहीं हैं।

विदेश मंत्रालय ने कहा- यमन में सिविल वॉर के कारण भारतीय दूतावास को जिबूती में शिफ्ट किया गया है। साथ ही राजधानी सना में बनी नई व्यवस्था के साथ हमारे कोई औपचारिक संबंध नहीं हैं। इसलिए वहां हमारा डिप्लोमैटिक प्रेजेंस नहीं है। ऐसे में हम चिंतित हैं कि आपकी (मां) देखभाल और सुरक्षा कौन सुनिश्चित करेगा। आपकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आपको यमन जाने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

### 7 साल से जेल में कैद भारतीय महिला

यमन जेल में कैद भारतीय महिला का नाम निमिषा प्रिया है। वह केरल की रहने वाली हैं। निमिषा ने यमन में अपने बिजनेस पार्टनर की हत्या की थी। 2017 में उन्हें तलाल अब्दो मेहदी नाम के शख्स को कथित रूप से बेहोशी का इंजेक्शन देकर मारने का दोषी पाया गया था। कोर्ट ने उन्हें मौत की सजा सुनाई थी। सुप्रीम कोर्ट में सजा के खिलाफ अपील दायर की गई, जिसे खारिज कर दिया गया।

### बेटी की जान बचाने के लिए यमन जाना चाहती है मां

निमिषा ने तलाल को इसलिए मारा, क्योंकि उसके पास निमिषा का पासपोर्ट था और वह इसे वापस लेकर भारत लौटना चाहती थीं। अब निमिषा की मां वहां जाकर ब्लड मनी सैटलमेंट करना चाहती हैं। यानी मारे गए शख्स के परिवार को मुआवजा देकर बेटी की जान बचाना चाहती हैं।

### गाजा में युद्ध का पुनर्रारंभ नकारात्मक

अंकारा। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैय्यप एर्दोगन ने दुबई में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ बातचीत में गाजा में युद्ध का फिर से आरंभ को नकारात्मक बताया। इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को कहा कि फिलिस्तीनी समूह हमास ने शत्रुता में विराम तोड़ दिया और इजरायली क्षेत्र पर गोलीबारी की और इजरायली सेना ने गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी आंदोलन के खिलाफ शत्रुता फिर से शुरू कर दी। बैठक के दौरान इजरायल द्वारा गाजा पट्टी पर किए गए हमलों का फिर से शुरु होना, तुर्की को मानवीय सहायता और शांति के नाम पर उठाए गए कदमों तथा तुर्की एवं यूएई के बीच संबंधों पर भी चर्चा की गई। राष्ट्रपति एर्दोगन ने कहा कि तुर्की गाजा में इजरायली नरसंहार को रोकने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11, ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# विश्लेषकों की राय : पांच राज्यों के चुनाव परिणाम छोड़ेंगे राष्ट्रीय राजनीति पर छाप

नई दिल्ली। (पीएमए) कयास लगाए जा रहे हैं कि विधानसभा चुनाव परिणामों का देश की राजनीति और अगले साल होने वाले आम चुनाव में क्या असर हो सकता है।

राजस्थान-मध्यप्रदेश समेत देश के पांच राज्यों के चुनावी नतीजे रविवार को सामने आएंगे। एग्जिट पोल की परख के साथ-साथ इस दिन राज्यों की चुनावी तस्वीर तो साफ हो ही जाएगी, लेकिन अब कयास लगाए जा रहे हैं कि इन चुनाव परिणामों का देश की राजनीति और अगले साल होने वाले आम चुनाव में क्या असर हो सकता है। हालांकि, पिछले आम चुनाव के नतीजे साल 2018 के विधानसभा चुनावों के हिसाब से एकदम उलट थे। मसलन राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकारें बनीं, लेकिन लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राजस्थान की सभी 25 सीटें जीतकर कांग्रेस का सूपड़ा ही साफ कर दिया तो कांग्रेस को छत्तीसगढ़ की 11 में से दो और मध्यप्रदेश में कांग्रेस के 29 में से एक ही सीट मिल सकी।

### जानिए क्या है राजनीतिक विश्लेषकों की राय

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बार परिदृश्य कुछ बदला हुआ है। फिर भी पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों का अगले आम चुनाव पर असर पड़े, न पड़े लेकिन एक बात साफ है कि देश की सियासी तस्वीर जरूर बदली हुई नजर आ सकती है। कांग्रेस की अगुवाई में 28 पार्टियों वाला %इंडिया% गठबंधन आकार ले चुका है और चुनाव परिणामों के बाद इसकी गतिविधियां भी बढ़ेगी, वहीं केंद्र की भाजपानीत एनडीए सरकार भी परिणामों के अनुरूप खुद को %चुनावी मोड% में डालेगी।

### लोकतंत्र का उत्सव: चुनाव नतीजों से पहले ही लगाए जाने लगे कयास

### लोकसभा में पांच राज्यों की हिस्सेदारी

राजस्थान: कुल सीटें: 25, भाजपा-24, आरएलपी-01
मध्यप्रदेश: कुल सीटें: 29, भाजपा-28, कांग्रेस-01
छत्तीसगढ़: कुल सीटें: 11, भाजपा-09, कांग्रेस-02
तेलंगाना: कुल सीटें: 17, बीआरएस-09, भाजपा-04, कांग्रेस-03,एआइएमआइएम-01
मिजोरम: कुल सीट: 01, मिजो नेशनल फ्रंट-01
(2019 के चुनाव के आधार पर)

### एनडीए बनाम इंडिया

### भाजपा जीती तो... लगेगी केंद्रीय योजनाओं पर मुहर

1-विधानसभा चुनाव बीजेपी जीती तो ब्रांड मोदी और मजबूत होगा
2-केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं पर लगेगी मुहर
3-हार से हताश विपक्ष में हो सकता है बिखराव
4- कर्नाटक, हिमाचल में हार के बाद निराश कैडर को मिलेगी ऊर्जा
5 -आम चुनाव में जनादेश पक्ष में होने का नैरेटिव बनाने में भाजपा को होगी आसानी
6 - स्थानीय चेहरा घोषित किए बगैर चुनाव जीतने की रणनीति पर आगे भी चलेगी पार्टी
7 - लोकसभा चुनाव में जनता के लिए होगी लोकलुभावन वादों की बौछार

### कांग्रेस जीती तो... बढ़ेगी 'इंडिया' में अहमियत

1-हिंदी बेल्ट में चुनाव जीतने से देश की राजनीति में कांग्रेस की बढ़ेगी अहमियत
2-पार्टी के बाहर भी बढ़ेगा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का कद, राहुल की बढ़ेगी स्वीकार्यता
3-गठबंधन के भविष्य पर आशंकाएं समाप्त होने के साथ अन्य दल भी शामिल होने को हो सकते हैं आतुर
4-पीएम मोदी का विकल्प कौन वाला प्रश्न चिह्न मिटाने के हो सकते हैं प्रयास
5-गठबंधन में सीट शेयरिंग में बढ़ सकती है कांग्रेस की बार्गेनिंग पावर
6-यदि कांग्रेस की सरकार बनती है तो अन्य राज्यों में बढ़ेगी कांग्रेस की मजबूती
7-विधानसभा की तर्ज पर गारंटी कार्यक्रमों को लोकसभा चुनाव में भी आजमाया जा सकता है

### बीआरएस की तय होगी दिशा

राष्ट्रीय राजनीति पर असर तेलंगाना के नतीजों का भी रहेगा। वहां सत्ता की हैट्रिक लगाने की कोशिश कर रहे बीआरएस के के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) %गैर कांग्रेस, गैर भाजपा% गठबंधन की बात करते रहे हैं। यदि वह सरकार नहीं बना पाए तो अपनी ये धारणा छोड़ एनडीए की तरफ आकृष्ट हो सकते हैं और चुनाव जीत गए तो अपनी पार्टी को राष्ट्रीय फलक पर फैलाने की उनकी कोशिशें तेज हो जाएंगी।

# प्लेटफॉर्म-आधारित गिग वर्कर्स के लिए नीति ढांचे पर एक राष्ट्रीय संवाद का आयोजन किया गया

आज मौर्य होटल में प्लेटफॉर्म-आधारित गिग वर्कर्स के लिए नीति ढांचे पर एक राष्ट्रीय संवाद का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय बैठक में गिग श्रमिकों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और कार्यकर्ताओं सहित लगभग 100 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। दिल्ली, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान और अन्य क्षेत्रों के गिग श्रमिक समुदायों के नेता चर्चा में शामिल हुए। बैठक का प्राथमिक उद्देश्य गिग श्रमिकों के सामने आने वाले मुद्दों और समस्याओं को उजागर करना और संभावित समाधानों पर चर्चा करना था।

प्लेटफ़ॉर्म-आधारित गिग श्रमिकों के आसपास की महत्वपूर्ण चिंताओं को संबोधित करने के लिए बुलाई गई एक ऐतिहासिक बैठक में, विशेषज्ञों, प्रतिनिधियों और स्वयं श्रमिकों के गठबंधन ने गिग में लगे लाखों लोगों के अधिकारों और कल्याण की रक्षा के लिए एक व्यापक नीति ढांचे की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया। अर्थव्यवस्था।




संवाद में प्रमुख आवाज़ों में से डॉ. एम. मुख्तार आलम ने भारत में गिग श्रमिकों की आश्चर्यजनक वृद्धि पर जोर दिया। गिग श्रमिकों के लिए एक समर्पित संगठन के माध्यम से किए गए एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण में 17 मिलियन श्रमिकों की वर्तमान संख्या का पता चला है, जिसमें 2030 तक 23 मिलियन की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। आलम ने विशेष रूप से गिग श्रमिकों की सुरक्षा के लिए तैयार की गई नीतियों को बनाने के लिए जी20 सदस्य देशों द्वारा की गई प्रतिबद्धताओं पर प्रकाश डाला। , राजस्थान में हालिया कानून और तेलंगाना और कर्नाटक में चल रही चर्चाओं की ओर इशारा करते हुए।

धर्मेंद्र कुमार ने अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य पर प्रकाश डाला, पटना के ऐतिहासिक महत्व की ओर ध्यान आकर्षित किया और भारत के लिए अधिक समावेशी सामाजिक मॉडल को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इंग्लैंड, जर्मनी, आयरलैंड, इटली, चिली, ग्रीस और यूके के वैश्विक उदाहरणों का हवाला देते हुए, कुमार ने गिग श्रमिकों के अधिकारों को मान्यता देने के लिए एक एकीकृत नीति ढांचे की अनिवार्यता पर जोर दिया, और सरकार से एक प्रस्तावित मॉडल अधिनियम को स्वीकार करने का आग्रह किया।

राजस्थान प्लेटफ़ॉर्म ऐप-आधारित वर्कर्स यूनियन के सदस्य आशीष सिंह ने गिग वर्क अर्थव्यवस्था में अंतर्दृष्टि साझा की, जिसमें प्लेटफ़ॉर्म कंपनियों द्वारा संचालित एकाधिकारवादी नियंत्रण को संतुलित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। सिंह ने राजस्थान विधेयक के सफल पारित होने पर प्रकाश डाला और गिग श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा लाभों को सुरक्षित करने के लिए एक समान राष्ट्रव्यापी दृष्टिकोण की वकालत की।

सलाह. विनोद शेट्टी ने आंतरिक मानवाधिकार पहलुओं के बारे में भावनाओं को दोहराते हुए प्रस्तावित कानूनों और बिलों को मानवीय चश्मे से देखने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने पिछले परिवर्तनकारी आंदोलनों के संघर्ष के समानांतर, शोषण के खिलाफ गिग श्रमिकों की गरिमा और अधिकारों की रक्षा करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

संवाद ने गिग श्रमिकों को अपनी चिंताओं को सीधे तौर पर व्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान किया। कई श्रमिकों ने कम कमाई और अपर्याप्त वेतन संरचना से लेकर सुरक्षा और लंबे काम के घंटों से संबंधित मुद्दों तक उनके सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बात की। उनके मार्मिक वृत्तांत गिग अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करने वाली अपर्याप्त नीतियों के मानवीय प्रभाव पर प्रकाश डालते हैं।

# पैनिक अटैक की समस्या से जूझ रहे बहुत से लोग

मऊ । (पीएमए) आजकल की भागदौड़ भरी ज़िंदगी में चिंता होना स्वाभाविक है। देखने को मिल रहा है की 100 में से लगभग 20 से 25 लोग किसी न किसी चिंता के कारण तनावपूर्ण जीवन जी रहे हैं या यूं कहें पैनिक अटैक,अथवा डिप्रेशन के शिकार हैं।पैनिक अटैक या डिप्रेशन के शिकार लोगों में महिलाओं का प्रतिशत ज्यादा है।इस सन्दर्भ में पूर्वांचल के बड़े चिकित्सक फातिमा हॉस्पिटल मऊ और मंगलम क्लिनिक मऊ पर अपनी अनुभव पूर्ण चिकित्सा से हजारों पुरुष महिलाओं को सामान्य जीवन की तरफ लौटाने वाले जाने माने चिकित्सक डॉक्टर मनोज यादव बताते हैं की प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी बात को लेकर चिंतित है, लेकिन यही चिंता अगर आम आदमी के मन में स्थायी रूप से घर बना ले तो वह बीमारी का रूप ले लेती है। कभी कभार होने वाली चिंता कोई बड़ी बात नहीं, लेकिन लगातार चिंता में घिरे रहना और उसके कारण बेचैनी महसूस करना खतरनाक हो सकता है।अत्यधिक चिंता व्यक्ति को पारिवारिक मेलजोल और अन्य सामाजिक स्थितियों से बचने के लिए प्रेरित कर सकती है और ऐसा करने से व्यक्ति की स्थिति और खराब हो सकती है। हालांकि सही समय पर इलाज मिल जाय तो प्रभावित व्यक्ति आसानी से सामान्य स्थिति में लौट सकता है ।डॉक्टर मनोज यादव बताते हैं की व्यक्ति को पसीना आना,सीने में दर्द महसूस होना, दिल की धड़कन तेज़ होना, सांस लेने में दिक्कत महसूस होना,आदि पैनिक अटैक के लक्षण हो सकते हैं। एक अन्य प्रश्न के जवाब में डॉक्टर मनोज यादव ने बताया की डर और बेचैनी,घबराहट होना,नींद ना आना,ठंडा पसीना आना,दिमाग का सुन्न पड़ जाना,हाथ या पैर में झुनझुनी होना, सामान्य से अधिक तेज और अधिक तेजी से सांस लेना,दिल घबराना,मुँह सूखना,जी मिचलाना,चक्कर आना आदि पैनिक अटैक,चिंता अथवा एंजायटी के सामान्य से लक्षण हैं।एंजायटी के कारण के संबंध में डॉक्टर यादव बताते हैं की वैसे तो चिंता या एंजायटी के बहुत से कारण हो सकते हैं।

## खरीफ व रबी मौसम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवम् पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना की कार्ययोजना जारी

वाराणसी। (पीएमए)शासन द्वारा वर्ष 2023-24, 2024-25 व 2025-26 के खरीफ व रबी मौसम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवम् पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना की कार्ययोजना जारी किया गया है। योजना को जनपद में संचालित करने हेतु एस0बी0आई0 जनरल इन्श्योरेन्स कम्पनी लि0 को नामित किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने बताया कि योजना के अन्तर्गत प्रतिकूल मौसमीय स्थितियों से अधिसूचित फसलों को क्षति होने की स्थिति में बीमित कृषकों को बीमा कवर/क्षतिपूर्ति प्रदान किया जाता है। जनपद में रबी मौसम हेतु अधिसूचित फसलें- गेंहू, चना, मटर, मसूर, आलू एवम् आम है। फसल की बुवाई न कर पाना/असफल बुवाई, फसल की मध्य अवस्था में क्षति, खड़ी फसलों को प्राकृतिक आपदाओं, रोगों, कीटों से क्षति, ओलावृष्टि, जलभराव, बादल फटना, भूस्खलन, बिजली गिरने से क्षति, फसल कटाई के उपरान्त आगामी 14 दिन की अवधि तक खेत में सुखाई हेतु रखी हुई फसल को ओलावृष्टि, चक्रवात, बेमौसम/चक्रवाती वर्षा से नुकसान की जोखिम को कवर किया गया है। यह योजना स्वैच्छिक आधार पर लागू किया गया है। यदि ऋणी कृषक योजना में शामिल नही होना चाहते है तो ऐसी स्थिति में अपने बैंक शाखा स्तर पर बीमा कराने की अन्तिम तिथि के 7 दिन पहले तक योजनान्तर्गत प्रतिभागिता नही करने के सम्बन्ध में लिखित रूप से अवगत कराना होगा। गैर ऋणी कृषक अपना पहचान पत्र, आधार कार्ड, फसल बुवाई का घोषणा पत्र, खतौनी की नकल, बैंक खाते का विवरण, आई0एफ0एस0सी0 कोड के साथ निकट के कामन सर्विस सेंटर अथवा बैंक शाखा से फसल पर देय प्रीमियम अंश को जमा करते हुए अपनी फसल का बीमा करा सकते है।

# केन्द्रीय विश्वविद्यालय , गया में वंदना श्रीवास्तव व प्रोफ़ेसर रवींद्र नाथ श्रीवास्तव 'परिचय दास' का व्याख्यान

दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्व विद्यालय, गया में प्रख्यात भोजपुरी चित्रकार वंदना श्रीवास्तव व जाने माने साहित्यकार व नव नालन्दा महाविहार सम विश्वविद्यालय, नालन्दा के हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रोफ़ेसर रवींद्र नाथ श्रीवास्तव परिचय दास का व्याख्यान आयोजित किया गया। आयोजन हिन्दी विभाग द्वारा था। प्रो. परिचय दास को केंद्रीय विश्वविद्यालय , गया के माननीय कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह द्वारा विश्वविद्यालय की हिन्दी व भारतीय भाषाओं की समिति का सदस्य नामित किया गया है।

अपने व्याख्यान में वन्दना श्रीवास्तव ने कहा कि भोजपुरी कला की निर्मिति ज्यामिति के आधार पर होती है। अनगढ़ से सुगढ़ होती प्रक्रिया कला को नया आयाम देती है। भोजपुरी कला अब बिहार, उत्तर प्रदेश व अन्य स्थलों पर नये रंग बोध के रूप में आ रही है।






कोहबर की भित्ति कला, चौका पूरने की कला आदि रूपों से होती हुई आज यह एक ओर लोक को छूती है, दूसरी ओर समकालीनता को। मिथिला कला से अलग इसने नयी ज़मीन पर नयी रंगत प्राप्त कर ली है जिसमें रोज़गार की भारी संभावनाएँ हैं।

ललित निबंधकार प्रो. रवींद्र नाथ श्रीवास्तव परिचय दास ने कहा कि ललित निबंध निबंध का सौष्ठव रूप है तथा गद्य की रमणीयता। ललित निबंध एक नयी क़िस्म की भाषा रचता है। गद्य के श्रेष्ठतम रूपों में एक है- ललित निबंध।

काका कालेलकर, दुर्गा भागवत, नवनीता देवसेन, श्रीकांत जोशी , हज़ारी प्रसाद द्विवेदी , कुबेर नाथ राय, विद्यानिवास मिश्र, विवेकी राय आदि ललित निबंधकारों के शिल्प प्रकृति की परिचय दास ने व्याख्या की। अपने ललित निबंधों के बारे में उन्होंने कहा - मेरे ललित निबंध परम्परा के साथ समकाल के प्रश्नों व बिम्बों को भी स्थापन व गति देते हैं ।

द. बि. केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया के हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर सुरेश चंद्र ने कहा कि साहित्य व संस्कृति के विविध विषयों पर विद्वान हिन्दी विभाग में अपने विचार रखें, ऐसा वातावरण निर्मित किया गया है। इससे छात्रों व आचार्यों -दोनों की ज्ञानवृद्धि होती है।

कार्यक्रम में डॉ. राम चंद्र रजक , डॉ. शान्ति भूषण, डॉ. कफ़ील अहमद आदि आचार्य व परास्नातक तथा शोधछात्र उपस्थित थे।

# उपभोक्ताओं के निकल रहे सरप्लस के बदले बिजली बिल में हो कटौती : उपभोक्ता परिषद

लखनऊ। (पीएमए) बिजली कंपनियां विद्युत नियामक आयोग में वार्षिक राजस्व आवश्यकता में भारी गैप दिखाकर आमदनी बढ़ाने के उपायों को आयोग पर छोड़ दिया है। बिजली कंपनियों ने बिजली बिल में बढ़ोत्तरी कराना चाहता है, जिस कारण वह उपभोक्ताओं के सरप्लस को नहीं दिखाया है। इसका विरोध करते हुए राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने विरोध करते हुए बिल में कटौती करने की मांग की है।

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियां हमेशा चोर दरवाजे से काम करना चाहती हैं। इस कारण उन्होंने बिजली बढ़ाने की स्पष्ट मांग न कर नियामक आयोग में अपने घाटे को दर्शाया है और आयोग से ही अपनी आमदनी बढ़ाने के उपायों के बार में आदेश करने को छोड़ दिया है। जब उपभोक्ताओं का सरप्लस निकल रहा है तो ऐसे में बिजली कंपनियां बिजली बिल कैसे बढ़ा सकती हैं। इस पर उपभोक्ता परिषद ने भी नियामक आयोग में एक वाद दाखिल कर दिया है।

बिजली कंपनियों द्वारा नियामक आयोग में दाखिल वार्षिक राजस्व आवश्यकता 11000 करोड़ बताया गया है। अवधेश कुमार वर्मा ने आयोग के सामने मुद्दा उठा दिया कि जब प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर 33122 करोड़ रुपये सरप्लस निकल रहा है और वह भी विद्युत नियामक आयोग ने निकाला है। ऐसे में उसके एवज में बिजली दरों में बढ़ोत्तरी का चोर दरवाजे प्रस्ताव दाखिल किया जाना अपने आप में चिंता का विषय है।

उपभोक्ता परिषद ने इससे संबंधित एक जनहित प्रस्ताव भी आयोग में दाखिल किया। परिषद ने कहा कि वास्तव में बिजली कंपनियों को यदि कानून की जानकारी है तो कानून के तहत 33122 करोड़ के एवज में दरों में कमी का प्रस्ताव दाखिल करना चाहिए था।

ऐसे में विद्युत नियामक आयोग तत्काल जनहित में निर्णय लेते हुए बिजली कंपनियों द्वारा दाखिल वार्षिक राजस्व आवश्यकता को बिजली कंपनियों को वापस करते हुए संशोधित प्रस्ताव मंगवाये, जिसमें उपभोक्ताओं के निकल रहे सर प्लस के एवज में दरों में कमी का प्रस्ताव दाखिल करने का निर्देश जारी करे।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा प्रदेश कि बिजली कंपनियां प्रदेश के उपभोक्ताओं को नादान समझती है।

### किसान की हत्या,कुख्यात हत्यारोपी पर 20 हजार का इनाम घोषित

बांदा। उत्तर प्रदेश की बांदा जिले की नगर कोतवाली क्षेत्र में हुई हत्या के एक कथित कुख्यात आरोपी की गिरफ्तारी हेतु शनिवार को 20 हजार का इनाम घोषित किया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर गवेन्द्र पाल गौतम ने पत्रकारों को बताया कि बांदा नगर की केन नदी राजघाट के तट पर निषाद बिरादरी के लोग प्रतिवर्ष सब्जी लगाने का कार्य करते हैं। जहां सब्जी लगाने की जगह को लेकर शुक्रवार को दो पक्षों में विवाद हुआ। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष एक दूसरे पर लाठी , डंडे और कुल्हाड़ी लेकर आक्रामक हो गए। द्विपक्षीय संघर्ष में एक पक्ष की ओर से 48 वर्षीय किसान चुनुबाद गंभीर रूप से घायल हो गया, जब कि दूसरे पक्ष से तीन व्यक्ति घायल हुए, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल में चुनुबाद की अत्यधिक खराब स्थिति को देखते हुए उसे तत्काल कानपुर के लिए रेफर गया।

# बूथ पर आने वाले मतदाताओं को जागरूक भी करें : जिलाधिकारी

गाजीपुर। (पीएमए) भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 एवं अर्हता तिथि 1-1-2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के अंतर्गत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में अहर्ता दिनांक 1-1- 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचन नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024, कार्यक्रम 27 अक्टूबर 2023 से 9 दिसंबर 2023 तक जनपद में चलाया जा रहा।

इसी क्रम जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा सामान्य निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का विधानसभा क्षेत्र जखनियॉ अंतर्गत तहसील जखनियॉ मे उच्च प्राथमिक विद्यालय मदरा जखनियॉ, प्राथमिक विद्यालय मदरा, उच्च प्राथमिक विद्यालय पद्दुमपुर जखनियॉ में बनाये गये बूथ का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। प्रा0 वि0 पद्दुमपुर में विद्यालय में बच्चो को शिक्षा की गुणवत्ता को देखा और स्वय बच्चो को पढ़वाकर परखा।

निरीक्षण के दौरान उन्होने बी0एल0ओ0 पर नाराजगी व्यक्ति करते हुए कड़े निर्देश दिया कि आयोग के निर्देशानुसर दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर 2023 तक है । जिसमे विशेष अभियान 2 दिसंबर, 3 दिसंबर को चलाया जाएगा।

जिसमें फार्म 6 में नाम जोड़े जाएंगे ,फार्म 7 में आपत्तियां (नाम काटे जाएंगे) प्रारूप 8 में नाम संशोधन किया जाएगा ।

## शार्ट न्यूज

### प्रदीप पाण्डेय चिंटू और नीलम गिरी पर फिल्माया गया फ़िदा का आइटम नम्बर .!



बनारस और आसपास के लोकेशन्स पर आजकल फ़िल्म फिदा की शूटिंग बड़े ही जोर शोर से जारी है, अभी कुछ दो तीन दिन पहले ही फ़िल्म का फाइट सीक्वेंस शूट किया गया था जिसमें बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय सिनेमा इंडस्ट्री के जाने माने फाइट मास्टर एस मल्लेश ने एक्शन मास्टर का काम किया था ।और अब इस फ़िल्म के गानों की शूटिंग की जा रही है ।बीती रात फ़िल्म के आइटम नम्बर की शूटिंग की गई जिसमें अभिनेता प्रदीप पाण्डेय चिंटू के साथ मे अभिनेत्री नीलम गिरी के ऊपर बेहद ही प्यारा आइटम नम्बर शूट किया गया ।इस गाने की कोरियोग्राफी सुप्रसिद्ध नृत्य निर्देशक कानू मुखर्जी ने किया है ।अभिनेत्री नीलम गिरी ने बताया कि यह एक बेहतरीन फ़िल्म बन रही है और हमारे ऊपर फिल्माया गया गाना भी बहुत जबरदस्त बना है ।चिंटू ने बेहद संजीदगी से इस फ़िल्म को निभाया है और आज जो गाना शूट हुआ उसमें कानू मुखर्जी ने बहुत बेहतरीन स्टेप के साथ हमलोगों को परफॉर्म कराया है ।कुल मिलाकर निर्देशक दिनकर कपूर एक बेहतरीन फ़िल्म का निर्देशन कर रहे हैं ।

### नवाबों की नगरी लखनऊ में आखिरी बार यश कुमार ने डिम्पल सिंह से कहा देखो मगर प्यार से



भोजपुरी फ़िल्म जगत के डायनेमिक स्टार यश कुमार की आगामी फिल्म देखो मगर प्यार से की शूटिंग कल उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ में पूरी हो गई । लगभग 1 महीने से लखनऊ और इसके आसपास चली शूटिंग में एक खूबसूरत त्रिकोणीय प्रेम सम्बन्धों पर आधारित फिल्म का रैप अप कल सुबह ही हो गया। यश कुमार इस फ़िल्म में श्रुति राव व डिम्पल सिंह के साथ त्रिकोणीय प्रेम सम्बन्धों में उलझे हुए नज़र आएंगे। वैसे भी आमतौर पर यश कुमार लीक से हटकर फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं तो अब देखना यही है कि इस फ़िल्म में वे किस प्रकार के त्रिकोणीय प्रेम सबन्धों को उजागर करने वाले हैं । आलम ब्रदर्स द्वारा बन रही भोजपुरी फ़िल्म देखो मगर प्यार से का पोस्ट प्रोडक्शन का काम जल्द ही मुम्बई में शुरू होने वाला है ।चूंकि फ़िल्म की पूरी शूटिंग उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ में हो रही थी , इसलिए इस फ़िल्म में नावबियत की झलक भी आपको बखूबी देखने को मिलेगी ।

### बाल विवाह तथा बाल श्रम के विरूद्ध जागरूकता एवं रेस्क्यू अभियान चलाया गया

आजमगढ़ । (पीएमए)मिशन शक्ति फेज-4 के अन्तर्गत आपरेशन मुक्ति के तहत 20 नवम्बर 2023 को बाल अधिकार दिवस से 10 दिसम्बर 2023 को मानव अधिकार दिवस के मध्य ए0एच0टी0यू0, श्रम विभाग के अधिकारी, महिला शक्ति केन्द्र की डीसी श्रीमती अन्नू सिंह एवं जन विकास संस्थान के हरिकेश द्वारा संयुक्त रूप से थाना जहानागंज क्षेत्र के अन्तर्गत जहानागंज बाजार में बाल विवाह तथा बाल श्रम के विरूद्ध जागरूकता एवं रेस्क्यू अभियान चलाया गया। जहानागंज बाजार में विभिन्न दुकानों पर कार्य कर रहे 09 बाल श्रमिकों को चिन्हित करते हुए श्रम विभाग के अधिकारी द्वारा दुकानदारों को नोटिस जारी की गयी। इसी के साथ ही जिला समन्वयक श्रीमती अन्नू सिंह ने स्पान्सरशिप योजना के बारे में बताया एवं कहा कि उक्त चिन्हित किये गये बाल श्रमिकों की रिपोर्ट श्रम विभाग से प्राप्त कर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के उपरान्त स्पान्सरशिप योजना से जोड़ा जायेगा।

### संपूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त 70 शिकायत में मात्र 5 का मौके पर निस्तारण

गाजीपुर। (पीएमए)जन समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील जखनियॉ में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमे 70 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए और मौके पर 05 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातों तहसीलो की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 336 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 29 शिकायत/प्रार्थना पत्रो का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में तहसील सैदपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 31 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 04 का मौके पर निस्तारण किया। तहसील जमानियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 22 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से 08 का मौके पर निस्तारण किया गया। सदर तहसील में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 58 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके 03 का निस्तारण किया गया। तहसील कासिमाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 49 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया।

### कृषि यन्त्र विवरण हेतु लाभार्थी चयन की पुरानी व्यवस्था समाप्त , नई लागू

गाजीपुर। (पीएमए) उप कृषि निदेशक ने जनपद के समस्त किसान बन्धुओं को सूचित किया है कि इस वित्तीय वर्ष से विभाग द्वारा पहले आओ पहले पाओ की व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है विभाग द्वारा अब निम्नवत् प्रक्रिया अपनायी गयी है। कृषि यन्त्र विवरण हेतु लाभार्थी चयन में ''पहले आया पहले पाया'' व्यवस्था को समाप्त करके प्राप्त बुकिंग मे से ई-लाटरी के माध्यम से लाभार्थी चयन व्यवस्था प्रारम्भ। कृषि यन्त्रीकरण समस्त योजनाओं (एन0एफ0एस0एम0, एस0एम0ए0एम0 एवं एन0एफ0एस0एम0 टी0बी0ओ0एस0) में कृषि यन्त्र/कृषि रक्षा उपकरण, कस्टम हायरिंग, थ्रेसिंग फ्लोर एवं स्माल गोदाम पर अनुदान प्राप्त करने हेतु आवेदन की बुकिंग दिनांक 30.11.2023 को मध्यान्ह 12.00 बजे से प्रारम्भ हो गयी है । इच्छुक लाभार्थी/कृषक द्वारा दिनांक 14.12.2023 रात्रि 12.00 बजे तक आवेदन की बुकिंग की जा सकती है। इच्छुक लाभार्थी/कृषक विभागीय दर्शन पोर्टलwww.agriculture.up.gov.in पर यन्त्र पर अनुदान हेतु आनलाइन आवेदन कर सकते है।

### संपूर्ण समाधान दिवस पर तहसील सदर में 104 शिकायतों में से 5 का हुआ तत्काल निस्तारण

मऊ । (पीएमए) जिलाधिकारी अरुण कुमार के नेतृत्व में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर में संपन्न हुआ। जनपद के अन्य तहसीलों में भी संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील सदर में संपन्न संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 104 शिकायतें आई, जिनमें से 5 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया एवं 3 शिकायतों के तत्काल निस्तारण हेतु मौके पर टीमों को भेजा गया। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक राजस्व विभाग के 52,पुलिस विभाग के 25,ग्राम्य विकास विभाग से 17 तथा शेष अन्य विभागों से संबंधित थे। संपूर्ण समाधान दिवस पर जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता रविंद्र पुत्र विश्वनाथ ग्राम देवकली बिशनपुर, विकासखंड कोपागंज द्वारा 2020 से राशन न मिलने, शिकायत करने पर राशन कार्ड से परिवार के सदस्यों का नाम काटने तथा इस संबंध में पूर्ति निरीक्षक शरद सिंह के समक्ष बार-बार शिकायत करने के बावजूद उसका निस्तारण न किए जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने पूर्ति निरीक्षक शरद सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए।